राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उतरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
YouTube Linked in
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

सुरत-गुजरात, संस्करण शनिवार,22अगस्त2020 वर्ष-3, अंक -206 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## मुफ्ती समेत सभी नेताओं की रिहाई के बाद जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक एजेंडे पर चर्चा करेंगे : अब्दुल्ला



**श्रीनगर ।**

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती समेत सभी नेताओं की रिहाई होने के बाद ही पार्टी जम्मू-कश्मीर से संबंधित राजनीतिक एजेंडे को लेकर चर्चा एवं समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा, की बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि चारों नेता आजाद थे। सभी नेताओं के रिहा होने के बाद ही हम राजनीतिक एजेंडे पर चर्चा एवं समीक्षा करेंगे। अब्दुल्ला बृहस्पतिवार को उनके आवास पर बुलाई गई बैठक में चार वरिष्ठ नेताओं के हिस्सा लेने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। इस बैठक में नेकां के महासचिव अली मोहम्मद सागर और पूर्व मंत्री मोहम्मद शफी उरी, अब्दुल रहीम राथर और नासिर असलम वानी ने हिस्सा लिया। नेका अध्यक्ष ने कहा कि वह आने वाले दिनों में अन्य दलों के नेताओं की भी इस तरह की बैठक बुलाएंगे। उन्होंने कहा कि वह पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती समेत केंद्र शासित प्रदेश के सभी नेताओं की रिहाई चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कुछ दिन पहले ही उच्च न्यायालय में पार्टी के उस दावे को खारिज कर दिया था कि इसके कई नेता अब भी गैर-कानूनी तरीके से अपने घरों में ही नजरबंद हैं। इसके मद्देनजर ही यह बैठक बुलाई गई थी। जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय को स्थानीय प्रशासन द्वारा यह सूचित किए जाने के बाद कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के 16 नेताओं में से कोई भी हिरासत में नहीं है, पार्टी ने बुधवार को वरिष्ठ नेताओं की आज की यह बैठक बुलाने का फैसला किया था। नेकां ने अदालत में दावा किया था कि उसके 16 नेताओं को गैर कानूनी तरीके से बंधक बनाया गया है। नेकां ने बुधवार को जारी बयान में कहा था कि पार्टी के विभिन्न नेताओं को गैर कानूनी नजरबंदी से मुक्त कराने के लिए पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जिसने सरकार के रुख पर संज्ञान लिया है। बयान में कहा, मामले में दाखिल जवाब के अध्ययन के दौरान पार्टी ने गौर किया कि सरकार ने उच्च न्यायालय में कहा कि कोई नेता हिरासत में नहीं है औरजरूरी सुरक्षा उपायों के साथ कहीं भी आने-जाने को स्वतंत्र है।

जरूरी सुरक्षा उपायों के साथ कहीं भी आने-जाने को स्वतंत्र है। पार्टी ने कहा, उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत सरकार के रुख पर भरोसा करते हुए कि पार्टी के सदस्य कहीं भी आने जाने के लिए मुक्त हैं, नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने अली मोहम्मद सागर, अब्दुल रहीम राथर, मोहम्मद सफी उरी और नासिर असलम वानी सहित पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों को 20 अगस्त 2020 को शाम पांच बजे अपने आवास पर आमंत्रित किया है। नेकां ने कहा था कि उसे उम्मीद है कि हिरासत में रखे गए पार्टी सदस्य वास्तव में आजाद हैं और निर्धारित दिन सफलापूर्वक बैठक होगी। गौरतलब है कि फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला ने 13 जुलाई को बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी और पार्टी के सदस्यों को रिहा कराने का अनुरोध किया था।

इसके जवाब में पिछले महीने अतिरिक्त महाधिवक्ता बशीर अहमद डार ने कहा कि याचिका का मकसद न केवल आश्चर्यचकित करने वाला बल्कि स्तब्ध करने वाला भी है क्योंकि न तो कोई कानूनी कार्यवाही चल रही है न ही अपेक्षित है। इसी तरह का जवाब कश्मीर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने भी अदालत में दाखिल किया था।

## कांग्रेस पर जमकर बरसे कमलनाथ के विश्वासपात्र रहे राममूर्ति

**जबलपुर।**

कांग्रेस का हाथ छोड़ बीजेपी का दामन थामने वाले कद्दावर नेता व महाकौशल में कमलनाथ के सबसे खास विश्वासपात्र रहे राममूर्ति मिश्रा ने बड़ा बयान दिया है। टॉक विद पंजाब केसरी में बात करते हुए राममूर्ति ने एक के बाद एक बड़े हमले करते हुए कांग्रेस की कमियां और बीजेपी को उभरती पार्टी के रुप में बताते हुए बीजेपी को नंबर वन पार्टी बताया। राममूर्ति ने पंजाब केसरी से बात करते हुए कहा कि कमलनाथ सिर्फ छिंदवाड़ा तक सीमित है और वे कभी जन नेता नहीं बन पाए। बीजेपी का संगठन अनुशासन प्रिय है इसलिए लगातार बीजेपी मजबूत हो रही है। कांग्रेस में नेतृत्व का संकट है। ऐसे जीत नहीं मिलती। उन्होंने दावा किया कि उपचुनाव में बीजेपी बड़ी जीत के साथ सरकार में रहेगी। कमलनाथ का कमजोर नेतृत्व अपने विधायकों को रोक नहीं सका। देश में प्रधानमंत्री और मध्य प्रदेश में शिवराज के नेतृत्व में बीजेपी नंबर वन रही है और रहेगी। मैं तो बीजेपी में अभी बच्चा हूं, लगातार सीख रहा हूं। आपको बता दें कि 2018 में वरिष्ठ बीजेपी नेता राममूर्ति मिश्रा ने कांग्रेस छोड़ दी थी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें बीजेपी ज्वाइन कराई थी। कांग्रेस पार्टी में उपेक्षा से नाराज होकर उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। वे अब बीजेपी में रहकर लगातार कांग्रेस पर हमले कर रहे हैं।



## निष्पक्ष सुनवाई के लिए भारतीय वकील रखे कुलभूषण का पक्ष : विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि कुलभूषण जाधव मामले में निष्पक्ष और मुक्त सुनवाई के लिए उनका पक्ष भारतीय वकील द्वारा रखा जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने आज यहां कहा , '' हम राजनयिक माध्यम से पाकिस्तान के संपर्क में हैं। हमारा मानना है कि कुलभूषण जाधव मामले में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के निर्णय के अनुरूप मुक्त और निष्पक्ष सुनवाई के लिए जाधव का पक्ष भारतीय वकील द्वारा रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा , '' यह जरूरी है कि पाकिस्तान मुख्य मुद्दों का समाधान करे जिनमें संबंधित दस्तावेजों का प्रावधान और जाधव को बाधा रहित राजनियक पहुंच उपलब्ध कराना शामिल है। सेवा निवृत नौसेना अधिकारी श्री जाधव को पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने जासूसी और आतंकवाद के आरोप में अप्रैल 2017 में सजा ए मौत सुनाई थी।भारत ने इस मामले को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में उठाया था जहां न्यायालय ने पाकिस्तान से कहा था कि वह जाधव को सुनाई सजा की समीक्षा करे और उसे राजनयिक पहुंच उपलब्ध कराई जाए। भारत ने इस मामले को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में उठाया था जहां न्यायालय ने पाकिस्तान से कहा था कि वह जाधव को सुनाई सजा की समीक्षा करे और उसे राजनयिक पहुंच उपलब्ध कराई जाए।

## कोरोना वैक्सीन को लेकर अच्छी खबर, स्वास्थ्य मंत्री ने तैयारी से लेकर ट्रायल तक की दी पूरी जानकारी

**नेशनल डेस्क।** कोरोना के बढ़ते आतंक को खत्म करने के लिए कोरोना वैक्सीन ही आखिरी उम्मीद है, ऐसे में दुनिया भर की नजर उस पर टिकी हुई है। चीन, रूस, अमेरिका जैसे देशों के साथ साथ भारत भी बढ़े स्तर पर वैक्सीन को तैयार कर रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने भी दावा किया है कि साल के आखिरी तक यह उपलब्ध हो जाएगी। अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में हर्षवर्धन ने कहा कि वैक्सीन को लेकर तेजी से काम हो रहा है। ऐसी उम्मीद है कि इस साल के आखिर तक ट्रायल खत्म हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया पहले से ही ऑक सफर्ड यूनिवर्सिटी की वैक सीन का उत पादन कर रहा है ताकि बाजार तक उसके पहुंचने का समय कम किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब वैक्सीन एकदम सही रूप से तैयार हो जाएगी तब सबसे पहले 65 वर्ष से ज्यादा उम्र के व्यक्तियों पर ट्रायल किया जाएगा। इसके साथ ही हर्षवर्धन ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों, जो लोग या कार्यकर्ता कोरोना महामारी के खिलाफ कामों में जुटे हुए हैं उन्हें वैक्सीन की प्राथमिकता दी जाएगी। उ न्होंने कहा कि हम 2021 की पहली तिमाही में वैक सीन इस् तेमाल करने के लिए तैयार हो सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने हाल हीं में बताया था कि देश में तीन वैक्सीन विकसित हो रहे हैं जिनमें से एक वैक्सीन के लिए मानव परीक्षण जल्द शुरु हो जायेगा और शेष दो वैक्सीन के लिए मानव परीक्षण पहले और दूसरे चरण में हैं। वैक्सीन के विकसित करने की दिशा में अच्छा काम हो रहा है। तीनों वैक्सीन को सही तरीके से विकसित की जा रही है।

### संक्षिप्त समाचार



## सिद्धिविनायक ट्रस्ट से महाराष्ट्र सरकार को पैसा देने पर रोक लगाने से हाईकोर्ट का इनकार

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुंबई के सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट से महाराष्ट्र सरकार को कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई और गरीबों के लिए सब्सिडी वाले भोजन के लिए राज्य की शिव भोजन योजना के लिए पैसा देने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हाई कोर्ट में लीला रंगा ने अपनी याचिका में कहा कि ट्रस्ट के कामकाज को नियंत्रित करने वाले श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट (प्रभादेवी) अधिनियम, 1980 के प्रावधानों के तहत फंड का ट्रांसफर अवैध है। रंगा के वकील प्रदीप संचेती ने कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई और शिव भोजन योजना के लिए 5-5 करोड़ रुपये दिए गए हैं। वकील प्रदीप संचेती ने अधिनियम की धारा 18 का हवाला दिया और कहा कि ट्रस्ट के धन का उपयोग मंदिर के रखरखाव, प्रबंधन और प्रशासन के लिए किया जा सकता है। श्रद्धालुओं के लिए रेस्टहाउस, ट्रस्ट की संपत्तियों और शैक्षणिक संस्थानों, स्कूलों, अस्पतालों या डिस्पेंसरी के रखरखाव के लिए पैसे के इस्तेमाल की अनुमति है। वकील प्रदीप संचेती ने कहा कि कानून सरकार को ट्रस्ट के फंड के ट्रांसफर की अनुमति नहीं देता है। उन्होंने कहा कि फंड ट्रांसफर का प्रस्ताव सरकार द्वारा आया है, ट्रस्ट द्वारा नहीं। उन्होंने मांग की कि फंड ट्रांसफर को रोकने के लिए अंतरिम आदेश दिया जाए।

## कानपुर: गायब बेटी को ढूंढते रहे परिजन, शालिनी यादव से फिजा फातिमा बनी युवती

**कानपुर।** क्राइम को लेकर पिछले कई महीनों से मीडिया की सुर्खियों में रहने वाला उत्तर प्रदेश का कानपुर जिला एक बार फिर चर्चा में है। लेकिन इस बार मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। यहां शालिनी यादव नाम की युवती ने धर्म परिवर्तन के बाद मोहम् मद फैजल नाम के शख्स से निकाह कर लिया है। शालिनी यादव से फिजा फातिमा बनी युवती ने वीडियो वायरल कर घरवालों से जान को खतरा बताकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। लड़की के घरवालों ने इसे लव जिहाद का मामला बताया है। उनका आरोप है कि मुस्लिम युवक बहला-फुसलाकर शालिनी को अपने साथ ले गया। इसके बाद धर्मांतरण कराकर उसके साथ निकाह कर लिया। परिजनों ने इसके पीछे लव जिहादी गैंग का हाथ बताया है, जो बहला-फुसलाकर हिंदू लड़कियों को अपने प्रेम जाल में फंसाता है। परिजनों का कहना है कि इस गैंग के 5 लोगों ने हाल ही में 5 हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण कराकर उनके साथ निकाह किया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला किया दर्ज लड़की के परिजनों की तहरीर पर कानपुर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 364, 360, 120-क्क और 511 में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कानपुर के बर्रा 6 इलाके की रहने वाली 22 वर्षीय शालिनी यादव 29 जून को पेपर देने के लिए लखनऊ के लिए निकली थी जो कि अचानक से लापता हो गई। परेशान परिजनों ने खोजने की खूब कोशिश की लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद लड़की के भाई 8 अगस्त को शालिनी ने फेसबुक पर वीडियो अपलोड करके बताया कि उसने लाल कालोनी के रहने वाले मोहम्मद फैजल से शादी कर ली है ।

## भारत और चीन मौजूदा समझौतों के अनुसार मुद्दे सुलझाने पर सहमत: विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली।**

पूर्वी लद्दाख में पिछले तीन महीने से चले आ रहे गतिरोध के बीच भारत और चीन ने सभी लंबित मुद्दों के 'तेजी से समाधान पर सहमति व्यक्त की है। भारत और चीन के बीच सीमा मामलों से संबंधित सलाह और समन्वय कार्यकारी तंत्र की आज बैठक हुई जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के व्यापक विकास के लिए सीमा और समन्वय कार्यकारी तंत्र की आज बैठक हुई जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के व्यापक विकास के लिए सीमा क्षेत्रों में शांति की बहाली पर सहमति बनी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने मंत्रालय की साप्ताहिक वर्चुअल ब्रीफिंग में कहा, ''भारत -चीन सीमा क्षेत्र में मौजूदा स्थिति पर दोनों पक्षों ने स्पष्ट और विस्तार से विचारों का आदान प्रदान किया। श्रीवास्तव ने दोहराया कि दोनों देश उनके विदेश मंत्रियों और दो विशेष प्रतिनिधियों के बीच हुए समझौते के अनुरूप पश्चिमी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों को पूरी तरह से पीछे हटाने के बारे में ईमानदारी से काम करेंगे।

दोनों पक्षों ने इस बात पर भी सहमति जतायी कि सैनिकों की पूरी तरह से वापसी सुनिश्चित करने के लिए उनके बीच राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से संपर्क बनाये रखना जरूरी है। उन्होंने कार्यकारी तंत्र सहित बातचीत के अन्य चैनलों को भी सक्रिय रखने पर सहमति व्यक्त की। सक्रिय रखने पर सहमति व्यक्त की। वापसी सुनिश्चित करने के लिए उनके बीच राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से संपर्क बनाये रखना जरूरी है। उन्होंने कार्यकारी तंत्र सहित बातचीत के अन्य चैनलों को भी सक्रिय रखने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्व एशिया) ने भारत का प्रतिनिधित्व किया जबकि चीन के विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागरीय विभाग के महानिदेशक ने चीन का प्रतिनिधित्व किया। कार्यकारी तंत्र की बैठक ऐसे समय में हुई है जब दोनों देशों के कोर कमांडरों की बैठक में पूर्वी लद्दाख में गतिरोध दूर करने पर सहमति नहीं बन सकी।

गत मई के बाद से दोनों पक्षों के बीच राजनयिक स्तर पर यह पांचवीं बैठक थी। कोर कमांडरों के बीच भी पांच दौर की बात हो चुकी है लेकिन अभी तक गतिरोध दूर करने में सफलता नहीं मिली है।

## राहुल गांधी का मोदी सरकार पर हमला, कहा- कोरोना से पहले ही बुरे हाल में थी अर्थव्यवस्था

**नेशनल डेस्क।**

कोरोना के लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर मोदी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि संगठित और असंगठित अर्थव्यवस्था के कोरोनावायरस के पहले से ही काफी बुरे हाल हैं। राहुल गांधी ने एक वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा, स्व. राजीव गाँधी जी की जयंती पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कार्यक्रम के दौरान मेरे संबोधन के कुछ अंश. संगठित और असंगठित अर्थव्यवस्था का 9 के पहले से ही काफ़ी बुरे हाल है। जब तक पैसा सीधे-सीधे किसानों, मज़दूरों और स्र्स्र्ष्ठ्य को नहीं दिया जाएगा, स्थिति में सुधार नहीं हो सकता। इससे पहले भी राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा था कि केंद्र सरकार ने देश में असंगठित अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने का काम किया है, इसलिए आने वाले समय में लोगों को बड़ी संख्या में बेरोजगारी का सामना करना पड़ेगा। गांधी ने राज्य के 22 जिला मुख्यालयों में बनाए जा रहे कांग्रेस कार्यालय 'राजीव भवन के शिलान्यास कार्यक्रम को वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से संबोधित किया। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर हुए इस कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा, ''हिंदुस्तान में दो तरह की अर्थव्यवस्था है। एक संगठित अर्थव्यवस्था जिसमें बड़ी-बड़ी कंपनियां शामिल हैं। दूसरी असंगठित अर्थव्यवस्था जिसमें किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार, छोटे-मझोले उद्योग और लाखों, करोड़ों गरीब लोग हैं। जहां भी कांग्रेस की सरकार होती है हम इन दोनों अर्थव्यवस्थाओं में संतुलन बनाने का काम करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमने केंद्र सरकार से कहा था कि छोटे दुकानदारों और छोटे उद्योगों को पैसा दीजिए। यदि इन्हें पैसा नहीं दिया गया तब हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था नहीं बचेगी। लेकिन नरेंद्र मोदी ने इन्हें पैसा नहीं दिया और लाखों करोड़ों रुपये वही 15-20 लोगों को दिया गया। राहुल गांधी ने कहा कि देश में 90 फीसदी रोजगार असंगठित अर्थव्यवस्था से आते हैं। इस सिस्टम को नरेंद्र मोदी ने खत्म कर दिया है। नरेंद्र मोदी ने खत्म कर दिया है। जब विश्व की अर्थव्यवस्था गिरेगी तब एक के बाद एक कंपनियां गिरेंगी तथा छोटे-मझोले उद्योग और किसान पूरी तरह से बर्बाद हो जाएंगे। यह देश युवाओं को रोजगार नहीं दे पाएगा। यह देश में पहली बार होगा।



## कोरोना का कहर: पश्चिम बंगाल में लागू सख्त लॉकडाउन से जन-जीवन प्रभावित



**कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लगाए गए सप्ताह में दो दिन के पूर्ण लॉकडाउन की वजह से शुक्रवार को भी जन-जीवन प्रभावित रहा। इसके अलावा दक्षिण बंगाल के अधिकतर इलाकों में कल रात से ही हो रही मूसलाधार बारिश के कारण भी लोग अपने घरों में बंद रहे। पूर्ण लॉकडाउन के कारण सभी सार्वजनिक परिवहन, सरकारी और निजी कार्यालय, बैंक और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहां कोलकाता अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से विमान सेवाएं निलंबित हैं और लंबी दूरी की ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है। दवा और दूध की दुकानें और पेट्रोल पम्प खुले हैं। पूर्ण लॉकडाउन को सख्ती से लागू करने के लिए कोलकाता और अन्य जिलों में प्रमुख चौराहों पर पुलिस कर्मी तैनात हैं। इसके बाद भी कैनिंग, कूच बिहार, मालदा और दुर्गापुर में लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करते हुए कुछ दुकानें खुली मिलीं। जिले के कुछ कस्बों में पुलिकर्मी पूर्ण लॉकडाउन में बाहर घूमते वाहनों के दस्तावेज की जांच करते नजर आए। लॉकडाउन दिशानिर्देशों के उल्लंघन के आरोप में राज्य भर में कुल 2,687 लोगों को गिरफ्तार किया गया, दिशानिर्देशों के उल्लंघन के आरोप में राज्य भर में कुल 2,687 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 541 कोलकाता से थे।

पश्चिम बंगाल में 23 जुलाई, 25 जुलाई, 29जुलाई, पांच अगस्त और आठ अगस्त को पूर्ण लॉकडाउन लागू किया गया था। आगामी 27 और 31 अगस्त को भी राज्य में पूर्ण लॉकडाउन रहेगा। पश्चिम बंगाल में बृहस्पतिवार तक कोविड-19 के 1,29,119 मामले सामने आ चुके थे, जिनमें से 2,634 लोगों की जान जा चुकी है।

## मेंढर में सूमो पलटी, आठ लोग घायल, दो हालत की गंभीर

**मेंढर ।** जिला पूँछ के सबडिवीजन मेंढर में एक टाटा सूमो पलटने से कम से कम आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से दो को गंभीर रूप से चोटे आई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गांव बेरा से मेंढर आ रही एक टाटा सूमो (छ्वय02क्क-5463) मोहल्ला बरवाला में एक दुर्घटना ग्रस्त हो गई जिसमें आठ व्यक्ति घायल हो गए। उनमें से सात लोगों की पहचान मुगल अहमद, रजा मोहम्मद, मोहम्मद अयूब, वजीर मोहम्मद, मजार हयात, मोहम्मद सगीर और माजिद अली के रूप में की गई है, जो बेहरा के निवासी हैं। हादसे के तुरंत बाद एसएचओ मेंढर मंजूर कोहली पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एसडीएच मेंढर में शिफ्ट किया। परवेज अहमद खान ने पुष्टि की कि आठ घायलों को उप जिला अस्पताल लाया गया। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को सरकारी मेडिकल कॉलेज राजौरी रेफर किया गया है,।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## स्वच्छता की ओर

साफ-सफाई के मामले में देश भर के शहरों की प्रतियोगिता साल-दर- साल दिलचस्प होती जा रही है, तो यह खुशी और स्वागतयोग्य बात है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के परिणामों की गुरुवार को हुई घोषणा में फिर इंदौर पहले स्थान पर रहते हुए दूसरे तमाम शहरों के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। सूरत और नवी मुंबई का दूसरे और तीसरे स्थान पर रहना भी इन शहरों की निरंतर मेहनत, लगन को सामने रखता है। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी स्वच्छता सूचियां पूरे देश के लिए कागज मात्र नहीं हैं, बल्कि व्यावहारिक महत्व रखती हैं। स्वच्छता विकास की एक महत्वपूर्ण बुनियाद होती है और गांधीजी की याद में शुरू किया गया यह अभियान अब बहुत आगे बढ़ चुका है। इस अभियान के तहत जिन 129 शहरों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, उनसे देश के तमाम शहरों को राह दिखेगी। दुनिया के इस सबसे बड़े स्वच्छता सर्वेक्षण में 4,242 शहरों, 62 छावनी बोर्डों और 92 गंगा के समीप बसे छोटे-बड़े शहरों की रैंकिंग आमतौर पर ऑनलाइन सर्वेक्षण के माध्यम से तैयार की गई है। इस सर्वेक्षण की परंपरा से पहले हमारे शहर स्वच्छता का सिर्फ दावा किया करते थे, लेकिन अब उनकी स्वच्छता का फैसला ठोस पैमानों पर किया जाने लगा है। इस सर्वेक्षण की रोशनी में उत्तर भारत के शहरों को देखना सबसे ज्यादा जरूरी है, क्योंकि इन शहरों में आबादी का दबाव सर्वाधिक है। इन शहरों को अपनी ऐतिहासिक चमक बरकरार रखने के लिए सफाई की सर्वाधिक जरूरत है। दस लाख से ज्यादा आबादी वाले स्वच्छ शहरों में लखनऊ 12वें स्थान पर है। इसके बाद आगरा (16), गाजियाबाद (19), प्रयागराज (20), कानपुर (25) इत्यादि का स्थान है। झारखंड में रांची 30वें और धनबाद 33वें स्थान के साथ अपेक्षाकृत पीछे हैं। हालांकि 10 लाख से कम आबादी वाले शहरों में जमशेदपुर सातवें स्थान के साथ पूरे उत्तर भारत के लिए एक मिसाल है। झारखंड में विशेष रूप से रांची को स्वच्छता के मामले में आगे आना चाहिए, पर सबसे निराश करने वाली स्थिति पटना की है। पटना दस लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में सफाई के मामले में सबसे नीचे है। इंदौर से अगर पटना की तुलना करें, तो जहां इंदौर को 5,647.56 अंक मिले हैं, वहीं पटना को महज 1,542 अंक। गंगा के करीब बसे शहरों की जो रैंकिंग की गई है, उसमें भी पटना 32वें स्थान पर है। पटना में विगत वर्षों में सुधार हुआ है, पर जिस युद्ध स्तर पर यह शहर सफाई की मांग कर रहा है, उसमें हम पिछड़ रहे हैं। बहरहाल, बनारस से आशा जग रही है, क्योंकि दस लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में जहां उसकी रैंकिंग 27वीं है, वहीं गंगा तट पर बसे शहरों में वह सबसे स्वच्छ शहर है। प्रधानमंत्री का चुनाव क्षेत्र होना और विगत वर्षों में बनारस में सफाई पर ध्यान देने से फर्क दिखने लगा है। सफाई की वैसी ही चौकस व्यवस्था हर जगह होनी चाहिए, ताकि गंगा के किनारे के साफ शहरों में बहुत नीचे आए गाजीपुर जैसे क्षेत्रों की भी किस्मत बदले। जो शहर पिछड़ गए हैं, उन्हें आगे निकल चुके शहरों से सीखना होगा। पिछड़ते शहरों के निकायों और उनकी सरकारों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। जरूरी है कि यह सर्वेक्षण फाइलों की नहीं, देश की शोभा बढ़ाने का माध्यम बने और उससे भी जरूरी है, लोगों में अपने शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रतिस्पर्द्धा का भाव आए।



## आज के ट्वीट

### कोरेन्टीन

तुर्की से आया था 'अमीर खान' उसे कोरेन्टीन होना चाहिए था महाराष्ट्र सरकार क्यों नहीं किया अमीर खान सीधा घर जबकि बिहार पुलिस को कोरेन्टीन किया गया..!!

--अर्णव गोस्वामी

# सऊदी से दरकते रिश्तों को बचाने की जुगत

पुष्परंजन



कुछ हफ्तों बाद इमरान ख़ान ने चुप्पी तोड़ी है। 19 अगस्त को पाक पीएम बोले कि सऊदी अरब से हमारे रिश्ते ख़राब होने की जो हवाबाज़ी चल रही है, उसमें दम नहीं है। हमारे संबंध दुरुस्त हैं। प्रधानमंत्री इमरान ख़ान ने दुनिया न्यूज़ को दिये एक इंटरव्यू में यह बात कही। संभवतः वह अपने आर्मी चीफ के एक दिवसीय सऊदी यात्रा के नतीज़ों की प्रतीक्षा कर रहे थे। पाक सेना प्रमुख जनरल क़मर जावेद बाजवा सोमवार को रियाद गये थे। आईएसपीआर के डीजी मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार ने बताया कि इस विवाद से पहले सेना प्रमुख का समय तय हो चुका था। सैन्य मामलों पर ही बातचीत करनी थी। मगर, मीडिया उस मुलाक़ात का मयार समझ रहा था, कि तू मुझसे ख़फा है तो मनाने के लिए आ। पाकिस्तान की नई मुश्किलें विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की वजह से पैदा हुई हैं। कश्मीर इश्यू पर सऊदी अरब का पीछे हट जाना पाक के कष्ट का कारण है। कुरैशी दरअसल, 57 सदस्यीय ओआईसी में कौंसिल ऑफ फॉरेन मिनिस्टर्स (सीएफएम) की बैठक कश्मीर पर आहूत करना चाहते थे, मगर सऊदी अरब इसके पक्ष में नहीं था। कुरैशी कुछ महीनों सुषुप्त ज्वालामुखी की तरह बैठे थे, फिर अचानक से फट पड़े। 5 अगस्त, 2020 को पाक विदेशमंत्री कुरैशी ने एआरवाई न्यूज़ से कहा था, 'यदि सऊदी अरब कश्मीर के इश्यू को ओआईसी के मंच पर नहीं उठाने दे रहा, तो मैं पीएम इमरान ख़ान से कहूंगा कि वो इस्लामिक राष्ट्रों के इस संगठन की बैठक आहूत करें। वो हमारे साथ खड़े होने को तैयार है।' शाह महमूद कुरैशी के बयान से सऊदी अरब हैरान कि हमारी ही बिल्ली हमीं को म्याऊं किसके दम पर कर रही है? यह रियाद में बैठे सऊदी कूटनीतिक पीठ पीछे ताक़तों को भी भली-भांति समझ रहे थे। 27 मई, 2020 को जेरूसलम पोस्ट ने ओआईसी के अंदर सऊदी अरब के विरुद्ध बन रही एक नई धुरी की चर्चा की थी। इसमें तुर्की, मलेशिया, बांग्लादेश, ईरान, अफग़ानिस्तान को जोड़ने के वास्ते पाक विदेशमंत्री शाह महमूद कुरैशी ने सबसे अधिक सक्रियता दिखाई है। जेरूसलम पोस्ट ने जानकारी दी कि इस इलाके में एक नया नेक्सस तैयार हो रहा है, जिसे एकजुट करने के वास्ते पाकिस्तान सक्रिय है। इस्राइली अखबार के अनुसार, 'सितंबर, 2019 में न्यूयार्क में कुरैशी ने मलेशिया और तुर्की के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक कर इसका खाका तैयार किया था।' पाक विदेशमंत्री 5 अगस्त, 2019 से ही सऊदी अरब की कश्मीर पर चुप्पी को लेकर खुन्नस में हैं। शाह महमूद कुरैशी थिंक टैंक के स्तर पर इस नेक्सस को मज़बूती दे रहे हैं, उसका उदाहरण इस्लामाबाद पॉलिसी इंस्टीच्यूट द्वारा 17 अगस्त, 2020 को आहूत वेबिनार है। इस वेबिनार में कश्मीर, चीन, ईरान, तुर्की, बांग्लादेश और नेपाल से वेब द्वारा जुड़े थिंक टैंक के रणनीतिकारों को पाक विदेश मंत्री बता रहे थे कि उत्तरी आयरलैंड में जैसा हुआ, उसी आधार पर हम अपनी रणनीति कश्मीर को लेकर बनाएंगे। शाह महमूद कुरैशी के साथ एक दूसरी दिक्क़त घरेलू राजनीति में भी है। उनके अंदर का पीएम मैटेरियल कई बार परवान चढ़ता है, जिसे लेकर इमरान ख़ान हमेशा चौकन्ने रहते हैं। नौ साल पहले 27 नवंबर, 2011 को द एक्सप्रेस ट्रिब्यून में एक ख़बर छपी थी कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी गठबंधन को मिलाकर जो सरकार बनने वाली है, उसके 'पोटेंशियल प्राइम मिनिस्टर' शाह महमूद कुरैशी हैं। मगर, होनी को कुछ और मंजूर था। पीएम बन गये यूसुफ रज़ा गिलानी और विदेश मंत्री के पद से शाह महमूद कुरैशी को संतोष कर लेना पड़ा। परोसी थाली न पाने का यह सिलसिला इमरान ख़ान तक जारी है। शाह महमूद कुरैशी की जड़ें मुलतान में उनके पिता के ज़माने से मज़बूत हैं। वो सीनेट के मेंबर रह चुके थे। सुहरावर्दी सूफी मतावलंबियों पर उनके ख़ानदान की पकड़ है। इमरान ख़ान की पार्टी पीटीआई में शाह महमूद कुरैशी दूसरे नंबर पर हैं। ऐसी शख्सियत का विदेश मंत्री पद से हटाया जाना नामुमकिन-सा ही लगता है। मगर, सऊदी अरब के विरुद्ध बयानबाज़ी के हवाले से इमरान कैबिनेट की मानवाधिकार मंत्री डॉ. शिरीन मज़ारी ने शाह महमूद कुरैशी को काफी भला-बुरा कहा है। डॉ. शिरीन मज़ारी ने कहा कि बुरकिना फासो से भी गई गुज़री हमारी विदेश नीति है। बुरकिना फासो यूएन में अमेरिका के विरुद्ध प्रस्ताव लाने में कामयाब रहा था, हमारे कुरैशी साहब तो कश्मीर पर इतने गोते खाने लगे कि सऊदी अरब से संबंध बिगाड़ बैठे। एक बात है, कुरैशी की मुंहजोरी की वजह से पाकिस्तान कंगाली में आटा गीला वाली हालत से गुज़रने लगा है। उस पर सऊदी अरब का तीन अरब डॉलर का क़र्ज है, जो कैश रिजर्व की शक्ल में है। रियाद की तरफ से चिट्ठी आई है कि पाकिस्तान कम से कम एक अरब डॉलर चुकता करे। यह चिट्ठी केवल उसे उसकी औकात दिलाने के वास्ते भेजी गई है। पाकिस्तान को सालाना 3.2 अरब डॉलर की तेल व गैस की सप्लाई होती रही है, जिसका हिसाब-किताब दुरुस्त नहीं होने की वजह से जुलाई के बाद समझौते का नवीकरण नहीं किया गया है। डॉ. शिरीन मज़ारी ने इन सारे सवालों को उठाया है, और इसका सारा ठीकरा विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी पर फोड़ा है। सऊदी अरब के रणनीतिकार समझ चुके हैं कि शाह महमूद कुरैशी कश्मीर के नाम पर किस तरह पाकिस्तान में अपनी छवि मज़बूत कर रहे हैं। इससे शायद उन्हें इमरान ख़ान से भी मज़बूत नेता मान लिया जाए। शाह महमूद कुरैशी की वानर लीला पाकिस्तान की सरहदों तक सीमित रहती, तो सऊदी अरब के लिए चिंता का विषय नहीं था। यहां तो रियाद के खिलाफ खेल 57 सदस्यीय ओआईसी में हो रहा है। वह भी कश्मीर के नाम पर। शिन्चियांग में उईगुर मुसलमानों पर हुए सितम को लेकर एक बार भी चीन के विरुद्ध नहीं बोलने वाले पाकिस्तान की नीयत को सऊदी अरब भी बख़ूबी समझता है। पाकिस्तान, आर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) में एक नया पावर सेंटर का सृजन तुर्की, मलेशिया, ईरान, बांग्लादेश और अफग़ानिस्तान के सहयोग से चाहता है, यह बात मिडिल ईस्ट के कूटनीतिक गलियारों में लोगों की समझ में आ रही है। सऊदी अरब के लाइन ऑफ एक्शन से स्पष्ट है कि उसकी कूटनीति की प्राथमिकता व्यापार है। एक तरफ़ क़र्ज़ से लदा पाकिस्तान है, दूसरी ओर चीन, अमेरिका, जापान के बाद चौथा ट्रेडिंग पार्टनर भारत है। सऊदी अरब का भारत से सालाना व्यापार 33.7 अरब डॉलर का है। 18 फीसद क्रूड ऑयल और 30 प्रतिशत एलपीजी का खरीदार देश भारत के खिलाफ क्यों जाए सऊदी अरब?

लेखक ईयू-एशिया न्यूज़ के नई दिल्ली संपादक हैं।

## ज्ञान गंगा

### स्वार्थ

जग्गी वासुदेव

इस दुनिया में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे निःस्वार्थ कहा जा सके। हर चीज अपने खुद के मतलब के लिए ही होती है, हर कोई स्वार्थी ही है। दूसरा कुछ भी नहीं है। आपके विचार और आपकी भावनाएं मूल ढंग से आपके अंदर से हैं, तो वे स्वार्थी ही हैं। सवाल सिर्फ यह है कि अपने स्वार्थ के बारे में आप कंजूस हैं, या उदार? क्या आपका स्वार्थीपन सिर्फ उनके लिए है जो किसी तरह से आपके शरीर के साथ जुड़े हैं-वे आपके पति या पत्नी हैं, या बच्चे, या माता-पिता या भाई-बहन, या दूसरे शब्दों में, आपके परिवार से हैं? या फिर, आपका स्वार्थीपन ज्यादा बड़ा है-जो सारी मानवता को, हरेक प्राणी को भी शामिल कर लेता है? यह स्वार्थी होने का सवाल नहीं है, यह तो कंजूस होने की बात है। आप जानते हैं, इसका मतलब है कम-जूस या कम-रस होना! आप में पर्याप्त रस नहीं है जिससे आप अपने चारों ओर के जीवन के लिए कुछ महसूस कर सकें। आप अपने जीवन में बस थोड़े से लोगों के लिए ही कुछ महसूस करते हैं। जब बात शारीरिक या आर्थिक पहलुओं की आती है, तो यह ठीक है कि आप कुछ ही लोगों की संभाल कर सकते हैं। पर जब बात विचारों और भावनाओं की हो तो कहीं कोई कमी नहीं है। आप ब्रह्मांड के हर जीव के हमदर्द हो सकते हैं, और उससे सहानुभूति रख सकते हैं। समस्या यह है कि आपमें पर्याप्त रस, पर्याप्त जीवन नहीं है। अगर आपमें काफी ज्यादा मात्रा में जीवन हो तो आप हर एक प्राणी के लिए यह महसूस कर सकते हैं, हर एक कीड़ा, पौधा, पक्षी, जानवर-हर चीज के लिए। अपने जीवन को समृद्ध करने का यही रास्ता है। जीवन समय की बस, एक छोटी सी मात्रा है। और यह जरूरी नहीं है कि कोई और आपमें यह भाव जगाए, आपको प्रेरित करे। अभी तो आपकी समस्या यह है कि आपका आनंद, प्रेम और आपकी दूसरी भावनाएं-आपकी हर वो चीज जो सुंदर है-किसी और के धक्का देने से शुरू होती है। और कोई आपको धकेले तब आप आगे बढ़ते हैं, तब ये भाव जागते हैं। पर ऐसा तरीका भी है कि आप खुद ही इसे शुरू करें, आप सेल्फ-स्टार्ट पर हो जाएं। जब आप सेल्फ-स्टार्ट पर हो जाते हैं, तब आप सुबह उठते ही प्रेमपूर्ण, आनंदपूर्ण और उल्लसित हो सकते हैं।




## आज का राशिफल

**मेष** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। मादक वस्तुओं का प्रयोग न करें। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा।

**वृषभ** व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। रचनात्मक प्रयास लाभप्रद होंगे। घर के मुखिया या संबंधित अधिकारी का सहयोग मिलेगा। फिजूल खर्च पर नियंत्रण रखें। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें।

**मिथुन** दाम्पत्य जीवन में तनाव आ सकते हैं। कुछ व्यावसायिक समस्याएं आ सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। राजनैतिक महात्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। निजी संबंधों के मामले में अतृप्त महसूस करेंगे।

**कर्क** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। स्थानान्तरण व परिवर्तन की दिशा में सफलता मिलेगी। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**सिंह** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। व्यावसायिक योजना सफल होगी। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। व्यावसायिक योजनाओं में कठिनता का अनुभव कर सकते हैं। विरोधी परास्त होंगे।

**तुला** पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। जारी प्रयास सफल होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**वृश्चिक** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें, इससे विवाद की स्थिति को टाला जा सकता है। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**धनु** आर्थिक योजना सफल होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं। भाई या पड़ोसी का सहयोग मिलेगा। धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

**मकर** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। भाग्य वश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**कुम्भ** दाम्पत्य जीवन में व्यर्थ के तनाव आ सकते हैं। किसी रिश्तेदार के कारण स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। क्रोध में वृद्धि होगी। रिश्तों में सुधार हो सकता है। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे।

**मीन** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें, चोरी या खोने की आशंका है। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

# कामयाबी की धुन के धनी धोनी

अरुण नैथानी



क्रिकेट जगत का कोई तमगा ऐसा नहीं है जो धोनी ने हासिल नहीं किया। एक कूल और कामयाब कप्तान, जिसके नेतृत्व में देश ने पहला आईसीसी टी-20 विश्वकप जीता। फिर देश में खेला गया विश्व कप 28 साल बाद भारत की झोली में डाला। साथ ही सचिन तेंदुलकर जैसे महान खिलाड़ी की विश्वकप जीतने की अभिलाषा को पूरा करके उन्हें गरिमामय विदाई दी। निस्संदेह जब पंद्रह अगस्त को चौंकाने वाले अंदाज में धोनी ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा तो क्रिकेट प्रेमियों को अच्छा नहीं लगा। हालांकि, लंबे समय से उनके संन्यास लेने की अटकलें लगायी जा रही थीं। लगता था कि वे टी-20 विश्वकप के जरिये विधिवत विदाई करना चाहते थे। लेकिन कोरोना संकट के कारण आयोजन न हो सका। बहरहाल, आईपीएल में अपनी पसंदीदा चेन्नई सुपर किंग्स के साथ धोनी क्रिकेट खेलते जरूर नजर आएंगे। उनमें अभी काफी क्रिकेट बाकी है। रांची जैसे छोटे शहर से निकलकर अभिजात्य वर्ग के खेल रहे, क्रिकेट की दुनिया में छा जाने वाले माही ने युवाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। कभी फुटबाल खेलने वाले धोनी ने अंडर-19 से क्रिकेट की शुरुआत की, फिर जोनल और कालांतर में राष्ट्रीय टीम में खेले। उनके बारे में कहा जाता है कि वे सिर्फ जीत के लिए खेलते थे और टीम का हारने का डर खत्म करने के लिए खेलते थे। एक कूल कप्तान के रूप में उनकी रणनीतियों की मिसाल दी जाती है, जो आखिरी वक्त में चौंकाने वाले फैसले लेकर जीत टीम की झोली में डाल देते थे। उनके कुछ ऐसे ही फैसलों के चलते वर्ष 2013 में चैंपियंस ट्राफी पर भारतीय टीम ने अधिकार किया था। यूं तो धोनी ने क्रिकेट की दुनिया के सभी बड़े खिताब भारत को दिलाये, लेकिन उन्हें कामयाब कप्तान के रूप में भी याद किया जायेगा। वह जिम्मेदारी लेते थे, चुनौती के वक्त गेंदबाजों का हौसला बढ़ाते थे। कई बार क्रिकेट के पंडित सोचते थे कि इस मुश्किल वक्त में ऐसा फैसला? ऐसा ही फैसला था वर्ष 2007 में टी-20 विश्वकप में फाइनल मैच के आखिरी ओवर में जोगिंदर शर्मा को गेंदबाजी देकर बाजी पलटना। एक बढ़िया बल्लेबाज व सफल विकेटकीपर के रूप में धोनी को उनके वरिष्ठ खिलाड़ियों ने सहजता से स्वीकारा। इसके मूल में जहां उनका उम्दा व्यवहार था, वहीं उनमें मौजूद क्रिक्रेट की उम्मीदें। हर कप्तान की कोशिश होती कि वह उनकी टीम में रहे। एक कप्तान के रूप में उनकी खासियत यह भी थी कि मुश्किल से मुश्किल वक्त में चौंकाने वाले फैसले लेकर वे कमाल कर जाते थे, जिसके चलते उन्हें कैप्टन कूल का नाम दिया गया। शायद ही कभी दर्शकों ने उन्हें मुश्किल वक्त में तनाव में या आक्रामक होते देखा होगा। युवा खिलाड़ियों के साथ उनका तालमेल बेहतर होता था। उनकी क्षमताओं को जीत में बदलने का हुनर भी उनमें था। मैच में बाजी पलटने के धोनी के तमाम किस्से क्रिकेट प्रेमियों की स्मृतियों में विद्यमान हैं। खासकर 2011 के विश्वकप के फाइनल में नाबाद 91 रन बनाना और कुलशेखरा की गेंद पर छक्का लगाकर जीत दिलाने वाला क्षण। जिन्हें महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर भी अविस्मरणीय बताते रहे हैं। निस्संदेह महेंद्र सिंह धोनी विश्व क्रिकेट में एकमात्र ऐसे कप्तान रहे, जिनकी अगुवाई में आईसीसी की तीनों ट्रॉफियां जीती गईं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम को टेस्ट क्रिकेट में नंबर वन बनाया। यह कामयाबी छह सौ दिनों तक कायम रही। उनकी शानदार कप्तानी में घरेलू मैदान में टीम ने 21 टेस्ट मैच जीते। उन्होंने कुल 332 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में टीम की कप्तानी की। विकेट के पीछे भी उनका करिश्मा जारी रहा, उन्होंने 195 लोगों को स्टंप आउट किया। उनके हेलीकॉप्टर शॉट के लिए भी उन्हें याद किया जाता रहेगा। उनके हेयर स्टाइल के लिए भी, जिसको लेकर पाकिस्तान के सैन्य तानाशाह जनरल मुशर्रफ ने कहा था कि इस स्टाइल को बने रहने देना। इसके अलावा इंडियन प्रीमियर लीग को उन्होंने खासे उत्साह के मनोयोग से खेला। उनका खेल और कद इतना बड़ा था कि आईपीएल में उनकी चेन्नई सुपर किंग्स घर की टीम कही जाती थी। टीम चुनने में उनकी प्रायोजकों से ज्यादा चलती थी। उनके नेतृत्व में चेन्नई सुपर किंग्स सबसे ज्यादा सुपर फोर में पहुंची और तीन बार चैंपियन भी रही। हो सकता है क्रिकेट प्रेमी लंबे समय तक धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स में खेलता देखें। यहां कई सवाल हमेशा अनुत्तरित रहेंगे कि आस्ट्रेलिया दौरे के दौरान ही वर्ष 2014 में किन परिस्थितियों में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया? वे किस दबाव से असहज थे? पिछले विश्व कप के बाद वे टीम में नियमित क्यों नहीं खेल रहे थे? उनके संन्यास लेने की सूचना बीसीसीआई की तरफ से आने के बजाय इंस्टाग्राम के जरिये क्यों आई? बहरहाल, भले ही धोनी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया हो, मगर क्रिकेट प्रेमियों के दिलों में वे सालों-साल राज करते रहेंगे।

हर क्षेत्र में धोनी का जज्बा अलग रहा है। कभी पुलिस के साथ तो कभी सेना के साथ, उन्होंने बेहतर समय बिताया जो एक साहसी खिलाड़ी के रूप में उनकी अलग पहचान बनाता है।




## दवा विक्रेता संगठन ने अमेजन के सीईओ को दी चेतावनी, कहा- भारत में ई-फार्मेसी गैरकानूनी

**नई दिल्ली ।** कैमिस्ट और दवा विक्रेताओं की शीर्ष संस्था ने अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस को एक पत्र भेजकर चेताया है कि भारत में ई-फार्मेसी गैर कानूनी है। दुनिया की यह सबसे बड़ी आनलाइन विक्रेता कंपनी भारत में आनलाइन दवा बिक्री के क्षेत्र में उतरना चाह रही है। आल इंडिया आर्गनाइजेशन आफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट (एआईओसीडी) ने 14 अगस्त को बेजोस को पत्र लिखा है। इसके साथ ही अमेजन की भारतीय इकाई के सीइओ अमित अग्रवाल को भी यह पत्र भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि आनलाइन दवाईयों की बिक्री भारत में काफी विवादास्पद रही है। इसमें कई मामले अदालत में पहुंचे हैं। एआईओसीडी ने पत्र में कहा है, ''हमें पता चला है कि अमेजन डाट इन ने आनलाइन फार्मेसी के क्षेत्र में उतरने का फैसला किया है। हम आपको इसी संदर्भ में यह लिख रहे हैं कि भारत में ई- फार्मेसी गैर- कानूनी है और दवा एवं प्रसाधन कानून एवं नियमों के तहत इसकी मान्यता नहीं है। इस महीने की शुरुआत में अमेजन ने बेंगलूरू में आनलाइन फार्मेसी की शुरुआत की है। उसने ओवर दि काउंटर और डाक्टर की पर्ची के आधार पर दोनों तरह से दवा के लिए आर्डर लेने शुरू किए हैं। वह कुछ परंपरागत औषधियां भी बेच रही है। भारत में फिलहाल दवाइयों की आनलाइन बिक्री का बाजार बहुत छोटा है।

## बीएसई, एनएसई ने अनचाहे संदेशों के खिलाफ निवेशकों को सतर्क किया

**नयी दिल्ली।** देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और एनएसई ने विभिन्न सूचीबद्ध कंपनियों के संबंध में भेजे जाने वाले अनचाहे संदेशों के प्रति निवेशकों को सतर्क किया है। शेयर बाजार के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ सूचीबद्ध कंपनियों के बारे में एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिए ऐसे संदेश प्रसारित किए जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। दोनों शेयर बाजारों ने गुरुवार देर रात एक समान परिपत्र में कहा, ''हाल के दिनों में शेयर बाजार को कई ऐसे ईमेल मिले हैं, जो विभिन्न सूचीबद्ध कंपनियों के संदर्भ में प्रसारित अवांछित संदेशों का हवाला दे रहे हैं।'' शेयर बाजारों ने कहा कि वे इस तरह के ईमेल की सत्यता या वास्तविकता का पता लगा रहे हैं और निवेशकों को इनसे सतर्क रहना चाहिए।

## डीजीसीए सभी तरह की मंजूरी, लाइसेंस आनलाइन उपलब्ध करायेगा, ई-गवर्नेंस योजना पर कर रहा अमल

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र के नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह एक ई-गवर्नेंस योजना को लागू कर रहा है जिसके तहत इस वर्ष के अंत तक सभी तरह की मंजूरी और लाइसेंस ऑनलाइन प्रदान किए जाएंगे। डीजीसीए ने एक बयान में कहा कि पायलट लाइसेंसिंग, मेडिकल परीक्षाओं से संबंधित सेवाएं और उड़ान प्रशिक्षण संगठनों से संबंधित सेवाएं पहले ही ऑनलाइन ई-गवर्नेंस योजना के तहत ईजीसीए नाम से पेश कर दी गई हैं। इसमें कहा गया है, ''डीजीसीए के शेष कार्यों में ऑपरेटरों के लिए एओसी/परिचालन मंजूरी देने अथवा उसका नवीकरण, एएमई (विमान रखरखाव इंजीनियर) लाइसेंसिंग और संगठनों का स्वीकृति (विमान रखरखाव डिजाइन/उत्पादन प्रशिक्षण) आदिश शामिल हैं। (विमान रखरखाव डिजाइन/ ) आदिश शामिल हैं। (विमान रखरखाव डिजाइन/उत्पादन/रखरखाव/प्रकार/प्रशिक्षण) आदिश शामिल हैं। डीजीसीए ने कहा कि यह परियोजना चार चरणों में लागू की जा रही है और इसके इस साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। नियामक ने कहा ईजीसीए परियोजना के लिए, ''टाटा कंसल्टेंसी सर्विर्सिज (टीसीएस) को सेवा प्रदाता के तौर पर और प्राइसवाटरहाउस कूपर्स (पीडब्ल्यूसी) को परियोजना प्रबंधन सलाहकार के तौर शामिल किया गया है।

# एफपीआई जून तिमाही में शुद्ध खरीदार रहे, भारतीय इक्विटी में चार अरब डॉलर का किया निवेश




**नई दिल्ली।**

मॉर्निंगस्टार की एक रिपोर्ट के मुताबिक मार्च तिमाही में भारी बिकवाली करने के बाद विदेशी निवेशकों ने जून तिमाही के दौरान आकर्षक मूल्यांकन के चलते भारतीय इक्विटी में करीब चार अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया। रिपोर्ट में कहा गया कि लॉकडाउन के दौरान लगाए गए प्रतिबंधों में राहत देने और आर्थिक गतिविधियों को बहाल करने के सरकारी उपायों के चलते विदेशी निवेशकों की घारणा मबजूत हुई। भारतीय इक्विटी में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की परिसंपत्तियों में भी जून तिमाही के दौरान तेजी से बढ़ोतरी हुई, जबकि इससे पिछले तिमाही के दौरान इसमें भारी गिरावट आई थी। रिपोर्ट के मुताबिक जून 2020 को खत्म हुई तिमाही के दौरान भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई के निवेश में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक जून 2020 के अंत में भारतीय इक्विटी में एफपीआई निवेश लगभग 344 अरब अमरीकी डॉलर था, जो इससे पिछली तिमाही के 281 अरब डॉलर के मुकाबले 23 प्रतिशत अधिक है। मॉर्निंगस्टार की रिपोर्ट के अनुसार जून तिमाही के दौरान एफपीआई ने भारतीय इक्विटी बाजारों में 3.91 अरब डालर की शुद्ध खरीदारी की, जबकि इससे पिछली तिमाही के दौरान उन्होंने 6.38 अरब डॉलर की शुद्ध बिकवाली की थी।

## चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, शीघ्र होगी अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता

**बीजिंग।** चीन और अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधियों के बीच जारी शुल्क युद्ध (टैरिफ वार) का समाधान निकालने के लिये शीघ्र ही फोन पर बैठक होगी। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। प्रवक्ता गाओ फेंग ने मंत्रालय के संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इसकी जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि बैठक कब होने वाली है। दोनों देशों ने इस साल जनवरी में व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर किये थे। दोनों सरकारें तब इस बात पर सहमत हुई थीं कि वे एक-दूसरे के सामानों पर लगाये जाने वाले संभावित अतिरिक्त शुल्क को फिलहाल नहीं लगायेंगे और निलंबित रखेंगे। इसके छह महीने बाद दूसरे चरण को लेकर बातचीत होने वाली थी, लेकिन कोरोना वायरस महामारी की वजह से इसमें देरी हो गयी। पिछले सप्ताह ऑनलाइन माध्यम से होने वाली एक बैठक भी टल गयी थी। गाओ ने कहा, 'दोनों पक्ष निकट भविष्य में फोन पर बातचीत करने को सहमत हुए हैं।' दोनों देशों ने कुछ दंडात्मक शुल्कों को वापस लिया है, लेकिन दोनों देशों के सामान पर लगाये गये अरबों डॉलर के दंडात्मक शुल्क अभी भी लागू हैं।

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजे से तय होगा द्विपक्षीय समझौते का पहला चरण

**नयी दिल्ली।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने कहा है कि भारत-अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता के नतीजे से दोनों देशों के बीच एक व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते का पहला चरण तय होगा। उन्होंने उद्योग संगठन फिक्की की एक वेबवार्ता में गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले साल 150 अरब अमरीकी डॉलर के आंकड़े को छू गया था, हालांकि इस साल की पहली छमाही में यह 25 प्रतिशत घटा है। संधू ने कहा कि अमेरिका के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार वार्षिक आधार पर 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण द्विपक्षीय व्यापार प्रभावित हुआ है और 2020 की पहली छमाही में कुल व्यापार लगभग 25 प्रतिशत घटा। उन्होंने कहा कि अमेरिका आज भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, लेकिन व्यापार संबंधों को वास्तविक क्षमता तक पहुंचना अभी बाकी है। अमेरिका में भारतीय राजदूत ने कहा इस क्षमता को साकार करने का पहला कदम इस समय जारी व्यापार वार्ता को पूरा करना है, जो एक व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते का पहला चरण बन जाएगा। भारत और अमेरिका आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने तथा व्यापार के मुद्दों पर मतभेदों को दूर करने के लिए एक सीमित व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

# कोरोना से नौकरी गंवाने वालों को 50 फीसदी सैलरी देगी सरकार

**बिजनेस डेस्क।**

कोरोना महामारी के कारण बड़े पैमाने पर लोग नौकरी से हाथ धो बैठे हैं। सैलरी नहीं मिलने की वजह से करोड़ों लोगों के सामने आजीविका को लेकर समस्याएं पैदा हो गई हैं। ऐसे में केंद्र सरकार औद्योगिक कामगारों को राहत देने के लिए एक नई योजना लेकर आई है। सरकार ने नियमों में ढील दी है ताकि लॉकडाउन के कारण 24 मार्च से लेकर 31 दिसंबर 2020 के बीच बेरोजगार होने वाले कामगारों को बेरोजगारी भत्ते का फायदा मिल सके। नियमों में ढील देने से करीब 40 लाख औद्योगिक कामगारों को उनके तीन महीने की औसत सैलरी का 50 फीसदी बेरोजगारी भत्ते के तौर पर मिलेगा। औद्योगिक कामगारों को बेरोजगारी लाभ देने वाले इस प्रस्ताव को कर्मचारी बीमा राज्य निगम (ईएसआईसी) के बोर्ड ने गुरुवार को मंजूरी दे दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस बोर्ड बैठक की अध्यक्षता श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने की। ईएसआईसी श्रम मंत्रालय के अधीन काम करता है। ईएसआईसी का अनुमान है कि इस कदम से मार्च से दिसंबर 2020 अवधि के मध्य करीब 41 लाख औद्योगिक कामगारों को लाभ मिलेगा। ईएसआईसी बोर्ड की सदस्य अमरजीत कौर के मुताबिक, इस कदम से ईएसआईसी के योग्य बीमित व्यक्तियों को तीन महीने की औसत 50 फीसदी सैलरी के बराबर नकद लाभ मिलेगा। कौर के मुताबिक, कामगारों को बेरोजगारी लाभ देने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है। लेकिन पात्रता मापदंडों में थोड़ी ढील दी जा सकती है।

थोड़ी ढील दी जा सकती है। यदि ऐसा होता है तो लाभार्थियों की संख्या दोगुनी (7.5 मिलियन) हो सकती है। 21 हजार रुपए तक की मासिक सैलरी वाले औद्योगिक कामगारों की ईएसआईसी योजना का लाभ मिलता है। योजना के तहत इन कामगारों की बेसिक सैलरी का 0.75 फीसदी हिस्से का योगदान ईएसआईसी को किया जाता है, जबकि 3.25 फीसदी हिस्सा एम्पलॉयर की तरफ से दिया जाता है। इस योगदान के जरिए ईएसआईसी इन कामगारों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करता है। बोर्ड के फैसले के मुताबिक, बीमित व्यक्ति को इस योजना का लाभ लेने के लिए एम्प्लॉयर के कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

बीमित व्यक्ति ईएसआईसी के ब्रांच ऑफिस के जरिए क्लेम कर सकता है। एम्प्लॉयर के साथ क्लेम के वैरिफ़िकेशन का कार्य भी ब्रांच ऑफिस के स्तर से किया जाएगा। वेरिफिकेशन होने के बाद सीधे बीमित व्यक्ति के खाते में पैसा जमा कर दिया जाएगा। प्रस्ताव के मुताबिक, अब यह राहत भुगतान बेरोजगार होने के 30 दिन में मिल जाएगा। क्लेम के दौरान पहचान के लिए 12 डिजिट के आधार नंबर का प्रयोग किया जाएगा।

## फ्लिपकार्ट ने नेपाल में सस्तोडील के साथ साझेदारी की

**नयी दिल्ली।** वॉलमार्ट के स्वामित्व वाले फ्लिपकार्ट ने शुक्रवार को कहा कि उसने नेपाल की सस्तोडील के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है, जिससे फ्लिपकार्ट के लाखों विक्रेताओं को पड़ोसी देश के ई-कॉमर्स बाजार तक पहुंच मिलेगी। एक बयान के मुताबिक इस साझेदारी के तहत सस्तोडील फ्लिपकार्ट के विक्रताओं के 5,000 से अधिक उत्पादों को अपने मंच पर प्रदर्शित करेगा। इन उत्पादों में बच्चों की देखभाल से संबंधित सामान, ऑडियो डिवाइस, पुरुषों के कपड़े, महिलाओं के पारंपरिक परिधान और खेलकूद संबंधी सामान शामिल हैं। बयान के मुताबिक फ्लिपकार्ट के निजी ब्रांड मारक्यू और स्मार्टबाय को भी सस्तोडील के मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरणों और साज-सज्जा जैसी श्रेणियों पर खासतौर से ध्यान दिया जाएगा। फ्लिपकार्ट ने कहा कि इस तरह के अवसरों से छोटे और मझोले कारोबारियों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की क्षमता में और अधिक विश्वास होता है। बयान के मुताबिक सस्तोडील के साथ साझेदारी से दोनों देशों में लंबे समय के लिए ई-कॉमर्स उद्योग को मजबूती मिलेगी। इस समय पूरे भारत में फ्लिपकार्ट के दो लाख विक्रेता हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक जयपुर, लखनऊ, लुधियाना, मेरठ, फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस के प्रमुख जगजीत हरोड ने कहा कि सस्तोडील के साथ साझेदारी से न सिर्फ हमारे विक्रेताओं को यापक बाजार तक पहुंच मिलेगी।

# गैस बिक्री इस तिमाही अंत तक कोविड-19 पूर्व के स्तर पर आ जाने की उम्मीद: गेल

**नई दिल्ली।**

सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल इंडिया लि. को मौजूदा दूसरी तिमाही के अंत तक गैस मांग कोविड-19 के पूर्व स्तर पर पहुंच जाने की उम्मीद है। कंपनी सिटी गैस नेटवर्क का विस्तार कर रही है और उसे इसके जरिये खपत में आई कमी की भरपाई की उम्मीद है। गेल के निदेशक (विपणन) ई एस रंगनाथन ने बृहस्पतिवार को यह कहा। देश की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस विपणन और परिवहन कंपनी गेल महामारी से पहले करीब 11.3 करोड़ घन मीटर प्रतिदिन ईंधन की बिक्री कर रही थी। रंगनाथन ने एफआईपीआई के युवा पेशेवर मंच पर कहा हमारी मांग कमोबेश 95 प्रतिशत (कोविड-19 के पहले के स्तर की तुलना में) के स्तर पर आ गयी है। चालू तिमाही के अंत तक यह 100 प्रतिशत पर आ जाएगी। कोरोना वायरस की रोकथाम के लिये 25 मार्च से शुरू 'लॉकडाउन' के दौरान गेल की गैस मांग आधी रह गयी थी। उद्योग ईंधन के रूप में कच्चे माल का उपयोग करते हैं लेकिन 'लॉकडाउन' के दौरान आर्थिक गतिविधियां ठप होने और सीएनजी चालित बसों एवं अन्य वाहनों के सड़कों से नदारद होने के कारण मांग में कमी आयी। उन्होंने कहा लेकिन मई और जून में आर्थिक गतिविधियां फिर से शुरू होने के साथ गैस मांग बढ़ने लगी। गेल फिलहाल कोविड-19 के पूर्व स्तर की तुलना में करीब 95 प्रतिशत गैस बेच रही है। गैस मांग में सबसे लंबे समय तक कमी सिटी गैस वितरण क्षेत्र से आयी। इसके माध्यम से वाहनों को सीएनजी, घरों को खाने पकाने के लिये पाइप के जरिये रसोई गैस और शहरों में होटल एवं अन्य उद्योग को ईंधन की आपूर्ति की जाती है। रंगनाथन ने कहा कि मौजूदा सिटी गैस नेटवर्क में जो मांग कम हुई है, उसकी भरपाई नये क्षेत्रों से होने वाली मांग के जरिये होगी। इन नये क्षेत्रों में नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। सिटी गैस नेटवर्क मुख्य रूप से दिल्ली, गुजरात, मुंबई और कुछ अन्य शहरों में है। अन्य क्षेत्रों में इसे शुरू करने के लिये लाइसेंस दिये गये हैं। उन्होंने कहा पिछले वित्त वर्ष में 475 सीएनजी स्टेशन और एक लाख घरों को जोड़ा गया था। चालू वित्त वर्ष में भी यही आंकड़ा रहने का अनुमान है...मांग में गिरावट को दूसरे क्षेत्रों में नेटवर्क विस्तार के जरिये भरपाई की जाएगी। रंगनाथन ने यह भी कहा, 'गेल को गैस की बिक्री अगली तिमाही तक कोविड-19 के पहले के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है।


लेकिन पूरे उद्योग के लिये गैस खपत अगले वित्त वर्ष तक ही सामान्य हो पाएगी।' इसी कार्यक्रम में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) के निदेशक (रिफाइनरी) विनोद एस शेनॉय ने कहा लॉकडाडन के बाद पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) की मांग में भारी गिरावट आयी। उन्होंने कहा कि मांग में 70 प्रतिशत तक की कमी आयी लेकिन आर्थिक गतिविधियां शुरू होने के बाद यह 72 से 80 प्रतिशत प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गयी है।

## कोविड-19: पंजाब नेशनल बैंक ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री राहत कोष में 64 लाख रुपये दान दिये




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिये जारी प्रयासों में मदद करने के लिये महाराष्ट्र मुख्यमंत्री कोविड-19 राहत कोष में बृहस्पतिवार को 64 लाख रुपये का अनुदान दिया। बैंक ने एक बयान में बताया कि 64 लाख रुपये का चेक कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को सौंपा गया। मुख्यमंत्री ने बैंक के इस कदम की सराहना की। बैंक ने देश भर में एलजीबीटी समुदाय के लोगों के बीच फेस मास्क व सैनिटाइजर का वितरण करने के लिये हमसफर न्यास के साथ भी गठजोड़ किया है। पीएनबी के कार्यकारी निदेशक राजेश कुमार यदुवंशी ने कहा पीएनबी समुदायों को इस अभूतपूर्व संकट से बचाने के लिये लगातार समर्थन कर रहा है। हम ऐसे प्रयास आगे भी जारी रखेंगे।

## पीएसबी को अगले दो वर्षों में 2,100 अरब रुपये तक पूंजी की जरूरत होगी: मूडीज





**नई दिल्ली।**

मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने शुक्रवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को अगले दो वर्षों में 2100 अरब रुपये तक बाहरी पूंजी की जरूरत होगी और इस कमी को पूरा करने के लिए सरकारी समर्थन सबसे अधिक भरोसेमंद स्रोत होगा। मूडीज के अनुसार भारत के आर्थिक विकास में तेज गिरावट और कोरोना वायरस के प्रकोप से पीएसबी की परिसंपत्तियों की गुणवत्ता को क्षति पहुंचेगी और ऋण लागत बढ़ेगी।

मूडीज की उपाध्यक्ष और वरिष्ठ ऋण अधिकारी अल्का अंबरासू ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि पीएसबी के कमजोर पूंजीगत भंडार, जो इस समय 1,900 अरब रुपये है, को देखते हुए उन्हें नुकसान की भरपाई के लिए अगले दो वर्षों के दौरान 2,100 अरब रुपये तक बाहरी पूंजी की जरूरत होगी।' उन्होंने आगे कहा कि भारत की बैंकिंग प्रणाली में पीएसबी का दबदबा है, और ऐसे में उनकी किसी भी तरह की विफलता वित्तीय स्थिरता को खतरे में डाल सकती है। अंबरासू ने कहा, 'ऐसे में हम उम्मीद करते हैं कि सरकार का समर्थन आगे भी जारी रहेगा।' मूडीज ने 'कोरोना वायरस के चलते बैंकों के पास एक बार फिर होगी पूंजी की कमी' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा कि खासतौर से खुदरा और छोटे कारोबारी ऋणों के चलते परिसंपत्ति की गुणवत्ता बिगड़ जाएगी।

## दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स बने जुकरबर्ग, संपत्ति में भारी इजाफा



**बिजनेस डेस्क।**

फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गई है। अमेरिकी शेयर बाजार वाल स्ट्रीट में आई तेजी की वजह से फेसबुक के शेयरों में भी उछाल आया और इसकी वजह से जुकरबर्ग के नेटवर्थ में इजाफा हुआ है। सोशल नेटवर्किंग कंपनी फेसबुक के शेयर गुरुवार को 2.4 फीसदी चढ़ गए। इसकी वजह से एक ही दिन में जुकरबर्ग का नेटवर्थ 2.3 अरब डॉलर बढ़ गया। उनका नेटवर्थ बढ़कर 102 अरब डॉलर तक पहुंच गया। शेयर बाजार में आई इस तेजी से जुकरबर्ग एक बार फिर अमीरों की सूची में छलांग लगा चुके हैं। वह दुनिया के टॉप 10 अमीरों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच चुके हैं। उनसे ऊपर केवल अब अमेजॉन के सीईओ जेफ बेजोस (194 अरब डॉलर) और माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स (122 अरब डॉलर) ही हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि जुकरबर्ग की संपत्ति पहली बार 100 अरब डॉलर के पार हुई हो। इसके पहले 7 अगस्त को जब फेसबुक के शेयर रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गए थे, तब भी जुकरबर्ग की संपत्ति 100 अरब डॉलर के पार हो गई थी। उन्होंने टेस्ला और के सीईओ एलन मस्क को पीछे छोड़ते हुए उन्हें चौथे पायदान पर पहुंचा दिया है। हालांकि मस्क की संपत्ति भी पिछले कुछ दिनों से काफी तेजी से बढ़ रही है और वह भी 100 अरब डॉलर के आंकड़े के पार हो सकते हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनरीज इंडेक्स के मुताबिक मस्क का नेटवर्क करीब 95 अरब डॉलर है और एक दिन में ही उनकी संपत्ति 5.18 अरब डॉलर बढ़ गई है। कोरोना संकट के दौर में जब दुनिया की इकोनॉमी में मंदी का दौर है, मस्क की संपदा इस साल से अब तक करीब 67.6 अरब डॉलर बढ़ गई है। यह दुनिया के सबसे अमीर शख्स जेफ बेजोस की कुल संपदा की करीब आधी है।

# एपिक सिस्टम्स मामला: अमेरिकी कोर्ट ने टीसीएस पर 28 करोड़ डॉलर के जुर्माने को बरकरार रखा

**नई दिल्ली।**

आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी की एक अपीलीय अदालत ने एपिक सिस्टम्स के साथ बौद्धिक संपदा अधिकार मामले में उस पर लगाए गए 28 करोड़ डॉलर (करीब 2,098 करोड़ रुपये) के हर्जाने को 'संवैधानिक रूप से अत्यधिक' करार दिया है। कंपनी ने बताया, 'एपिक सिस्टम्स कॉरपोरेशन मामले में अमेरिकी की अपीलीय अदालत, सातवां सर्किट, शिकागो ने टीसीएस की याचिका पर सुनवाई के दौरान हर्जाने को कम करते हुए यह फैसला दिया।' टीसीएस ने शेयर बाजार को बताया अदालत ने माना कि 28 करोड़ अमरीकी डॉलर का दंडात्मक हर्जाना संवैधानिक रूप से अत्यधिक है और दंडात्मक हर्जाने पर फिर से विचार करने के लिए निचली अदालत को निर्देश दिया। कंपनी ने बताया कि अदालत ने हालांकि 14 करोड़ अमरीकी डालर (करीब 1,049 करोड़ रुपये) के प्रतिपूरक हर्जाने को बरकरार रखा है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया टीसीएस इस आदेश के लिए उपलब्ध विकल्पों की तलाश कर रही है, क्योंकि उसका मानना है कि टीसीएस द्वारा ईपीआईसी सूचना के दुरुपयोग का कोई सबूत नहीं है। टीसीएस संबंधित अदालत के समक्ष अपनी स्थिति का सख्ती से बचाव करेगी। टीसीएस ने 16 अप्रैल 2016 को शेयर बाजारों को एपिक सिस्टम्स के साथ बौद्धिक संपदा अधिकार के एक मामले से संबंधित अमेरिकी अदालत के फैसले के बारे में बताया था । इस मामले में बाजार नियामक सेबी ने मई में टीसीएस को चेतावनी दी थी कि वह निवेशकों के समक्ष महत्वपूर्ण जानकारियां रखने के प्रति सावधान रहे। सेबी के अनुसार, टीसीएस के द्वारा दी गयी जानकारी से संकेत मिलता है कि उसे इस मामले में विस्कॉन्सिन की एक अदालत में दायर मुकदमे में निर्णायक मंडल का फैसला मिला है, हालांकि इसमें टीसीएस के खिलाफ लगाये गये जुर्माने का उल्लेख नहीं किया गया।




## बढ़ने लगे रोजगार, जून में ईपीएफओ से जुड़े 6.55 लाख कर्मचारी

**नई दिल्ली।**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने संगठित क्षेत्र में रोजगार की तस्वीर बताने वाले आंकड़े जारी किए हैं। इसके तहत उसके पास जून में नए पंजीकरण शुद्ध रूप से बढ़कर 6.55 लाख तक पहुंच गए जबकि इस साल मई में यह संख्या 1.72 लाख ही रही थी। ईपीएफओ के नियमित वेतन रजिस्टर यानी 'पेरोल आधारित इन ताजा आंकड़े से कोविड- 19 संकट के मौजूदा दौर में संगठित क्षेत्र में रोजगार की स्थिति का संकेत मिलता है। पिछले महीने जारी अस्थायी 'पेरोल आंकड़े में मई में शुद्ध रूप से 3.18 लाख लोगों के पंजीकरण की बात कही गई थी। इसे अब संशोधित कर 1,72,174 कर दिया गया है। ईपीएफओ के मई में जारी आंकड़े के अनुसार नए पंजीकरण की संख्या मार्च, 2020 में घटकर 5.72 लाख पर आ गई जो फरवरी में 10.21 लाख थी। इस बीच, श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि ईपीएफओ के अंशधारकों की संख्या 2020-21 की पहली तिमाही में करीब 8.47 लाख बढ़ी है। बृहस्पतिवार को जारी ताजा आंकड़े के अनुसार अप्रैल में नए पंजीकरण केवल 20,164 रहे जबकि जुलाई में जारी अस्थायी आंकड़े में यह संख्या एक लाख थी। शुद्ध रूप से ईपीएफओ के पास हर महीने औसतन करीब सात लाख नए पंजीकरण आते है। आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान नए अंशधारकों की कुल संख्या बढ़कर 78.58 लाख रही जो इससे पूर्व वित्त वर्ष में 61.12 लाख थी। ईपीएफओ अप्रैल, 2018 से नए अंशधारकों के आंकड़े जारी कर रहा है।

इसमें सितंबर 2017 से आंकड़ों को लिया गया है। 'पेरोल आधारित इन आंकड़ों के अनुसार सितंबर, 2017 से जून 2020 के दौरान शुद्ध रूप से 1.63 करोड़ नए अंशधारक ईपीएफओ से जुड़े। ईपीएफओ के अनुसार 'पेरोल आंकड़े अस्थायी है और कर्मचारियों के रिकार्ड का अद्यतन निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## तीनों खिलाड़ियों की हार के बाद प्राग ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त



**प्राग ।** एटीपी चैलेंजर प्राग ओपन टेनिस में भारतीय चुनौती शुक्रवार को समाप्त हो गई जब तीनों खिलाड़ी युगल वर्ग में हार गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त दिविज शरण और रॉबिन हासे को क्वार्टर फाइनल में जिरि लेहेस्का और थॉमस मैकहैक ने 6.3, 7.6 से हराया। एन श्रीराम बालाजी और किमेर कोप्पेजांस की जोड़ी को स्टीवन डियेज और ब्लज रोला ने 6.4, 6.3 से मात दी। एकल में दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन स्टान वावरिंका से हारे सुमित नागल युगल में भी हारकर बाहर हो गए। नागल और एल इवांस्का को पियरे एच हरबर्ट और आर्थर रिंडरनेक ने 6.2, 6.4 से शिकस्त दी। कोरोना वायरस महामारी के बीच मार्च के बाद इन तीनों भारतीय खिलाड़ियों का यह पहला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है।

क्रिकेट

# ट्वंटी-20 क्रिकेट में पहली बार हुआ ऐसा, जॉनसन चार्लेस बना गए गजब रिकॉर्ड



**नई दिल्ली ।**

बारबाडोस ट्राईडेंट की ओर से बतौर ओपनर आए जॉनसन चार्लेस ने आते ही एक ऐसा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया जिसके बारे में क्रिकेअ फैंस सोच भी नहीं सकते। हुआ यूं कि जॉनसन के साथ ओपनिंग करने शाई होप उतरे थे लेकिन जॉनसन क्रीज पर ऐसे डटे कि उन्होंने शाई को स्ट्राइक ही नहीं दी। जॉनसन की विकेट चौथे ओवर की तीसरी गेंद पर गिरी तब स्कोर था 35 रन। मजे की बात यह है कि यह सभी स्कोर जॉनसन ने ही बनाए थे। दूसरे शोर पर शाई होप 0 पर नाबाद खड़े रहे। स्टार खिलाडियों से सजे इस मैच में जेसन होल्डर ने भी आकर दर्शकों का दिल जीत लिया। 64 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद बारबाडोस की टीम का गेम धीमा हो गया था इसे फिर से उभारा जेसन होल्डर ने। होल्डर ने 12 गेंदों में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर अपने टीम के स्कोर को गति दी। अंत में अश्ले नर्स ने 16 रन बनाकर टीम का स्कोर 131 रन पर पहुंचा दिया लेकिन तभी बारिश आ गई। बारिश के कारण उक्त मैच को संक्षिप्त कर दिया गया। सेंट लुसिया जॉक्स टीम को जीत के लिए महज पांच ओवर में 50 रन बनाने थे जो उन्होंने 4.1 ओवर में बना लिए। सेंट लुसिया के लिए इस बार रहकीम कार्नवेल चले उन्होंने महज 8 गेंदों में 14 रन बनाकर टीम को मजबूत शुरुआत दी। इसके बाद फ्लैचर ने 7 गेंद में 16 तो मोहम्मद नबी ने 6 गेंद में 15 रन बनाकर अपनी ओम को जीत दिला दी।

## नेट गेंदबाज के तौर पूर्व आईपीएल खिलाड़ी सांगवान और सुयाल भी दुबई जाएंगे

**नई दिल्ली।**



अंडर 19 विश्व कप और पहले आईपीएल में अपनी स्विंग गेंदबाजी की छाप छोड़ने के 13 साल बाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान नेट गेंदबाज के तौर पर दिल्ली कैपिटल्स के साथ यूएई जाएंगे। दिल्ली डेयरडेविल्स, मुंबई इंडियंस , गुजरात लायंस और केकेआर के लिये इंडियन प्रीमियर लीग में खेल चुके सांगवान के साथ पवन सुयाल भी नेट गेंदबाजों की सूची में हैं। दिल्ली के हरफनमौला प्रांशु विजयरन, रेलवे के बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष त्यागी और दो नये चेहरे बायें हाथ के कलाई के स्पिनर रजत गोयल और तेज गेंदबाज बॉबी यादव भी दिल्ली टीम के अभ्यास गेंदबाज होंगे। डीडीसीए के एक अधिकारी ने बताया, 'सांगवान और सुयाल अभ्यास गेंदबाज के तौर पर जा रहे हैं। प्रंशु ओर हर्ष भी साथ जायेंगे। हर्ष अंडर 19 दिनों से दिल्ली से लिये खेल रहा है।

रजत स्थानीय क्लब क्रिकेटर है जबकि बॉबी उत्तर प्रदेश से है। विराट कोहली की कप्तानी में 2008 अंडर 19 विश्व कप जीतने वाले सांगवान पर 2013 में डोप टेस्ट में नाकाम रहने के बाद बीसीसीआई द्वारा प्रतिबंध लगाया गया था ।

वह बोर्ड का प्रतिबंध झेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर थे। प्रांशु की प्रतिभा की पहचान सबसे पहले पूर्व कप्तान गौतम गंभीर ने रणजी ट्राफी में की थी।

## जापान की अधिकतर कंपनियां अगले साल ओलंपिक के खिलाफ



**तोक्यो ।** जापान की अधिकतर कंपनियां अगले साल ओलंपिक और पैरालंपिक के आयोजन के खिलाफ हैं। यह सर्वे लगभग 13,000 कंपनियों पर किया गया। जापान की एक शोध कंपनी द्वारा कराया गया यह सर्वे क्योदो समाचार एजेंसी ने जारी किया है। इसके अनुसार 27.8 प्रतिशत कंपनियां चाहती हैं कि इन खेलों को रद्द कर देना चाहिए जबकि 25.8 कंपनियों का मत है कि इन्हें फिर से स्थगित कर देना चाहिए। ओलंपिक का आयोजन पहले इस साल होना था लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इन्हें एक साल के लिये स्थगित कर दिया गया। जापान के ओलंपिक आयोजकों और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने कहा है कि अगर अगले साल ओलंपिक का आयोजन नहीं हो पाता है तो इन्हें रद्द कर दिया जाएगा। सर्वे में 46.2 प्रतिशत कंपनियों ने कहा कि वे चाहते हैं कि भी रूप में आयोजन होना चाहिए और इनकी शुरुआत खेलों का किसी भी रूप में आयोजन होना चाहिए और इनकी शुरुआत खेलों का किसी भी रूप में आयोजन होना चाहिए और इनकी शुरुआत 23 जुलाई 2021 को ही होनी चाहिए। क्योदो ने कहा कि तोक्यो शोको रिसर्च ने यह सर्वे कराया और इसमें 12,857 कंपनियों ने हिस्सा लिया।

# आपके लिए रिटायरमेंट शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहता, संन्यास के लिहाज से आप काफी युवा और ऊर्जावान : मोदी

**नई दिल्ली ।**

एमएस धोनी के साथ संन्यास का ऐलान करने वाले सुरेश रैना को प्रधानमंत्री मोदी ने लेटर लिखा। यह लेटर रैना ने ट्विटर पर शेयर किया। मोदी ने रैना की बैटिंग और फील्डिंग स्किल्स को सराहा। 2011 वर्ल्ड कप जीत में उनका अहम रोल बताया। मोदी ने लिखा- आपके लिए मैं रिटायरमेंट शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहता। संन्यास के लिहाज से आप अब भी काफी युवा और ऊर्जावान हैं। 33 साल के रैना ने प्रधानमंत्री का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा- मेरे जैसे प्लेयर्स मैदान पर देश के लिए खून-पसीना बहाते हैं। जब उन्हें देश के लोगों और खासतौर पर प्रधानमंत्री से सराहना मिलती है तो इससे बढ़कर कुछ नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ने रैना को लिखा- 15 अगस्त को आपने संन्यास का ऐलान किया। यह जिंदगी के सबसे मुश्किल फैसलों में से एक है। हालांकि, आप के अंदर अब भी वही ऊर्जा है। मैदान पर शानदार पारी खेलने के बाद आप अब जिंदगी की एक और इनिंग के लिए 'पैड' (बैटिंग पर जाने से पहले क्रिकेट गियर पहनना) कर रहे हैं। आपने मुरादनगर से लखनऊ और फिर टीम इंडिया तक का शानदार सफर किया। मोदी ने आगे लिखा- आप सिर्फ बेहतरीन बैट्समैन ही नहीं, बल्कि उपयोगी गेंदबाज भी रहे। आपकी जबरदस्त फील्डिंग की दुनिया कायल है। टी-20 जैसे मुश्किल फॉर्मेट में भी आपकी कामयाबी याद रखी जाएगी। 2011 वर्ल्ड की जीत में आपके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद के मोटेरा में क्वॉर्टर फाइनल खेला गया था। मैंने आपकी वो बेहतरीन इनिंग देखी थी। मैं खुशकिस्मत हूं कि मैंने वो इनिंग और आपके क्लासिक कवर ड्राइव देखे। प्रधानमंत्री ने रैना के मैदान के बाहर भी योगदान को याद किया। कहा- खिलाड़ी सिर्फ मैदान ही नहीं, बल्कि मैदान के बाहर भी अपने कामों के लिए याद किए जाते हैं। ये युवाओं के लिए मिसाल बनेंगे। कॅरियर में आपको मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा। लेकिन, आपने साहस से इनका सामना किया। आपने टीम और देश का नाम रोशन किया। महिला सशक्तिकरण और स्वच्छ भारत अभियान में आपने सहयोग दिया। प्रियंका (पत्नी), ग्रेसिया और रियो (बच्चों के नाम) के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत करें। देश को योगदान के लिए धन्यवाद।



संक्षिप्त समाचार




### सीएसके के सीईओ बोले- प्रैक्टिस करने मैदान में उतरे धोनी ने चारों और लगाए छक्के

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** महान विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद इस बार आईपीएल में सभी की निगाहें उनकी तरफ रहेंगी। आईपीएल इस बार यूएई में 19 सितम्बर से खेला जाएगा लेकिन इससे पहले धोनी मैदान में प्रैक्टिस कर रहे हैं। धोनी की टीम चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ ने धोनी की प्रैक्टिक के बारे में बात करते हुए कहा कि उन्होंने मैदान में चारों तरफ छक्के लगाए। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ केएस विश्वनाथन के स्पोर्ट्स चैनल से बातचीत में कहा, धोनी गेंद को बहुत अच्छे से हिट कर रहे हैं। और सभी दिशाओं में छक्के लगा रहे थे। धोनी हमेशा की तरह आत्मविशवास से भरे हुए और खुश दिखाई दे रहे थे। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों ने लंबे समय तक प्रशिक्षण नहीं किया था और यह उनके लिए अच्छा था। एक ब्रेक के बाद वापसी करते हुए उन्होंने खुद को पूरी तरह से स्ट्रेच नहीं किया। इससे चोटें लग सकती थी, लेकिन क्रिकेटरों ने धीरे-धीरे अपनी लय पाई। चेन्नई की टीम आईपीएल के लिए शुक्रवार दोपहर को यूएई के लिए रवाना होगी। चेन्नई के सीईओ ने टीम के कैंप को लेकर कहा, खिलाड़ियों को इसकी जरूरत थी। ब्रेक के बाद के बाद से उन्हें वॉर्म अप करने का मौका मिला जिससे इंजरी का खतरा कम हो गया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एम विजय और ऋतुराज गायकवाड़ गेद को काफी अच्छे से खेल रहे रहे हैं। गौर हो कि धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की सबसे सफल टीमों में से है। चेन्नई ने तीन बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया है। धोनी के संन्यास के बाद अब ये देखना दिलचस्प होगा कि यूएई में धोनी किस तरह खेलते हैं क्योंकि उन्होंने वर्ल्ड कप 2019 के बाद से ही कोई मैच नहीं खेला और क्रिकेट के मैदान से दूर थे। वहीं दूसरे खिलाड़ी भी 6 महीनें से क्रिकेट से दूर हैं। ऐसे में आईपीएल खिलाड़ियों सहित फैंस में एक अलग जोश पैदा करेगा।

### बिस्टा ने एमसीए से एनओसी मांगी, उत्तराखंड के लिये खेल सकते हैं

**मुंबई।** सलामी बल्लेबाज जय बिस्टा ने मुंबई क्रिकेट संघ से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगा है जो उत्तराखंड के लिये खेल सकते हैं । समझा जाता है कि 24 वर्ष के बिस्टा अबमुंबई के लिये खेलना नहीं चाहते । मुंबई के लिये खेलना नहीं चाहते । एमसीए के एक सीनियर अधिकारी ने कहा ,'' उन्होंने इस सप्ताह एनओसी के लिये आवेदन किया है लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वह किसी और राज्य के लिये खेलना चाहते हैं ।'' बिस्टा ने 26 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 33 की औसत से 1486 रन बनाये हैं । बिस्टा ने 26 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 33 की औसत से 1486 रन बनाये हैं । मुंबई के लिये नवंबर 2015 में पदार्पण करने वाले बिस्टा को बाद में टीम से निकाल दिया गया । एक सूत्र ने बताया कि उन्हें उत्तराखंड से खेलने की पेशकश मिली है जिसके कोच मुंबई के पूर्व धुरंधर बल्लेबाज वसीम जाफर हैं ।

# रैसलिंग रिंग में उतरा स्टार रे मिस्टीरियो का बेटा, पड़ी खूब मार



**नई दिल्ली ।**

रैसलिंग जगत के बड़े नाम रे मिस्टीरियो का अब बेटा भी डब्लयूडब्लयूई में अपना करियर बनाने की फिराक में है। हालांकि मिस्टीरियो के बेटे डोमिनिक की पहली एंट्री काफी खराब रही। इस दौरान सैथ रॉलिंस के साथ मिलकर दो रैसलर्स ने उनकी खूब पिटाई कर दी। 23 साल के डोमिनिक बीते दिनों ही चर्चा में आए थे जब उन्होंने अपना नाम बदलकर प्रिंस मिस्टीरियो रख लिया था। प्रिंस ने कहा कि वह अपने पिता की गौरवशाली यात्रा को आगे बढ़ाना चाहते हैं। एक पत्रकार के सवाल, क्या आप पिता की ही तरह मास्क पहनकर उतरेंगे, का जवाब देते हुए प्रिंस ने कहा- बिल्कुल। मेरे पिता लंबे समय से इस लाइन से है। उन्होंने खूब नाम कमाया है। मेरा काम है उनके नाम को बनाए रखना। वैसे भी मास्क लगातार खेलना हमारी परिवार की परंपरा रही है। वैसे भी यह हमारे जीन में है। प्रिंस ने कहा- मुझे लगता है कि हम अंततः इसमें शामिल होने जा रहे हैं और एक अच्छी कहानी बना रहे हैं, ताकि प्रशंसक हमारे काम और मुखौटे के पीछे का शानदार इतिहास समझ सकें। मैं हमेशा परंपरा के कारण मुख्य रूप से मुखौटा पहनना चाहता था। उस परंपरा को जारी रखना महत्वपूर्ण है। अब मेरा चेहरा सामने आएगा। मुझे लगता है कि इसे थोड़ा अलग ढंग से पेश करना होगा ताकि लोग समझें। मैं निश्चित रूप से इसे पहनना चाहता हूं।

लेकिन बढ़ी बात यह है कि इसे ठीक से पेश करना होगा। बता दें कि 45 साल के रे मिस्टीरियो जब अपना करियर बनाने के लिए जूझ रहे थे तभी उनकी मुलाकात एंजी गुतिएरेज के साथ हुई थी। दोनों में प्यार हुआ और जल्द ही उन्होंने शादी कर ली। 1997 में उनके घर डोमिनिक ने जन्म लिया।

### 'अनदेखी के चलते हॉकी इंडिया के हाई परफोरमेंस निदेशक ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली ।** लंबे समय से हॉकी इंडिया के हाई परफोरमेंस निदेशक डेविड जॉन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है जबकि कुछ दिन पहले ही भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने उनका अनुबंध बढ़ाया था। ऐसा लगता है कि राष्ट्रीय महासंघ के शीर्ष अधिकारियों से मतभेदों के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। साइ ने हाल में जॉन का अनुबंध सितंबर 2021 तक बढ़ा दिया था लेकिन इस आस्ट्रेलियाई ने यह कहते हुए पद से इस्तीफा दे दिया कि लंबे समय से हॉकी इंडिया उनकी अनदेखी कर रहा था। सूत्रों के अनुसार जॉन ने हॉकी इंडिया और साइ को दिए अपने इस्तीफे में अपने फैसले के लिए व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है जो उन्होंने दो दिन पहले ही सौंपा था। सूत्रों ने कहा कि हॉकी इंडिया ने उनका इस्तीफा पत्र स्वीकार कर लिया है और उनके आधिकारिक नियोक्ता साइ को अभी इस पर फैसला लेना बाकी है। एक सूत्र ने कहा, 'डेविड लंबे समय से निराश महसूस कर रहे थे क्योंकि हॉकी इंडिया उनकी अनदेखी कर रहा था। हॉकी इंडिया के शीर्ष अधिकारियों द्वारा टीम के संबंध में महत्वपूर्ण फैसलों में उनकी अनदेखी की गई थी। उसने कहा, 'डेविड को टीम फैसलों में शामिल नहीं किया जाता था और वह सिर्फ कोचों और खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन क्लास ही लेते थे। कोविड-19 महामारी के कारण पांच महीने के ब्रेक ने इस फैसले में 'ट्रिगर का काम किया। जॉन को अपने पद से 12,000 डॉलर का मासिक वेतन मिल रहा था और वह मार्च के बाद कोरोना वायरस के कारण लगे लॉकडाउन के बाद से नई दिल्ली में अपने घर से काम कर रहे थे। जॉन से इसकी पुष्टि के लिए संपर्क करने की कोशिश की गयी, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। वह 2011 से भारतीय हॉकी से जुड़े थे, जब उन्हें मुख्य कोच माइकल नोब्स के साथ पुरूष टीम के फिजियो के तौर पर नियुक्त किया गया था। भारतीय टीम के फिटनेस का स्तर बेहतर करने वाले जॉन ने लंदन ओलंपिक 2012 के बाद इस्तीफा दे दिया था लेकिन 2016 में हाई परफार्मेंस निदेशक बनकर आए।

### पूर्व आईपीएल खिलाड़ी सांगवान और सुयाल अभ्यास गेंदबाज के तौर पर जायेंगे

**नयी दिल्ली।** अंडर 19 विश्व कप और पहले आईपीएल में अपनी स्विंग गेंदबाजी की छाप छोड़ने के 13 साल बाद बायें हाथ के तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान नेट गेंदबाज के तौर पर दिल्ली कैपिटल्स के साथ यूएई जायेंगे । दिल्ली डेयरडेविल्स, मुंबई इंडियंस , गुजरात लायंस और केकेआर के लिये इंडियन प्रीमियर लीग में खेल चुके सांगवान के साथ पवन सुयाल भी नेट गेंदबाजों की सूची में हैं । दिल्ली के हरफनमौला प्रांशु विजयरन, रेलवे के बायें हाथ के स्पिनर हर्ष त्यागी और दो नये चेहरे बायें हाथ के कलाई के स्पिनर रजत गोयल और तेज गेंदबाज बॉबी यादव भी दिल्ली टीम के अभ्यास गेंदबाज होंगे । डीडीसीए के एक अधिकारी ने बताया ,'' सांगवान और सुयाल अभ्यास गेंदबाज के तौर पर जा रहे हैं । प्रंशु ओर हर्ष भी साथ जायेंगे । हर्ष अंडर 19 दिनों से दिल्ली से लिये खेल रहा है । रजत स्थानीय क्लब क्रिकेटर है जबकि बॉबी उत्तर प्रदेश से है ।'' विराट कोहली की कप्तानी में 2008 अंडर 19 विश्व कप जीतने वाले सांगवान पर 2013 में डोप टेस्ट में नाकाम रहने के बाद बीसीसीआई द्वारा प्रतिबंध लगाया गया था । वह बोर्ड का प्रतिबंध झेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर थे । प्रांशु की प्रतिभा की पहचान सबसे पहले पूर्व कप्तान गौतम गंभीर ने रणजी ट्राफी में की थी ।

# यह आईपीएल हम सभी के लिए अलग अनुभव होगा: रहाणे



**मुंबई ।**

दिल्ली कैपिटल्स टीम के स्टार बल्लेबाज अजिंक्या रहाणे का कहना है कि इस साल का आईपीएल हम सभी लोगों के लिए एक अलग अनुभव होगा। आईपीएल के 13वें सत्र का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 19 सितंबर से 10 नवंबर तक होगा। इसके लिए दिल्ली की टीम कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में गुरुवार को यूएई जाने के लिए मुंबई पहुंची। कोरोना वायरस के कारण आईपीएल फ्रेंचाइजी को सुरक्षा के मद्देनजर प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। आईपीएल का आयोजन जैविक सुरक्षा प्रोटोकॉल के अंतर्गत किया जाएगा जिसके लिए बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजी टीमों मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी किया है। पहली बार दिल्ली टीम के लिए खेलने जा रहे रहाणे ने कहा, ''इसमें कोई शक नहीं है कि यह समय हम सभी के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। लेकिन सभी की तरह मैंने भी पिछले कुछ महीने में अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ पर ध्यान केंद्रित किया और अपने परिवार का ख्याल रखा। उन्होंने कहा, 'अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करने से मुझमें सकारात्मकता आई है। हालांकि यह आईपीएल हम सभी के लिए एक अलग अनुभव होगा। हम सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि हम मैदान पर रहने के दौरान सकारात्मक रहें। टीम के युवा बल्लेबाज मुंबई के पृथ्वी शॉ ने कहा, 'हमने इस महामारी में पिछले चार-पांच महीने बिताए हैं, तो हम सभी को पता है कि हमें क्या करना है और क्या नहीं करना है। हम सभी इस माहौल में खेलने के लिए खुद को मानसिक तौर पर तैयार कर रहे हैं और अपनी सुरक्षा के लिए सभी जरुरी उपाय कर रहे हैं। पृथ्वी ने कहा, ''दिल्ली टीम के सभी खिलाड़ी टीम के रुप में खेलेंगे।

पृथ्वी ने कहा, ''दिल्ली टीम के सभी खिलाड़ी टीम के रुप में खेलेंगे। हमें पता है कि लोगों को हमसे काफी उम्मीदें हैं। लेकिन हमारा ध्यान यूएई में ज्यादा से ज्यादा ट्रेनिंग सत्र करने का है। हमारे पास टीम में कुछ नए खिलाड़ी भी हैं जिससे हम इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

### ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने क्रिकेट से लिया संन्यास, कहा- मेरा समय समाप्त हो चुका है



**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व आलराउंडर कैमरन व्हाइट ने शुक्रवार को पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। इस तरह से उनके लगभग दो दशक तक चले करियर का अंत हो गया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से चार टेस्ट, 91 वनडे ओर 47 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 37 वर्षीय व्हाइट ने सीमित ओवरों के सात मैचों में अपनी टीम की कप्तानी भी की। उन्होंने कहा कि वह अब कोचिंग पर ध्यान देंगे। व्हाइट ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, 'मैंने निश्चित तौर पर खेलना बंद दिया है। यह पक्का है। उन्होंने कहा, 'मेरा स्ट्राइकर्स के साथ एक साल का अनुबंध था। मैं पिछले साल उनके लिए कुछ मैचों में ही खेला और फिर से करार हासिल करने के लिए मुझे उन मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी। व्हाइट ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं बहुत संतुष्ट हूं। मुझे लगता है कि खिलाड़ी के रूप में मेरा समय समाप्त हो चुका है और अब मैं कोचिंग पर ध्यान देने के लिए तैयार हूं। व्हाइट अभी विक्टोरिया की अंडर-19 टीम को ऑनलाइन कोचिंग दे रहे हैं।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



# श्री गणेश एक रूप अनेक

**गणेश शिवजी और पार्वती के पुत्र हैं। उनका वाहन मूषक है। गणों के स्वामी होने के कारण उनका एक नाम गणपति भी है। ज्योतिष में इनको केतु का देवता माना जाता है,और जो भी संसार के साधन हैं,उनके स्वामी श्री गणेशजी हैं। हाथी जैसा सिर होने के कारण उन्हें गजानन भी कहते हैं। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार किसी भी कार्य के पहले गणेशजी पूजनीय है। इसलिए इन्हें आदिपूज्य भी कहते है। आइए जानते हैं बड़े ही मनमोहक से दिखने वाले गणेश जी के भव्य और दिव्य स्वरूप के विषय में**



गणेश शब्द की व्युत्पत्ति हुई है गणानां जीवजातानां यः ईशः स्वामी सः गणेशः से। अर्थात,जो समस्त जीव जाति के ईश-स्वामी हैं वह गणेश हैं। इनकी पूजा से सभी विघ्न नष्ट होते हैं। लेकिन अन्य देवताओं की तरह गणेश जी के भी कई रूप हैं। गणेश पुराण के क्रीड़ा खंड में युग-भेद से गणेश जी के चार रूपों की व्याख्या करके उनके चार भिन्न वाहन बताए गए हैं।


सतयुग में गणेश जी का वाहन सिंह है,वे दस भुजा वाले हैं और उनका नाम विनायक है। त्रेता युग में वाहन मोर है,छः भुजाएं हैं और नाम मयूरेश्वर है। द्वापर में वाहन चूहा (मूषक) है,भुजाएं चार हैं और नाम गजानन है। कलयुग में दो भुजाएं हैं वाहन घोड़ा है और नाम धूम्रकेतु है।

इन चारों रूपों की उपासना विधि व लीला चरित्र का विवरण गणेश पुराण में प्राप्त होता है। वर्तमान में गणेश जी का सर्वप्रसिद्ध वाहन मूषक (चूहा)माना जाता है। विभिन्न मंत्रों के ध्यान में इनके मूषक वाहन का ही संकेत पाया जाता है।

विशिष्ट वस्तुओं के पूजन भेद से गणेश जी के अनेक रूप प्रसिद्ध हैं जैसे हरिद्रा गणेश, दूर्वा गणेश, शमी गणेश, गोमेद गणेश आदि। कामना भेद से भी इनके भिन्न रूपों की उपासना की जाती है जैसे संतान प्राप्ति हेतु संतान गणपति,विद्या प्राप्ति हेतु विद्या गणपति आदि। सामान्य उपासक दैनिक उपासना में गणेश जी के प्रसिद्ध द्वादश नाम स्तोत्र, संकट नाशक स्तोत्र, गणपति अथर्वशीर्ष, गणेश कवच, शतनामस्तोत्र आदि का सुविधानुसार पाठ करके इनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। विशिष्ट उपासना के अंतर्गत गणपति अथर्वशीर्ष से इनका अभिषेक किया जाता है। गणेश पुराण एवं रुद्रयामल तंत्र में वर्णित सहस्र नामस्तोत्र की नामावली के द्वारा दूर्वा से इनका अर्चन किया जाता है। गणपति योग भी वैदिक पद्धति के द्वारा संपन्न कराया जाता है।

## अलग-अलग होती है उपासना

भगवान गणेश की उपासना अनेक प्रकार से होती है। गणेशमूर्ति के अलग-अलग प्रकार की अर्चना का विधान भी अलग-अलग होता है। दो से अठारह भुजा एवं एकमुखी से दशमुखी मूर्तियों का पूजन होता है और इनसे संबंधित मंत्र,कवच,यंत्र,स्त्रोत आदि का विधान तंत्र शास्त्र के मान्य ग्रंथों,मंत्र महार्णव,मंत्रमहोदधि,शारदा तिलक,तंत्र सार आदि में अंतर पाया जाता है। गणपति पूजन में मुख्यतः दूर्वा,शमी के पत्ते और मोदक (लड्डू) अर्पित किए जाते हैं।



# भगवान गणेशजी ही प्रथम पूज्य क्यों?

एक बार कार्तिकेय व गणेशजी में होड़ लगी कि सबसे बुद्धिमान कौन? तब भगवान भोलेनाथ जी ने कहा जो पृथ्वी के सात चक्कर लगाकर सबसे पहले लौट कर आएगा वह बुद्धिमान व प्रथम पूजनीय होगा। गणेशजी भारी भरकम थे। वाहन भी चूहा व कार्तिकेय उत्तम वजन के थे और उनका वाहन मोर। स्वामी कार्तिकेय चल पड़े। गणेशजी सोचने लगे। गणेशजी ने सोचा माता-पिता ही जन्मदाता है तो सबसे महान वही हुए। उन्हीं के सात चक्कर लगा लिए और खड़े हो गए। कार्तिकेय भी आ पहुंचे। जब निर्णय की बारी आई तो भगवान आशुतोषजी ने कहा कि गणेश बुद्धिमान व श्रेष्ठ हैं, क्योंकि माता-पिता ही समस्त तीर्थों से बड़े होते हैं। तभी से भगवान गणेशजी को सब देवताओं से पहले पूजा जाता है एवं हर मागंलिक कार्य में श्रीगणेश जी का ही पूजन स्मरण व स्थापना की जाती है। इससे हमें सीख मिलती है कि जो अपने माता-पिता की सेवा करता है, उन्हें सब तीर्थों का फल मिल जाता है। फिर वह तीर्थयात्रा करें या ना करें।

# जानिए क्या है गणेश पुराण में

**गणेश पुराण महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इसके पठन-पाठन से सब कार्य सफल हो जाते हैं। गणेश पुराण में पांच खंड पाए जाते हैं। संक्षेप में जानते हैं गणेश पुराण के पांचों खंडों के बारे में......**

## पहला खंड-आरंभ खंड

इस खंड में ऐसी कथाएं बताई गई है जिससे हमेशा सब जगह मंगल ही होगा। इसमें सबसे पहली कथा के माध्यम से बताया है कि किस प्रकार प्रजा की सृष्टि हुई और सर्वश्रेष्ठ देव भगवान् गणेश का आविर्भाव किस प्रकार हुआ। आगे इसमें शिव के अनेक रूपों का वर्णन किया गया है। साथ ही यह भी बताया गया है कि कैसे शिव सृष्टि की उत्पत्ति,संहार और पालन करते हैं।

## दूसरा खंड- परिचय खंड

दूसरा खंड परिचय खंड है जिसमें गणेश जी के जन्म के कथाओं का परिचय दिया गया है। इसमें अलग-अलग पुराणों के अनुसार कथा कही गई है। जैसे पद्म व लिंग पुराण के अनुसार। और अंत में गणेश की उत्पत्ति की कथा विस्तार बताई गई है।

## तीसरा खंड- माता पार्वती खंड

तीसरा खंड माता पार्वती खंड है। इसमें पार्वती के पर्वतराज हिमालय के घर जन्म की कथा है और शिव से विवाह की कथा। फिर तारकासुर के अत्याचार से लेकर कार्तिकेय के जन्म की कथा भी इसमें वर्णन है। इस खंड में वशिष्ठ जी द्वारा सुनाई अरण्यराज की कथा भी है।

## चौथा खंड- युद्ध खंड

यह युद्ध खंड नामक खंड है। इसके आरंभ में मत्सर नामक असुर के जन्म की कथा है जिसने दैत्य गुरु शुक्राचार्य से शिव पंचाक्षरी मंत्र की दीक्षा ली। आगे तारकासुर की कथा है। उसने ब्रह्मा की आराधना कर त्रैलोक्य का स्वामित्व प्राप्त किया। साथ ही इसमें महोदर व महासुर के आपसी युद्ध की कथा है। इसमें लोभासुर व गजानन की कथा भी है जिसमें लोभासुर ने गजानन के मूल महत्त्व को समझा और उनके चरणों की वंदना करने लगा।

## पांचवां खंड- महादेव पुण्य कथा खंड

पांचवा खंड महादेव पुण्य कथा खंड है। इसमें सूत जी ने ऋषियों को कहा,आप कृपा करके गणेश,पार्वती के युगों का परिचय दीजिए। आगे इस खंड में सत्तयुग,त्रेतायुग व द्वापर युग के बारे में बताया गया है। जन्मासुर, तारकासुर की कथा के साथ इसका अंत हुआ है। इस तरह गणेश पुराण के पांच खंडों में मंगलकारी श्री गणेश के जन्म से लेकर उनकी लीलाओं और उनकी पूजा से मिलने वाले यश के बारे का संपूर्ण वर्णन किया गया है। इसके अलावा उनसे जुड़ी बहुत सी अन्य बातों को भी इसमें शामिल किया गया है।

# कैसे करें अनंत चतुर्दशी का व्रत...

भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी का व्रत किया जाता है। इस दिन अनंत के रूप में हरि की पूजा होती है। पुरुष दाएं तथा स्त्रियां बाएं हाथ में अनंत धारण करती हैं। अनंत राखी के समान रूई या रेशम के कुंकू रंग में रंगे धागे होते हैं और उनमें चौदह गांठे होती हैं। इन्हीं धागों से अनंत का निर्माण होता है। यह व्यक्तिगत पूजा है, इसका कोई सामाजिक धार्मिक उत्सव नहीं होता। अग्नि पुराण में इसका विवरण है। व्रत करने वाले को धान के एक प्रसर आटे से रोटियां या पूड़ी बनानी होती हैं, जिनकी आधी वह ब्राह्मण को दे देता है और शेष स्वयं प्रयोग में लाता है।

इस दिन व्रती को चाहिए कि प्रातःकाल स्नानादि नित्यकर्मों से निवृत्त होकर कलश की स्थापना करें। कलश पर अष्टदल कमल के समान बने बर्तन में कुश से निर्मित अनंत की स्थापना की जाती है। इसके आगे कुंकूम, केसर या हल्दी से रंग कर बनाया हुआ कच्चे डोरे का चौदह गांठों वाला अनंत भी रखा जाता है।

## व्रत की महिमा और मंत्र

यूं तो यह व्रत नदी-तट पर किया जाना चाहिए और हरि की लोककथाएं सुननी चाहिए। लेकिन संभव ना होने पर घर में ही स्थापित मंदिर के सामने हरि से इस प्रकार की प्रार्थना की जाती है- हे वासुदेव, इस अनंत संसार रूपी महासमुद्र में डूबे हुए लोगों की रक्षा करो तथा उन्हें अनंत के रूप का ध्यान करने में संलग्न करो, अनंत रूप वाले प्रभु तुम्हें नमस्कार है।

इस मंत्र से हरि की पूजा करके तथा अपने हाथ के ऊपरी भाग में या गले में धागा बांध कर या लटका कर (जिस पर मंत्र पढ़ा गया हो) व्रती अनंत व्रत को पूर्ण करता है। यदि हरि अनंत हैं तो 14 गांठें हरि द्वारा उत्पन्न 14 लोकों की प्रतीक हैं।

अनंत चतुर्दशी पर कृष्ण द्वारा युधिष्ठिर से कही गई कौण्डिन्य एवं उसकी स्त्री शीला की गाथा भी सुनाई जाती है। कृष्ण का कथन है कि अनंत उनके रूपों का एक रूप है और वे काल हैं जिसे अनंत कहा जाता है। अनंत व्रत चंदन, धूप, पुष्प, नैवेद्य के उपचारों के साथ किया जाता है। इस व्रत के विषय में कहा जाता है कि यह व्रत 14 वर्षों तक किया जाए, तो व्रती विष्णु लोक की प्राप्ति कर सकता है।

इस दिन भगवान विष्णु की कथा होती है। इसमें उदय तिथि ली जाती है। पूर्णिमा का सहयोग होने से इसका बल बढ़ जाता है। यदि मध्याह्न तक चतुर्दशी हो तो ज्यादा बेहतर है। जैसा इस व्रत के नाम से प्रतीत होता है कि यह दिन उस अंत न होने वाले सृष्टि के कर्ता ब्रह्मा की भक्ति का दिन है। इस व्रत की पूजा दोपहर में की जाती है।



# अनंत चतुर्दशी विष्णु पूजन का दिन

ओम विश्वं विष्णुर्वषट्कारो भूतभव्यभवत्प्रभु।
भूतकृद भूवभृद भावो भूतात्मा भूतभावन।।
पूतात्मा परमात्मा च मुक्तानां परमा गति।
अव्यय पुरुष साक्षी क्षेत्रज्ञोडक्षर एव च।।

ऐसे अनंत देव विष्णु भगवान जो कि अनेक नाम से पूजे जाते हैं, ऐसे ईश्वर को स्मरण करने या जाप करने का यूँ तो कोई एकमात्र निर्धारित ढंग नहीं, फिर भी किसी भी कार्य को इस ढंग से किया जाए जिससे वह सहज रूप से संपन्न हो जाए। इस कार्य में जितनी ज्यादा एकाग्रता होगी उतना ही अधिक लाभ होगा।

अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु का पूजन करें। सर्वप्रथम विष्णु का आवहन् करें। पूजन में सर्वप्रथम आसन अर्पित करें। तत्पश्चात् पैर धोने के लिए जल अर्पित करें। अर्घ्य अर्पित करें, आचमन करें, स्नान हेतु जल अर्पित करें। तिलक हेतु (चंदन) द्रव्य अर्पित करें, धूप-दीप दिखाएँ। प्रसाद करें। फिर आचमन हेतु जल अर्पित करें। तत्पश्चात् नमस्कार करें।

चतुमूर्ति चतुर्वाहुश्चतुर्ण्यहश्चतुर्गति
चतुरात्मा चतुर्भावश्चतुर्वेदविदेकपात।।
विश्व मूर्तिर्महामूर्तिर्दीप्त मूर्तिरमूर्तिमाव
अनेक मूर्तिरण्यव्यक्त शतमूति शतानन।।

ऐसे अनेक नामों से भगवान विष्णु को नमस्कार करें। विघ्न हरने वाले देवता विष्णु अपने भक्तों से जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं एवं मनोवांछित फल दे देते हैं।

अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान अनंत की पूजा-अर्चना अवश्य करना चाहिए। इस दिन विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्रम् का पाठ करने से अनन्य फल की प्राप्ति होती है एवं भगवान विष्णु की प्रसन्नता प्राप्त होती है। भगवान की प्रार्थना अर्जुन बनकर करें अर्थात् मानसिकता और विश?वास लगाकर (पूर्ण रूप) उनमें लगाकर प्रार्थना करने से उनका सानिध्य प्राप्त होता है। उनका आशीर्वाद मिलता है। यदि सेवा करना है तो हनुमान जी जैसी करें। हृदय में पूर्ण छवि बनी रहे कृपा प्रसाद अवश्य प्राप्त होगा। अर्जुन ने भगवान से कहा कि मैं आपके शरण में आ गया हूँ, आप मुझे आज्ञा दे मुझे क्या करना है?

भगवान ने शरणागत आए हुए अर्जुन का पूरा जीवन सुखमय कर दिया एवं अपना सानिध्य दिया। भगवान का कहना है कि जीव तू सारे धर्म को त्याग कर मेरी शरण को प्राप्त हो! मैं तुम्हें पापों से मुक्त करूँगा, तुम चिंता व्याप्त न हो। भगवान से प्रार्थना इस प्रकार करें जैसे अर्जुन ने (गीता में) की थी। अनंत चतुर्दशी में इसका बहुत बड़ा महत्व है।

पवित्राणां पवित्रं यो मङ्गलानां च मङ्गलम् ।
दैवतं देवतानां च भूतानां योऽव्ययः पिता ॥
यतः सर्वाणि भुतानि भवन्त्यादियुगागमे ।
यस्मिश्च प्रलयं यान्ति पुनरेव युगक्षये ॥
तस्य लोकप्रधानस्य जगन्नाथस्य भूपते ।
विष्णोर्नामसहस्त्रं मे श्रृणु पापभयापहम् ॥
यानि नामानि गौणानि विख्यातानि महात्मनः ।
ऋषिभिः परिगीतानि तानि वक्ष्यामि भूतये ॥
विश्वं विष्णुर्वषट्?कारो भूतभव्यभवत्प्रभुः ।
भूतकृद्भूतभृद्भावो भूतात्मा भूतभावनः ॥
पूतात्मा परमात्मा च मुक्तानां परमा गतिः ।
अव्ययः पुरुषः साक्षी क्षेत्रज्ञोऽक्षर एव च ॥

इस प्रकार प्रभु नारायण की प्रार्थना करने से वह अवश्य प्रसन्न होकर आपको सुख, संपदा, धन-धान्य, यश-वैभव, लक्ष्मी, पुत्र आदि सारा सुख दे देते हैं।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## नामांकन स्वीकार करने के बाद बोले बाइडेन- मैं अमेरिका को करूंगा रोशन



**इंटरनेशनल डेस्क।**

जो बाइडेन ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया और मतदाताओं से अमेरिका में लंबे समय से छाए अंधेरे को दूर करने के लिए एक साथ आने की अपील की। अमेरिका में नवम्बर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। अमेरिका के पूर्व उप राष्ट्रपति का एक वीडियो द्वारा परिचय दिया गया, जिसमें उनके जीवन, उनके कॅरियर, एक पिता, एक पति और एक राजनेता के तौर पर उनके व्यक्तित्व को रेखांकित किया गया। बाइडेन के नामांकन स्वीकार करने से पहले उनकी बेटी एशले बाइडेन और बेटे हंटर बाइडेन ने कहा कि हम आपको बताना चाहेंगे कि हमारे पिता कैसे राष्ट्रपति बनेंगे। वह कठोर होंगे। ईमानदार, सबका ध्यान रखने वाले और सिद्धांतों पर चलने वाले होंगे। वह आपकी बात सुनेंगे और जरूरत पड़ने पर हमेशा आपके साथ होंगे। वह आपको सच बताएंगे, तब भी जब आप उसे सुनना ना चाहें। वह आपको कभी निराश नहीं करेंगे। वह काफी अच्छे पिता हैं और हमें लगता है कि वह एक बेहतरीन राष्ट्रपति बनेंगे। डेलावेयर में बृहस्पतिवार रात नामांकन स्वीकार करते हुए बाइडेन ने कहा कि हम एक साथ अमेरिका में छाए अंधेरे से बाहर निकल सकते हैं और हम निकलेंगे। बाइडेन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान राष्ट्रपति ने बहुत लंबे समय तक अमेरिकी लोगों को अंधेरे में रखा। बहुत गुस्सा, बहुत सारा डर, विभाजन। आज यहां मैं आपसे वादा करता हूं, अगर आप ने मुझे राष्ट्रपति बनाया तो, मैं हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ काम करूंगा, बुरा नहीं। मैं रोशनी लाऊंगा, अंधेरा नहीं। हम सभी लोगों के एक साथ आने का समय आ गया है।

# जो बाइडेन ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन किया स्वीकार

**वाशिंगटन।**

जो बाइडेन ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया और मतदाताओं से अमेरिका में लंबे समय से छाए अंधेरे को दूर करने के लिए एक साथ आने की अपील की। अमेरिका में नवम्बर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। 'डेमोक्रेटिक नेशल कन्वेंशन' (डीएनसी) के चार दिन के सम्मेलन के आखिरी दिन अमेरिका के पूर्व उप राष्ट्रपति का एक वीडियो द्वारा परिचय दिया गया, जिसमें उनके जीवन, उनके कॅरियर, एक पिता, एक पति और एक राजनेता के तौर पर उनके व्यक्तित्व को रेखांकित किया गया। बाइडेन ने कहा, '' मैं बहुत ही सम्मान एवं विनम्रता के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए नामंकन स्वीकार करता हूं। भले ही मैं डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार हूं लेकिन मैं पूरे अमेरिका का राष्ट्रपति बनूंगा। जिन लोगों ने मेरा समर्थन नहीं किया, उन लोगों के लिए भी मैं उतनी ही मेहनत करूंगा, जितनी अपना समर्थन करने वालों के लिए करूंगा।'' बाइडेन भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को पहले ही पार्टी का उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित कर चुके हैं। बाइडेन ने कहा, '' आज यहां मैं आपसे वादा करता हूं, अगर आप ने मुझे राष्ट्रपति बनाया तो, मैं हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ काम करूंगा, बुरा नहीं।

मैं रोशनी लाऊंगा, अंधेरा नहीं। ''डेलावेयर में बृहस्पतिवार रात नामांकन स्वीकार करते हुए बाइडेन ने कहा, '' हम सभी के एक साथ आने का समय आ गया है। कोई गलती ना करने का... हम एक साथ अमेरिका में छाए अंधेरे से बाहर निकल सकते हैं। हम डर के ऊपर उम्मीद, कल्पना के ऊपर तथ्य, विशेषाधिकार के ऊपर निष्पक्षता चुनेंगे।''

बाइडेन के नामांकन स्वीकार करने से पहले उनकी बेटी एशले बाइडेन और बेटे हंटर बाइडेन ने कहा था, '' हम आपको बताना चाहेंगे कि हमारे पिता कैसे राष्ट्रपति बनेंगे। वह कठोर होंगे। ईमानदार, सबका ध्यान रखने वाले और सिद्धांतों पर चलने वाले होंगे।

## अमेरिका: बेरोजगारी भत्ते का दावा करने वालों की संख्या फिर 10 लाख के पार पहुंची

**वाशिंगटन।**

अमेरिका में बेरोजगारी लाभ पाने वाले लोगों की संख्या में लगातार दो सप्ताह गिरावट आने के बाद पिछले सप्ताह बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन करने वालों की संख्या फिर से 10 लाख के पार हो गई। अमेरिका के श्रम मंत्रालय के हालिया आंकड़ों से इसकी जानकारी मिली। मंत्रालय के द्वारा बृहस्पतिवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, पिछले सप्ताह 11 लाख लोगों ने बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन किया। लगातार दो सप्ताह गिरावट आने के बाद इनकी संख्या बढ़ने से इस बात के संकेत मिलते है कि अभी भी कई नियोक्ता छंटनी कर रहे हैं। नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि वायरस प्रकोप के पांच महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अर्थव्यवस्था कमजोर है। यह स्थिति हाल ही में कुछ व्यवसायों के फिर से खुलने और कुछ क्षेत्रों जैसे कि आवास व विनिर्माण क्षेत्र में फिर से तेजी आने के बाद है। बेरोजगारी के दावे मार्च के बाद पहली बार पिछले सप्ताह 10 लाख से नीचे 9,71,000 पर आ गए थे।

छंटनी के शिकार बने अधिकांश लोगों का मानना है कि उन्हें स्थायी तौर पर नौकरी से निकाल दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इस बीच बेरोजगारी लाभ पाने वाले लोगों की कुल संख्या पिछले सप्ताह 155 लाख से कम होकर 148 लाख पर आ गई। हालांकि, अब इन लोगों को पहले की तुलना में काफी कम लाभ मिल पा रहा है, क्योंकि प्रति सप्ताह 600 डॉलर का संघीय सरकार की ओर से दिये जाने वाली योजना समाप्त हो चुकी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह एक नई संघीय बेरोजगारी सहायता योजना पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत लोगों को प्रति सप्ताह 300 डॉलर का लाभ दिया जाएगा।

## ईरान ने दुनिया को दिखाई 2 नई मिसाइलों की ताकत, जनरल सुलेमानी और अबू मेंहदी पर रखे नाम

**इंटरनेशनल डेस्क।**

ईरान ने अमेरिका के साथ जारी तनाव के बीच दो नई मिसाइलों का अनावरण किया है। सरकारी टीवी ने बताया कि अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को ईरान के राष्ट्रीय रक्षा उद्योग दिवस पर इन मिसाइलों अनावरण किया। इन मिसाइलों का नाम ईरान के दिवंगत जनरल कासिम सुलेमानी और इराक के मिलिशिया नेता दिवंगत अबू मेहदी अल-मुहंदिस के नाम पर रखा गया है, जिनकी जनवरी में बगदाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अमेरिकी हवाई हमले में मौत हो गई थी। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी फारस के अनुसार शहीद



हज्ज कासिम सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जो 1,400 किलोमीटर तक हमला करने में सक्षम है। सरकारी टीवी ने कहा कि शहीद अबू महदी नौसैन्य क्रेज मिसाइल है, जो 1,000 किलोमीटर तक वार कर सकती है। इसके अलावा ईरान ने बृहस्पतिवार को ही अपने उन्नत ड्रोनों के लिये चौथी पीढ़ी के हल्के टर्बो-फैन इंजनों का भी अनावरण किया है।

### संक्षिप्त समाचार



### शिंजियांग के अस्पतालों में जबरन करवाया जा रहा गर्भपात

**वॉशिंगटन।** चीन के शिंजियांग के अस्पतालों में परिवार नियोजन के नाम पर जबरन गर्भपात करवाया जा रहा है। रेडियो फ्री एशिया ने चीन के उत्तर-पश्चिम प्रांत में कई अस्पतालों में काम करने वाली एक उइगर प्रसूति रोग विशेषज्ञ का हवाला देते हुए यह खुलासा किया है। तुर्की के बाशिंदे हसीयत अब्दुल्ला का कहना है कि शिंजियांग के अस्पताल के मातृत्व वार्डों ने परिवार नियोजन नीतियां लागू कर रखी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उइगर मुस्लिमों को 3 बच्चे और शहरी केंद्रों में सिर्फ 2 ही बच्चे पैदा करने का निर्देश दिया गया है। गर्भ धारण के बीच महिलाओं को कम से कम 3 साल का अंतराल रखना अनिवार्य किया गया है। लेखक जर्मन शोधकर्त्ता एड्रियन जेनज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि संयुक्त राष्ट्र की परिभाषाओं के तहत यह कृत्य एक नरसंहार का अभियान है। जन्म नियंत्रण पर जून में जेनज का अध्ययन सामने आया था तो चीन के आधिकारिक मीडिया ने उसे दोषी ठहराते हुए कहा कि प्रशासन उस पर मानहानि का मुकद्दमा दायर करने पर विचार कर रहा है, जबकि विदेश मंत्रालय ने उसकी ङ्क्षनदा की थी।

### संघर्ष विराम के कथित उल्लंघन पर पाकिस्तान ने भारतीय राजनयिक को तलब किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कथित तौर पर नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेनाओं द्वारा संघर्ष विराम के उल्लंघन पर विरोध जताने के लिए यहां स्थित भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी को तलब किया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि बुधवार को नियंत्रण रेखा पर सब्जकोट सेक्टर में ÷अंधाधुंध और बिना उकसावे की गोलीबारी'' में खुई गांव की 70 साल की महिला जान बीबी घायल हो गई। वक्तव्य में दावा किया गया कि इस वर्ष संघर्ष विराम के उल्लंघन की 2,027 घटनाओं में 16 लोग मारे गए और 166 घायल हो गए।

### कमला हैरिस की बहन, सौतेली बेटी, भतीजी ने उनके पारिवारिक जीवन का खाका पेश किया

**वाशिंगटन।** कमला हैरिस की बहन, सौतेली बेटी और उनकी भतीजी ने बुधवार को पार्टी के ऑनलाइन सम्मेलन में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में उन्हें परिचित कराया। हैरिस ने बुधवार को किसी प्रमुख राजनीतिक दल की ओर से उप-राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित होने वाली पहली काली और भारतीय मूल की व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। हैरिस के पारिवारिक जीवन का एक खाका उनकी बहन माया हैरिस, उनकी भतीजी मीना हैरिस और उनकी सौतेली बेटी एला एम्हॉफ ने संयुक्त रूप से पेश किया। हैरिस की माँ श्यामला गोपालन ने जमैका के एक अर्थशास्त्री डोनाल्ड हैरिस से शादी की थी। कमला के पांच वर्ष के होने पर दोनों अलग हो गए थे। मीना हैरिस ने कमला को उनकी दो बेटियों के लिए एक मजबूत, प्रखर रोल मॉडल बताकर उनकी प्रशंसा की। माया हैरिस ने कहा, ''मैं आपसे प्यार करती हूं, मैं आपकी सराहना करती हूं, मुझे आप पर बहुत गर्व है और हालांकि मम्मी अपनी पहली बेटी को इतिहास रचते हुए देखने देखने के लिए यहां नहीं है।''

### अति सुरक्षित इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर बम निरोधी दस्ता नहीं : रिपोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का इस्लामाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सुरक्षा के लिहाज से अति संवेदनशील है, इसके बावजूद वहां पर बम का पता लगाने और उसे निष्क्रिय करने के लिए कोई दस्ता मौजूद नहीं है। यह खुलासा बृहस्पतिवार को स्थानीय अखबार ने अपनी खबर में किया। डान अखबार के मुताबिक पिछले महीने खुफिया विभाग के अधिकारियों ने यह मामला क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी (आरपीओ) सोहैल हबीब ताजिक के संज्ञान में लाया। अखबार ने सूत्रों के हवाले से कहा कि खुफिया अधिकारियों के मुताबिक इस्लामाबाद शहर से 28 किलोमीटर दूर स्थित हवाई अड्डा जंगलों से घिरा है और हमेशा वहां बचाव दल की उपस्थिति होनी चाहिए। खबर के मुताबिक हवाई अड्डे से अन्य करीबी शहर पेशावर और अटक हैं, लेकिन इनकी दूरी क्रमशः 33 और 82 किलोमीटर है और इसकी वजह से आपाता स्थिति में बल निरोधक दस्ता हवाई अड्डे पर समय पर नहीं पहुंच पाएगा। खुफिया विभाग ने हवाई अड्डे पर श्वान दस्ते को भी तैनात करने को कहा। खुफिया रिपोर्ट के बाद आरपीओ ताजिक ने रावलपिंडी शहर के पुलिस अधिकारी और अटक जिला पुलिस खुफिया रिपोर्ट के बाद आरपीओ ताजिक ने रावलपिंडी शहर के पुलिस अधिकारी और अटक जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) को मामले में रिपोर्ट जमा करने को कहा। अटक के डीपीओ सैयद खालिद हमदानी ने डान से बातचीत में कहा कि रावलपिंडी और इस्लामाबाद पुलिस द्वारा इस्लामाबाद हवाई अड्डे की सुरक्षा अंतरराष्ट्रीय मानको के अनुरूप की जा रही है।

### 76 साल की उम्र में मिला सच्चा प्यार, सारे बंधनों को तोड़कर 71 साल की गर्लफ्रेंड से रचाई शादी

**इंटरनेशनल डेस्क।** प्यार करने की ना तो कोई उम्र होती है और ना ही इसे जाहिर करने का कोई समय तय होता है। प्यार की एक दिलचस्प कहानी देखने को मिली अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी में जहां एक शख्स ने 76 साल की उम्र में अपने प्यार को पा लिया और सारे बंधनों को तोड़ते हुए अपनी 71 वर्षीय गर्लफ्रेंड से शादी रचा ली। खबरों की मानें तो 3 साल पहले 76 साल के जेफ्री मिलर की मुलाकात ग्लोरिया एलेक्सिस से हुई। दोस्ती से हुई शुरूआत धिरे धिरे प्यार में बदल गई और फिर एक दिन जेफ्री ने अपनी गर्लफ्रेंड को शादी के लिए प्रपोज कर दिया। दिलचस्प है कि महामारी कोरोना भी इन दोनों को एक दूसरे से अलग नहीं कर पाई। दरअसल महामारी के दौरान ग्लोरिया की तबीयत खराब हो गई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। ग्लोरिया जब अस्पताल में थीं तो जेफ्री ने ठान लिया कि वह कभी ग्लोरिया का साथ नहीं छोड़ेंगे और उन्होंने अस्पताल में ही शादी के लिए प्रपोज कर दिया। ग्लोरिया ने भी देर ना लगाते हुए जेफ्री के प्रपोजल को स्वीकार कर लिया।

## भारत के साथ युद्ध हुआ तो होगी परमाणु जंग, पाकिस्तान के मंत्री ने दी गीदड़ धमकी

**इस्लामाबाद।**

अक्सर अपने बयानों के चलते चर्चा में रहने वाले पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख रशीद ने भारत के खिलाफ परमाणु बम का इस्तेमाल करने की धमकी दी है। शेख रशीद ने कहा कि पाकिसतान के पास परमाणु बम हैं, जिसकी पहुंच असम तक है। इतना ही नहीं शेख रशीद ने आगे कहा कि इन परमाणु हमलों में मुसलमानों को कोई नुकसान नहीं होगा। शेख रशीद ने कहा कि अगर हिंदुस्तान और पाकिस्तान में जंग होती है तो ये खूनी और आखिरी जंग होगी। पाकिस्तान के रेल मंत्री ने कहा कि हिंदुस्तान ने अगर पाकिस्तान पर हमला किया तो कन्वेन्शन वॉर की कोई गुंजाइश नहीं होगी। इमरान खान के मंत्री ने कहा कि हमारा हथियार मुसलमानों की जिंदगियों को बचाते हुए असम तक टारगेट कर सकता है। शेख रशीद ने पहली बार ये धमकी नहीं दी है। इससे पहले भी कई मौके पर वह इस तरह का बयान दे चुके हैं। उन्होंने इससे पहले भी भारत का नाम लिए बिना परमाणु युद्ध की धमकी दी थी। शेख रशीद ने कहा कि अब जंग परंपरागत तरीके से नहीं होगी, बल्कि परमाणु युद्ध होगा। एक सवाल के जवाब में शेख रशीद ने कहा कि अब ऐसा युद्ध नहीं होगा कि 4-6 दिन तक टैंक, तोपें चलेंगी जबकि सीधे-सीधे परमाणु जंग होगी। शेख रशीद ने कहा था कि पाकिस्तान के पास सवा सौ ग्राम और ढाई सौ ग्राम के भी परमाणु बम हैं जो किसी खास टारगेट पर मार कर सकते हैं। शेख रशीद ने कहा था कि पाकिस्तान के पास सवा सौ ग्राम और ढाई सौ ग्राम के भी परमाणु बम हैं जो किसी खास टारगेट पर मार कर सकते हैं। पाकिस्तान के रेल मंत्री ने कहा था कि भारत सुन ले कि पाकिस्तान के पास पाव और आधा पाव के परमाणु बम भी हैं।

जो किसी खास इलाके को निशाना बना सकते हैं। शेख रशीद के बयान सोशल मीडिया पर वायरल भी होते हैं। ऐसे बयान देकर खुद ही वह अपनी खिल्ली उड़वाते हैं।

## भारत,अमेरिका और ब्राजील में कोरोना के एक करोड़ से अधिक मामले

**वाशिंगटन।**

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) के विश्वभर में अब तक दर्ज किये गए कुल 2,25,89,017 मामलों में से आधे से अधिक मामले यानी 1,19,12,643 मामले भारत,अमेरिका और ब्राजील में दर्ज किये गए हैं। कोविड-19 के संक्रमितों के मामले में अमेरिका दुनिया भर में पहले, ब्राजील दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर है। वहीं इस महामारी से हुई मौतों के मामले में अमेरिका पहले, ब्राजील दूसरे और मेक्सिको तीसरे स्थान पर है तथा भारत इस मामले में चौथे नंबर पर है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से विश्वभर में 2,25,89,017 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 7,92,475 लोगों की मृत्यु हुई है। विश्व महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना से अब तक 55,73,743 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं तथा 1,74,248 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्राजील में अब तक 35,01,975 लाख लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 1,12,304 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान 68,898 संक्रमण के मामले आने से संक्रमितों की संख्या 29,05,823 हो गयी है। वहीं इस दौरान 983 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 54,849 पर पहुंच गयी है। देश में स्वस्थ होने वाले लोगों की कुल संख्या 21,58,946 हो गयी है। कोरोना के सक्रिय मामले लगातार बढ़ते हुए 6,92,028 पर पहुंच गए हैं। रूस कोविड-19 संक्रमण के मामले में चौथे नंबर पर है और यहां इससे अब तक करीब 939,833 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 16,058 लोगों ने जान गंवाई है। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है जिसके कारण कोरोना से संक्रमित होने के मामले में वह पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। यहां इस वायरस से अब तक 599,940 संक्रमित हुए हैं तथा 12,618 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं पेरू संक्रमितों के मामले में मेक्सिको को पीछे छोड़ चुका है और यहां अब तक 558,420 लोग संक्रमित हुए हैं तथा इस वायरस से मरने वालों की संख्या 26,834 हो गयी हैं। मेक्सिको में भी कोरोना संक्रमण से हालात खराब है। यहां संक्रमितों की संख्या 543,806 हो गई तथा 59,106 लोगों की मौत हो चुकी है। कोविड-19 से संक्रमित मामलों में कोलम्बिया अब आठवें नंबर पर है। यहां इस वायरस से अब तक 513,719 लोग संक्रमित हुए हैं और मृतकों की संख्या 16,183 है। वहीं चिली नौवें स्थान पर है यहां अब तक करीब 391,849 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 10,671 लोगों की मृत्यु हुई है। स्पेन कोरोना संक्रमितों के मामले में अब दसवें स्थान पर आ गया है और यहां कोरोना संक्रमण से 377,906 संक्रमित है।

### कोरोना वायरस भी रोक नहीं सका सच्चे प्यार को: अस्पताल के बेड पर दुल्हन ने रचाई बीमार दुल्हे से शादी

**लंदन।** कहते है न इरादा पक्का और सच्चा प्यार हो तो मुश्किलों का अंबार भी लक्ष्य तक पहुंचने से नहीं रोक सकता। कुछ ऐसा ही हुआ एक कपल के साथ, जिसने एक बार शादी करने का इरादा बना लिया तो महामारी बन चुका कोरोना वायरस भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। यह मामला अमेरिका के टेक्सास के सेंट एंटोनियो में सामने आया है। दरअसल शादी से पहले ग्रेस कोरोनावायरस का शिकार हो गया और आईसीयू पहुंच गया, लेकिन 41 वर्षीय कार्लोस ने शादी का इरादा नहीं बदला। इसके बाद लड़की ने अस्पताल के बिस्तर पर लेटकर ग्रेस से शादी की। अस्पताल की शादी में परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। कार्लोस ने ग्रेस से शादी की और दोनों पति-पत्नी बन गए। वीडियो को अस्पताल द्वारा शेयर किया गया है. वीडियो में देखा जा सकता है कि अस्पताल के आईसीयू में दोनों की शादी हो रही है। वीडियो को अस्पताल द्वारा शेयर किया गया है. वीडियो में देखा जा सकता है कि अस्पताल के आईसीयू में दोनों की शादी हो रही है। दूल्हे को एक टक्सीडो में और दुल्हन को एक ड्रेस में पहने हुए दिखाया गया है। अस्पताल के कर्मचारियों ने भी उत्साह से शादी में भाग लिया। सभी नर्स और बाकी स्टाफ ने मिलकर उसकी शादी की तैयारी की और कार्लोस को खुश रखने की कोशिश की। हालांकि वर्तमान में मरीज की स्थिति अच्छी है साथ ही अच्छी रिकवरी भी देखी जा रही है। वहां मौजूद सभी लोग मास्क पहने हुए हैं। वीडियो को पिछले मंगलवार को शेयर किया गया था, जिसको काफी पसंद किया जा रहा है।

# लिपुलेख में मिसाइल तैनाती की तैयारी कर रहा चीन, सामने आई तस्वीरें...




**लिपुलेख।**

भारत के साथ सीमा विवाद को लेकर एक ओर चीन शांति स्थापित करने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर नेपाल अब बातचीत में दिलचस्पी दिखा रहा है। हालांकि, जमीन पर जो स्थिति है, उससे इन दोनों के ही इरादों पर सवाल उठने लगे हैं। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि लिपुलेख में चीन ने मिसाइल तैनात करने के लिए साइट का निर्माणकार्य शुरू कर दिया है। इस दावे को अब सामने आईं सैटलाइट तस्वीरों से बल भी मिल रहा है। लिपुलेख वही इलाका है जिसे लेकर भारत और नेपाल के बीच विवाद गर्माया है। ओपन सोर्स इंटेलिजेंस ने सैटलाइट तस्वीरें जारी की हैं जिनमें दिख रहा है कि लिपुलेख पास में ट्राई- जंक्शन एरिया में चीन ने न सिर्फ सैन्य तैनाती की है बल्कि मिसाइल के ठिकानों के निर्माणकार्य की तैयारी भी कर रहा है। के मुताबिक इस इलाके में 100 किमी की स्कैनिंग से पीपल्स लिबरेशन आर्मी की ऐक्टिविटी का पता चला है। यहां सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल के लिए साइट का निर्माण मानसरोवर झील के पास किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि चीनी सेना यहां सैन्य तैनाती कर रही है। यहां मई 2020 से इन्फ्रास्ट्रक्चर और रिहायश के लिए तैयारी की जा रही है। लिपुलेख इलाका भारत, नेपाल और चीन की सीमाओं को मिलानेवाली जगह है जो पिछले दिनों से काफी चर्चा में है। पिछले दिनों जानकारी के मुताबिक, चीन ने लिपुलेख में अपनी सेना तैनात की है। उसने सैनिकों की एक बटालियन मतलब करीब 1 हजार से ज्यादा जवान लिपुलेख के पास तैनात कर दिए हैं। लिपुलेख पास वही इलाका है जहां से भारत ने मानसरोवर यात्रा के लिए नया रूट बनाया है।

यह पिछले दिनों तब चर्चा में आया था जब नेपाल ने यहां भारत की बनाई 80 किलोमीटर की सड़क पर एतराज जताया था। फिर नेपाल ने अपने यहां नया नक्शा पास कर विवाद बढ़ा दिया था। इसमें कालापानी, जिसमें लिपुलेख भी शामिल था उसे अपना हिस्सा बताया था।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# सपा सदस्यों के हंगामे के चलते विप की कार्यवाही बाधित

लखनऊ (एजेसी)।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद में शुक्रवार को कानून–व्यवस्था, बाढ़ और कोरोना संकट को लेकर सरकार की कथित लापरवाही के विरोध में सपा सदस्यों ने जमकर हंगामा किया।

सपा सदस्यों की मांग थी कि इन ज्वलंत मुद्दों पर सबसे पहले बहस करायी जाये।

वहीं, हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिये स्थगित कर दी गयी।

पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सपा सदस्यों ने राज्य की कानून–व्यवस्था, बाढ़ के कारण उत्पन्न हालात और कोरोना महामारी से निपटने के सरकार के तरीकों पर सवाल उठाते हुए प्रश्नकाल स्थगित कर पहले इस पर चर्चा कराने की मांग की।

सपा सदस्य नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि पूरे प्रदेश में हाहाकार मचा है।

प्रदेश में लोग कोरोना, बाढ़ और लाठी–गोली से मर रहे हैं। पूरे प्रदेश में अफरातफरी मची है, मगर सरकार हालात को लेकर गम्भीर नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह संवेदनहीनता बरत रही है और राज्य में किसी का जीवन सुरक्षित नहीं है।

मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों और जनता की कोरोना से मौत हो रही है।

सदन में पहले इन्हीं मुद्दों पर चर्चा करायी जाए।

सपा सदस्य राजपाल कश्यप और राजू यादव ने भी सभापति से यही अनुरोध किया।

इसी दौरान सपा के सदस्य हाथों में नारे लिखे बैनर, पोस्टर आदि लेकर सदन के बीचोबीच आ गये और नारेबाजी करने लगे।

इस दौरान बसपा सदस्य भी अपने–अपने स्थान पर बैनर लेकर खड़े रहे।

सभापति रमेश यादव ने सदन के वेल में आये सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर जाने का आग्रह करते हुए कहा कि प्रश्नकाल के बाद वे सदन में यह मुद्दे उठा सकते हैं।

बार–बार आग्रह के बावजूद हंगामा थमते न देख सभापति ने सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिये स्थगित कर दी।

# फिल्म–थेथर चला देश सुधारने

लखनऊ(संजय मौर्य,उत्तर प्रदेश ब्यूरो)

आज से ठीक एक साल पहले रिलीज फिल्म ष्थेथर चला देश सुध ारने ष्का शानदार सफर का एक साल पूरा होने पर भी बड़ी सादगी के साथ फ़िल्म के किरदारों ने इस जश्न को मनाया, हालांकि पूरी टीम को इस बात का काफी मलाल है फ़िल्म में अहम किरदार अदा कर रहे विनोद कुशवाहा के मुताबिक यह फ़िल्म एक डाक्यूमेंट्री फ़िल्म है इसमें समाज के एक दर्शन को फ़िल्ममया गया है।सामाजिक कुरीतियां , पाखंड एवं अंधविश्वास पर करारा चोट करते हुए, एक सामाजिक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भो. जपुरी भाषा मे बानी ष्थेथर चला देश सुधारनेष जो 17 अगस्त 2019 को रिलीज हुई है । उसमें विनोद कुशवाहा ने डॉक्टर इरशादएवम उनकी पत्नी संजू सिंह, जो कि एक प्रसिद्ध लोकगायिका है उनके द्वारा बेगम सलमा तथा मुख्य किरदार के रूप में विनोद ( प्रेम प्रकाश) द्वारा ष थेथरष(पागल) का रोल किया गया है । यह फिल्म कुमार रमेश जी द्वारा एंगल म्यूजिक कंपनी से रिलीज की गई है। इस फिल्म की शूटिंग डॉ परमात्मा मौर्य के अस्पताल ष्भारत न्यूरो सेंटर ष्में में की गई है। इसमें डॉक्टर के रूप में डॉक्टर परमात्मा मौर्य का किरदार भी अहम है।



खास मुलाकात

# कौन कहता है कि बादल में सुराग नही हो सकता एक पत्थर तो उठाकर मारो यारो

**कानपुर(संजयमौर्य,उत्तर प्रदेश ब्यूरो)**

कहानी एक चाय वाली कि जिस ने फुटपाथ पर चाय लगाते लगाते ऐसा कर डाला जो लोगों के लिए मिसाल बन गया शायद आपको यह सुनकर अटपटा सा लग रहा होगा लेकिन जब आप भी मेरे साथ इस इस सच्चाई से मुखातिब होंगे तो दाँतो तले अंगुली दबा लेंगे।

कहने का आशय शिर्फ़ यह है कोई भी काम नामुमकिन नही, यदि व्यक्ति में लगन और मेहनत करने का जज़्बा है तो सफलता उसके कदम चूमेगी इसे सच करके दिखाया नगर के एक चाय वाले ने जिसका नाम महबूब मालिक है जिसके मेहनत और लगन के लिये

पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने बुधवार को ट्विटर पर एक 29 साल के चाय वाले का फोटो शेयर किया . ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा कि कानपुर के रहने वाले महबूब मलिक से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए . इस ट्वीट को लोगों ने भी बहुत पसंद किया . वहीं ट्वीट को अबतक 23 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं . दरअसल , ट्वीट में वीवीएस लक्ष्मण ने महबूब मलिक के बारे में लिखा . उन्होंने लिखा की महबूब की कानपुर में एक छोटी सी चाय की दुकान है और इस व्यापार से होने वाली आमदनी से वह 40 बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाते हैं . ट्वीट करते हुए वीवीएस लक्ष्मण ने लिखा कि महबूब चाय की दुकान से होने वाली आमदनी का 80 प्रतिशत हिस्सा गरीब बच्चों की शिक्षा पर खर्च कर देते हैं . वह सही में प्रेरण ास्रोत है .

रोड के किनारे शुरू किया स्कूल मलिक 4 साल पहले 2015 में स्कूल शुरु किया । शुरुआत में उन्होंने अपना स्कूल रोड के किनारे शुरु किया था । लेकिन जैसे जैसे बच्चों की संख्या बढ़ती गई और उनकी आसपास के इलाकों में जान पहचान बढ़ी और धीरे – धीरे बच्चों की संख्या बढ़ती गयी । आज उनके स्कूल में करीब 300 बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है । जब बच्चों की संख्या काफी बढ़ गई । तो उन्होंने फिर एक हॉल किराये पर ले लिया और वहां से बच्चों की मदद करने लगे । खुद गरीबी की वजह से बहुत ज्यादा पढ़ाई न कर पाने वाले महबूब समाज के लिए एक मिसाल बन गए हैं । उन्होंने समाज के गरीब बच्चों को पढ़ाने का बीड़ा उठाया है ।

उत्तर प्रदेश का मानचेस्टर कहे जाने वाले कानपुर के शारदा नगर में रहने वाले 10 वीं पास 29 वर्षीय मोहम्मद महबूब मलिक अब चाय बेचकर 40 ऐसे परिवारों के बच्चों की शिक्षा का बोझ उठा रहे हैं , जो तंगहाली के चलते बच्चों को स्कूल भेजने में समर्थ नहीं है । आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए मलिक की शारदा नगर चैराहे के पर एक छोटी सी चाय की दुकान है , जिससे होने वाली आमदनी का 80 प्रतिशत इन बच्चों की पढ़ाई पर खर्च कर देते हैं । दुकान पर स्लोगन लगाया है– मां जब भी तुम्हारी याद आती है , जब तुम नहीं होती हो तो मलिक भाई की चाय काम आती है शारदा नगर चैराहे के फुटपाथ पर चाय की दुकान , दोस्तों की मदद से एनजी. ओ बनाया , फिर कक्षा चार तक इंग्लिश मीडियम स्कूल खोला।

मलिक की कहानी को डीडी नेशनल ने वर्ष 2019 में देश के उत्तम समाजसेवियों में सम्मान से नवाजा और पीएमओ कार्यालय में कहानी को पसंद किया एवं राज्यपाल द्वारा सम्मान प्राप्त हुआ। अपनी मेहनत और लगन से इस वर्ष 100 जरूरतमंद बच्चों जो घर की आर्थिक स्थिति सही न होने से पढ़ाई से वंचित है उन्हें अपने मां तुझे सलाम प्राइमरी विद्यालय में मुफ्त में शिक्षा देंगे।

मां तुझे सलाम सोशल फाउंडेशन।

निशुल्क शिक्षा ही हमारी पह. चान।मलिक ने बताया , मैं पांच भाइयों में सबसे छोटा हूं । बचपन बेहद गरीबी में बीता । परिवार बड़ा था और कमाने वाले सिर्फ पिता थे । संसाधनों की कमी के कारण बमुश्किल हाईस्कूल तक ही पढ़ सका । जब किसी बच्चे को पढ़ने की उम्र में कूड़ा बीनते या भीख मांगते हुए देखता तो मन विचलित हो जाता था । उसमें उन्हें अपना बचपन दिखने लगता।मोहम्मद मलिक ने बताया , 2017 में अपनी जमा पूंजी के जरिए बेसहारा बच्चों के लिए कोचिंग सेंटर खोला था । यह सेंटर शारदा नगर , गुरुदेव टाकीज के पास मलिक बस्ती और चकेरी के कांशीराम कालोनी में खोला गया था , जिसमें बच्चों को मुफ्त पढ़ाया जाता था । ष जब इस काम की जानकारी मलिक के दा. `स्त नीलेश कुमार को हुई तो उसने उनका हौसला बढ़ाया । नीलेश ने एनजीओ बनाकर सेंटर संचालित करने की राय दी । मां तुझे सलाम फाउंडेशन नाम से एनजीओ बनाया और इसी के जरिए सेंटर से 40 बच्चों को मुफ्त में शिक्षा दी जा रही है।मलिक बताते हैं कि बच्चों की किताबें , यूनिफार्म , स्टेशनरी , जूते – मोजे , बैग खरीदकर उन्हें एक बार दिया जाता है । स्कूल किराए के भवन में चल रहा है , जिसका हर महीने करीब 10 हजार रुपए किराया है । चार शिक्षक हैं , टीचर अंकित पाल (इंजीनियरिंग छात्र) एवं मानसी शुक्ला बीएड कर चुकी हैं और टेट की तैयारी कर रही हैं । तीसरे टीचर पंकज गोस्वामी हैं , जो मेडिकल रिप्रजेंटेटिव हैं ।

बच्चों को पढ़ाने के बाद अपने काम पर जाते हैं । चौथे टीचर आकांक्षा पांडेय बीएड कर रही हैं।मलिक की चाय की दुकान कोचिंग और मंडी के बीच में है । आईआईटी , सीपीएमटी , इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले छात्र आसपास रहते हैं । जब प्रतियोगी परीक्षा होती है तो छात्रों को निशुल्क चाय होती है । मलिक कहते हैं कि मैंने अपनी दुकान पर एक स्लोगन भी लगा रखा है– मां जब भी तुम्हारी याद आती है , जब तुम नहीं होती हो तो मलिक भाई की चाय काम आती है । वे आगे ये भी बताते हैं कि शुरुआत में लोगों ने मजाक उड़ाया , लेकिन उनकी बातों की परवाह कभी नहीं की । जो मुझे अच्छा लगता है , वह काम करने से पीछे नहीं हटता।मलिक प्रध ानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित हैं । सत्य ही कहा गया अगर सच्ची लगन हो तो रास्ते आशान होते है।



# पैसे के लेन–देन को लेकर शराब के नशे में की सोनू की हत्या, पकड़ा गया हत्यारोपी

अलीगढ़ (एजेसी)। थाना पिसावा पुलिस ने पैसे के लेन–देन को लेकर की गई युवक की हत्या का खुलासा करते हुये हत्यारोपी को गिरतार कर खुलासा किया है। थानाध्यक्ष पिसावा सुधीर कुमार के कुशल नेतृत्व मे गठित टीम उ.नि. धर्मेश कुमार व का. विपिन दांगी, का.मनजीत यादव मय जीप सरक. ारी मय का. चालक मोनू कुमार देखरेख शान्ती व्यवस्था रोकथाम जुर्म जरायम तलाश वाँछित वारण टी विवेचना हुत इलाका थाना क्षेत्र मे मामूर होकर ग्राम शादीपुर नहर पर पहुँचे तो मुखबिर खास से सूचना मिलने पर प्रकाश मे आये डब्लू कुमार उर्फ भूपेन्द्र पुत्र चेतराम निवासी खेडा थाना खैर को रेसरी गेट से सोफा नहर की तरफ करीब 50 कदम की दूरी पर पकड़ लिया । पूछताछ पर उसने बताया कि मृत सोनू पुत्र मामराज निवासी सहजपुरा थाना पिसावा के पास मे अपने पैसे लेने गया था । सोनू के पास में दो बीयर व दो देशी पव्वे थे । फिर हम दोनो ने एक साथ बैठकर शराब पी और सोनू से अपने रूपये माँगे तो सोनू रूपये देने से मना करने लगा। जिसके चलते सोनू का पैसे के लेनदेन को लेकर झगडा हो गया था । जिस पर उसने सोनू से कहा कि उसके पैसे दे दे वरना आज वह तूझे छोड़ेगा नही । इस पर सोनू ने उसके मुँह पर चाटा मार दिया फिर मुझे गुस्सा आ गया और उसने उसका सर पकडकर दीवार में मार दिया । जिससे सोनू जमीन पर गिर गया । उसने उसे हिलाकर देखा तो सोनू नही बोला तो उसे उठाकर चारपाई पर डाल दिया था और वही से अपने फोन से अपने गाँव के विष्वा को घटना के बारे में बताया था और अपनी मो.साईकिल लेकर अपने घर आ गया था ।




# उन्नाव जनपद को प्राप्त हुआ क्लीनेस्ट सिटी का स्वच्छता विषयक प्रथम पुरुस्कार स्वच्छता के क्षेत्र में जिलाधिकारी ने कराये अनवरत कार्यकलाप,जिलाधिकारी को मिला सम्मान:

उन्नाव ब्यूरो :प्रकाश शुक्ला

राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ भ. ारत मिशन के अन्तर्गत माह जनवरी 2020 में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 में पूरे भारत में स्थित कुल 4242 नगरीय निकायों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें उ0प्र0 की कुल 652 निकायें सम्मिलित है। मोक्षदायिनी मां गंगा नदी के पावन तट पर नगर गंगाघाट छोटी सी निकाय अपने सीमित संसाधनों के माध्यम से सफाई व्यवस्था, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, नमामि गंगे योजनान्. तर्गत बालूघाट/आनन्द घाट पर भव्य पार्क व घाट, विभिन्न वार्डो में एस0एल0आर0एम0 सेन्टर, मो0 श्री नगर (कटरी पीपर खेड़ा) में केन्द्रीय कूड़ा संग्रहण केन्द, स्वच्छता के सन्दर्भ में आकर्षक होर्डिग एवं पेण्टिंग, 1632 व्यक्तिगत शौचालय, 09 सामुदायिक शौचालय एवं मुख्य मार्ग पर 02 सार्वजनिक शौचालय एवं पिंक शौचालयों का निर्माण, आकर्षक मार्ग प्रकाश व्यवस्था करवाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के पुरस्कार/सम्मान प्राप्त कर नगर के गौरव को राष्ट्रीय फलक पर प्रतिष्ठापित करनें में सफल हुई है।

निकाय द्वारा जी0पी0एस0 तकनीक के माध्यम से डोर टू डोर कूड़ा उठाने वालें वाहनों का पर्यवेक्षण, स्वच्छता ऐप के माध्यम से स्वच्छता शिकायतों के निस्तारण, नगर के प्रत्येक भवन एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान में गीला व सूखा कूड़ा अलग अलग रखे जाने हेतु डस्टबिन के निःशुल्क वितरण, फीकल स्लज का (सेप्टिक टैंक) सीवर सेक्शन मशीन के माध्यम से उन्नाव स्थित एस0टी0पी0 में निस्तारण एवं अन्य स्वच्छता से सम्बन्धित आवश्यक सेवायें प्रदान की गयी। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माननीय श्री हरदीप एस0 पुरी जी के द्वारा वर्चुअल बैठक में नगर पालिका परिषद गंगाघाट को राष्ट्रीय स्तर पर उत्तरी जोन के पचास हजार से एक लाख की आबदी के मध्य के शहरी निकायों में नगर पालिका परिषद गंगाघाट की तरफ से क्लीनेस्ट सिटी के स्वच्छता विषयक प्रथम पुरुस्कार को श्री रवीन्द्र कुमार जिलाधिकारी उन्नाव, श्रीमती रंजना गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गंगाघाट, श्री सुनील कुमार मिश्र अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद गंगाघाट, श्री राजेश गुप्ता (गोल्डी) अध्यक्ष प्रतिनिधि, श्री अनूप कुमार शुक्ला प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा प्राप्त किया गया।



नगर निकाय गंगाघाट की ओर से जिलाधिकारी महोदय उन्नाव के द्वारा माननीय मंत्री जी को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**यूपी ने स्वच्छता सर्वेक्षण–2020 में सबसे ज्यादा 19 पुरस्कार जीते**

**स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 अवा. र्ड का कार्यक्रम आज वर्चुअल आयोजित किया गया**

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में लखनऊ 12वें, आगरा 16वें, गाजियाबाद 19वें, प्रयागराज 20वें, कानपुर 25वें और वाराणसी 27वें स्थान पर रहा**

**यूपी से 2 नगर निगम, वाराण ासी और शाहजहांपुर को सम्मान मिला** 17 निकायों में लखनऊ, फिरोजाबाद, कन्नौज, चुनार, गंगाघाट, आवागढ़, मेरठ कैंट, गजरौला, मुरादनगर, स्याना, पलियाकलां, मल्लावां, बरुआसागर, बकेवर, बलदेव, अछलदा और मथुरा कैंट को पुरस्कार मिला

# नगर के नौबस्ता में छात्र ने लगाई फाँसी

कानपुर नगर के नौबस्ता में छात्र ने लगाई फाँसी परिवार वालो ने बताया कि किसी बात को लेकर डिफ्रेंसन में चल रहा था बेटा जिसके चलते आज फाँसी पर झूल गया जानकारी के मुताबिक कपिल देव के मकान में 3 साल से किराए पर राह रहा था परिवार अमर थान दुबे रिक्सा चालक पत्नी किरन परिवार मे दोनों लोग

मजदूरी करके अपना परिवार पालते है परिवार में 2 बेटे बड़ा बेटा सुशील दुबे जो कि ट्रक ड्राइवर है और छोटा बेटा रोहित इंटर का छात्र है उसे छोटी बहन पूनम घरो में चौका बर्तन का काम करती है वही परिवार वालो से पूछताछ के बाद बताया कि म्रतक रोहित दुबे 18 वर्ष इंटर का छात्र थां।

वही प्राइवेट फार्म भर कर पार्ट टाइम मजदूरी करके अपने खर्च पूरे करता था रोज की तरह परिवार के सभी लोग अपने अपने काम मे मजदूरी करने चले गए थे घर पर रोहित अकेला था ।

रोहित ने सोसाइड करने से पहले चहरे पर मुलतानी मिट्टी लगाई थी और ओठ में लिपिस्टिक लगाई थी।

फिर किसी बात को सोच कर अंदर से दरवाजा बंद करके कमरे में कुंडे के सहारे फाँसी पर झूल गया वही माँ किरण जब घर आई और दरवाजे की कुंडी खटखटाई न खुलने पर जाली से झाक कर देखा और अंदर का नजारा देख कर दंग रह गई और रोने पीटने लगी वही पति अमर नाथ को और पुलिस को घटना के बारे में बताया मौके पर पहुँची ।

पुलिस ने परिवार वालो के सामने दरवाजे की कुंडी तोड़ कर अंदर गए और जाँच पड़ताल करने के बाद साड़ी की बनी हुई रस्सी से लटक रही बॉडी को फंदे से उतार कर जाँच करने के बाद पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है।

वही परिवार वालो ने बताया कि मेरे बेटे रोहित और पड़ोस के रहने वाले झुटाराम से 6 हजार रुपए रोहित को लेना था जिसके बाद रोहित की कहाँ सुनी भी हुई थी जिसके चलते टेंसन में आकर रोहित ने सोसाइड कर लिया है वहा पुलिस के मुताबिक पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण इस्पष्ठ हो सकेगा ।

वही परिवार वालो की दी हुई तहरीर के बाद जांच पड़ताल कर कार्यवाही की जाएगी



# उत्तर प्रदेश में राज्यसभा का उपचुनाव 11 को, अमर सिंह के निधन से सीट खाली

लखनऊ (एजेसी)। समाजवादी पार्टी से राज्यसभा के सदस्य रहे अमर सिंह के निधन के बाद अब उनकी सीट को निर्वाचन आयोग ने रिक्त घोषित कर दिया है। साथ ही चुनाव की तिथि का भी ऐलान कर दिया है। अमर सिंह के निध ान के बाद खाली हुई सीट पर उपचुनाव 11 सितंबर को होंगे।

समाजवादी पार्टी ने अमर सिंह को उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सदस्य बनाया था। अमर सिंह के बाद में समाजवादी पार्टी से रिश्ते खराब होने के कारण पार्टी ने उनको निलंबित कर दिया था। इसके बाद भी उनकी सदस्यता को रद नहीं कराया गया था। वह समाजवादी पार्टी के कोटे से उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सदस्य थे। जानकारी के मुताबिक अमर सिंह के निधन से खाली सीट पर अधि ासूचना 25 अगस्त को जारी की जाएगी। इस उपचुनाव में नामांकन की अंतिम तिथि एक सितंबर है। नामांकन पत्रों की दो सितंबर तक जांच होगी। नाम वापस लेने की तिथि चार सितंबर होगी, जबकि मतदान 11 सितंबर को होगा। मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा। इसकी मतगण ाना शाम को पांच बजे से होगी। चुनाव प्रक्रिया 14 सितंबर को पूरी हो जाएगी। एक अगस्त से रिक्त घोषित इस सीट पर निर्वाचित होने वाले सदस्य का कार्यकाल चार सितंबर 2022 तक होगा।

# सरकार की योजना केवल कागज तक ही सिमट कर रह जायेगी

उत्तर प्रदेश भदोही। सरकार भले ही गौवंश के संरक्षण के लिए हर जिले गौ आश्रय स्थल बनाकर गायों को रहने और खाने की व्यवस्था की बात करती है लेकिन स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार लोग अपने मनमानी पूर्ण कार्य से बाज नही आते है।

एक ऐसा ही मामला डीघ के ऊंज थाना क्षेत्र के मीनापुर में बने अस्थायी गौ आश्रय स्थल में देखने को मिल रहा है जहां पर लापरवाही और मनमानी की सारे हदें पार की जा रही है। मीनापुर गौ आश्रय स्थल में गायों को साफ पानी नही दिया जाता है। देखभाल सही से नही किया जा रहा है। आये दिन एक गायें मौत की मुंह में समा जा रही है। स्थ. ानीय लोगों के कहने के बावजूद भी जिम्मेदार मौन साधे है और अपनी मनमानी कार्य को कर रहे है। इस गौशाला में गाये भूख या बीमारी से मर रही हैं।

लेकिन एक खुलासा और हुआ कि उस गौशाला में गायों को सुई लगा दी जाती है जिससे गायें मर जाये।

लेकिन जिले के जिम्मेदार इस तरह के कुकृत्यों में लिप्त लोगो पर कार्यवाही नही कर रहे है जिससे उनका मनोबल बढा है। इस समस्या से परेशान होकर मीनापुर के निवासी समाजसेवी अनिल तिवारी ने बुधवार को जिलाधिकारी को पत्रक देकर उस गौशाला की समस्या के बारे में बताया तथा जांच की मांग भी की। हालांकि मीनापुर गौशाला तो एक उदाहरण मात्र है जिले में बने सभी गौ आश्रय स्थल केवल खानापूर्ति से और राम भरोसे चल रहे है। ग्राम स्तर से लेकर जिलास्तर के लोग केवल खानापूर्ति में जुटे है। यदि जिलास्तर के लोग तटस्थ होते तो स्थानीय स्तर के जिम्मेदारों की क्या मजाल की शासन के दिशा निर्देश की अवहेलना करें। लेकिन इस समय जिले में बने गौ आश्रय स्थल गौहत्या केन्द्र बनते नजर आ रहे है। और इस पर शासन और प्रशासन के लोगों को ध्यान देना जरूरी है।

नही तो सरकार की योजना केवल कागज तक ही सिमट कर रह जायेगी।

# लड़की से दुष्कर्म की कोशिश, ताऊ ने आरोपी को सरिये से पीट–पीटकर मार डाला

मुजफ्फरनगर (एजेसी)। जिले के खतौली कोतवाली क्षेत्र के अंतवाड़ा गांव में किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश करने वाले युवक की पीड़िता के ताऊ ने सरिये से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक अंतवाड़ा गांव निवासी किशोरी बुधवार रात को छोटी बहन के साथ घर के आंगन में सो रही थी। आधी रात के बाद गांव का ही युवक संजय दीवार फांदकर घर में घुस आया और किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर सुनकर परिवार के लोग नींद से जाग गए।

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# कृषि मंत्री का कमलनाथ पर पलटवार, कहा- झूठ बोलकर सत्ता में नहीं आई भाजपा, जो कहा करके दिखाया

**भोपाल।**

कृषि मंत्री कमल पटेल ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर पलटवार करते हुए कहा है कि पंद्रह महीने तक कोई काम नहीं करने वाले कमलनाथ किस मुंह से भाजपा के पंद्रह साल का हिसाब मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पचास साल के कार्यकाल पर भाजपा के पंद्रह साल कई गुना भारी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ बोलकर सत्ता में नहीं आई भाजपा ने जनता से जो वादे किए वे पूरे करके भी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा की उपलब्धियां गिनाते हुए कमलनाथ पर जमकर निशाना साधा। दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राजीव गांधी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव तक रोज घोषणाएं होंगी, लेकिन इससे पहले भाजपा को अपने पंद्रह साल का हिसाब देना होगा। कमलनाथ के इस बयान पर कृषि मंत्री कमल पटेल ने कमलनाथ को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पंद्रह महीने में आपने सिर्फ धोखा दिया, किसानों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ी बड़ी घोषणाएं की लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया इसलिए आम जनता तो दूर अपने ही सांसद, विधायकों और मंत्रियों का विश्वास खो दिया, कमल पटेल ने कहा कि कमलनाथ ने अगर काम किया होता तो इस तरह सरकार से सड़क पर आने की नौबत नहीं आती। कमलनाथ को भाजपा से सवाल करने का नैतिक अधिकार ही नहीं है। भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में चरितार्थ कर रही है इसलिए सभी 27 सीटों के उपचुनाव में भाजपा की जीत होगी, प्रदेश के किसान, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग अब कांग्रेस के धोखे में आने से रहे। वही कृषि मंत्री ने भाजपा की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 2003 में भाजपा सरकार बनी तब प्रदेश में केवल 2990 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता था, पूरा राज्य बिजली के संकट से जूझ रहा था आज प्रदेश में 18 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता बढ़ाकर राज्य को आत्मनिर्भर बनाया जा चुका है, प्रदेश में निर्बाध बिजली की सप्लाई हो रही है।

# कहीं चॉकलेट के बप्पा, तो कहीं मिट्टी के डॉक्टर गणेशा, अनोखे अंदाज में हो रहा गणपति पूजन



**इंदौर।**

कलाकारों की नगरी इंदौर के एक कलाकार ने कोरोना महामारी के इस दौर में मिट्टी के बेहद खूबसूरत गणेश जी तैयार किए और उनके वस्त्र भी बेहद खूबसुरती के साथ डिजाइन किए जो इलाके में चर्चा का विषय बने हुए हैं। आपको ये भी बता दे कि मिट्टी से तैयार किए भगवान गणेश को कलाकार अभिषेक ने डॉक्टर का एप्रिन पहनाया है। साथ ही उनके गले में स्थेटोस्कोप भी है। अभिषेक ने डॉक्टर गणेश जी को इंदौर स्वास्थ्य विभाग में विभाग के जिम्मेदारों के हाथों दिया है और विभाग ने भगवान की प्रतिमा को अपने दफ्तर में स्थापित करते हुए इसे अपनी ताकत को दोगुनी होने के साथ साथ कोरोना के जल्द ख़त्म होमने की उम्मीद का जरिया भी बताया है। वहीं एक अन्य कलाकार निधि शर्मा ने कोरोना के इस काल में चॉकलेट के गणेश बनाया है, गणेशा जी की इस प्रतिमा को पूरी तरह चॉकलेट से बनाया गया है।

गणेश भगवान लॉक डाउन हुई पृथ्वी पर विराजित हैं और अपने हाथों में त्रिशूल लिए कोरोना पर वार कर रहें हैं। साथ ही एक तरफ चॉकलेट से डॉक्टर का पुतला, मास्क और सेनेटाइजर के साथ दर्शाया गया है, वहीं कोरोना काल में लॉक डाउन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मी को भी दिखाया गया है। इस के साथ चॉकलेट से ही सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः कोरोना गो लिखा गया है।

## शरीर पर कैमरा लगा जवानों पर हमला कर रहे थे आतंकी

**नेशनल डेस्क।** जम्मू-कश्मीर के उत्तरी कश्मीर जिले बारामूला में सोमवार तड़के हुए हमले की आतंकवादियों ने शुक्रवार को वीडियो जारी की है। पुलिस ने हालांकि कहा कि यह घाटी में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए किया गया और सुरक्षा बलों ने वीडियो में शामिल एक कमांडर समेत चार कमांडरों को 72 घंटों के भीतर ढेर कर दिया था। आतंकवादियों की तरफ से सोशल मीडिया पर डाली गई वीडियो में आतंकवादी, सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करते दिखाई दे रहे है और माना जा रहा है कि यह वीडियो हमले में शामिल एक आतंकवादी ने ही बनाया है। वीडियो को लेकर कश्मीर ज़ोन पुलिस ने ट्वीट कर कहा, ''इस वीडियो के जरिए आतंकवादी, आतंकवाद को बढ़ावा देना चाहते है लेकिन वे ऐसे करने में कभी सफल नहीं होंगे। हमने वीडियो में दिखाई दे रहे चार शीर्ष कमांडर सज्जाद, हैदर, तैमूर खान और अबू उस्मान को जवाबी कारवाई में 72 घंटों के भीतर मार गिराया। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सोमवार तड़के केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नाका पर हमले में दो जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी शहीद हो गए जबकि सुरक्षा बलों आतंकवादी भी मारे गए थे। इस हमले के बाद बारामूला जिले के क्रिरी पाटन में सुरक्षाबलों ने मंगलवार तड़के दोबारा घेराबंदी एवं तलाश अभियान चलाया जिसके बाद मुठभेड़ फिर शुरू हो गई जिसमें एक और आतंकवादी मारा गया।

## कोलकाता के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कोविड-19 से हारे जंग, साथियों ने बताया 'कोरोना शहीद



**नेशनल डेस्क।** कोरोना का आतंक देश में थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। अब कोलकाता में भी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की कोविड-19 संक्रमण के कारण मौत हो गई। अब तक राज्य में कोविड-19 संक्रमण के कारण कुल नौ पुलिसकर्मी अपनी जान गंवा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान पुलिस उपायुक्त उदय शंकर बनर्जी की मौत हुई। वह लगभग 55 वर्ष के थे। कोलकाता पुलिस आयुक्त अनुज शर्मा ने बनर्जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें 'कोरोना शहीद कहा। शर्मा ने ट्वीट किया कि बहुत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि अस्पताल में कोविड-19 का इलाज कराने के दौरान हमारे बेहतरीन अधिकारी एसीपी(मध्य) उदय शंकर बनर्जी की मौत हो गई। कोलकाता पुलिस की पूरी टीम इस दुख की घड़ी में उनके परिवार को साथ खड़ी है।

# फिल्मी स्टाइल से आंखों में मिर्ची डाल कर लूटे गहने

**इंदौर।**

इंदौर में बदमाशों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। दिन प्रतिदिन अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं। एक ऐसा ही मामला शहर के सराफा थाना क्षेत्र से सामने आया है जहां बड़ा सराफा में एक ज्वेलर व्यापारी लविन सोनी की आंखों में मिर्ची डालकर उसके हाथ से सोने के गहने से भरा बॉक्स लूट लिया, वहीं व्यापारी ने शोर मचाया तो आस पास व्यापारियों ने आरोपी को कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया। जिसके बाद उसे सराफा पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं लूट की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने इस पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना इंदौर के सबसे व्यस्त बड़ा सराफा बाजार की है बताया जा रहा है कि सराफा बाजार में एक सराफा व्यापारी से आंख में मिर्ची झोंक कर हाथ से गहने से भरा बॉक्स लूट ले गया और कुछ दूर पर साथी व्यापारियों में बदमाश को पकड़ लिया। बदमाश काफी शातिर अंदाज में दुकान के अंदर आया और व्यापारी से सोने-चांदी के गहने देखने लगा। इसी दौरान अपने साथ लाए थैली में से उसने मिर्च पाउडर निकाला और व्यापारी की आंखों पर डालकर गहने से भरा बॉक्स लूट के फरार हो गया, जैसे ही उसने व्यापारी की आंखों में मिर्च पाउडर झोंका उसी दौरान व्यापारी लविन सोनी चिल्लाने लगा। उसकी आवाज



सुनकर सराफा के दूसरे व्यापारी आ गए जैसे तैसे उसे कुछ ही दूरी पर तत्काल पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। वही पकड़े गए आरोपी से पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है आरोपी ने बताया कि वह देवास नागदा रोड का रहने वाला है। आपको बता दे कि बाक्स में तकरीबन 45 से 50 ग्राम के गहने थे।वही आरोपी को जब थाने लाये तो बोलने लगा मेरे व्यापारी से पैसे का लेनदेन है मैंने कोई लूट नही की है। जब पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी चेक किये तो उसमें पूरी घटना कैद दिखाई दी। सराफा थाना प्रभारी अमृता सोलंकी ने बताया लूट के प्रयास में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की पूछताछ जारी है।

# कोरोना से हार चुके सफाई कर्मचारी के परिवार को केजरीवाल ने दिए 1 करोड़, बोले- हमें वॉरियर्स पर गर्व



**नेशनल डेस्क।**

देश की राजधानी दिल्ली में कोरना के बढ़ते संक्रमण के बीच सफाई कर्मचारी जान जोखिम में डालकर अपना फर्ज निभा रहे हैं। इसी बीच कई सफाई कर्मचारी कोरोना से लड़ते हुए अपनी जान भी गवा चुके हैं। अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ऐसे ही एक कोरोना वॉरियर्स के परिवार की लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। केजरीवाल ने ड्यूटी के दौरान कोविड-19 की वजह से जान गंवाने वाले एक सफाई कर्मी राजू के परिवार को 1 करोड़ रुपये का चेक सौंपा है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे सभी कोरोना वॉरियर्स पर गर्व है जो दिल्ली की जनता की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर रहे हैं। बता दें कि दिल्ली में 50,000 से ज्यादा सफाई कर्मचारी हैं।

वह लोगों के घर-घर से कूड़ा उठाता है, ऐसे में उन्हें इंफेक्शन का सबसे ज्यादा खतरा है। दिल्ली सफाई कर्मचारी एसोसिएशन का आरोप है कि नगर निगम द्वारा किसी भी तरह की सहूलियत नहीं दी जा रही है।

# ऑफ द रिकॉर्ड : वैक्सीन के लिए भारत ने खोज तेज की

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से कोविड-19 के वैक्सीन के लिए एक स्पष्ट आह्वान करने के बाद, नौकरशाह अलर्ट हो गए हैं। डा. वी.के. पॉल की अगुवाई में प्रधानमंत्री का अपना कार्य बल एक्शन में आ गया और वैक्सीन की खरीद के लिए स्काऊटिंग शुरू कर दी। हालांकि इस वर्ष मार्च के प्रारंभ में वैक्सीन पर टास्क फोर्स का निर्माण किया गया था, लेकिन इसने वस्तुतः कोई प्रगति नहीं की। यद्यपि भारत अग्रणी दवा कंपनियों के लिए वैक्सीन का उत्पादन करने का वैश्विक केंद्र है, लेकिन उनसे बात करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। भारत में 7 अग्रणी वैक्सीन निर्माता हैं।

जो प्रति वर्ष 3 बिलियन खुराक का उत्पादन करने की क्षमता रखते हैं। कोरोना महामारी ने विश्व की 20 प्रतिशत आबादी को प्रभावित किया और न्यूनतम 5 प्रतिशत आबादी को वैक्सीन की जरूरत हो सकती है। इसके लिए विश्व स्तर पर भारी मांग है। वैश्विक दवा कंपनियों ने जल्द वैक्सीन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के बदले संयुक्त राज्य अमरीका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, जापान और स्विट्जरलैंड जैसे देशों से कम से कम 5 बिलियन डॉलर प्राप्त कर लिए हैं। इन कंपनियों ने अपना दाव खेला है। अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है कि क्या वैक्सीन सफल होंगे या नहीं, क्योंकि इनमें से अधिकांश चरण-1, चरण- 2 और चरण- 3 परीक्षण में हैं। वहीं दवा निर्माण में लगी 140 वैक्सीन कंपनियों में से केवल 7-8 ही मानव परीक्षण के विभिन्न चरणों में हैं। खुशी की बात यह है कि भारत की 4 वैक्सीन इसमें शामिल हैं। वे कोवैक्सीन (भारत बायोटैक-आई.सी.एम.आर.), जायडस सी.वी. (जायडस कैडिला), कोविड शील्ड (ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी-सीरम इंस्टीच्यूट, पुणे) और एक जॉनसन एंड जॉनसन के साथ हैदराबाद के ई-जैविक द्वारा निर्मित की जा रही हैं।

# दिल्ली-मुंबई से लेकर असम तक भारी बारिश के आसार, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी



**नेशनल डेस्क।**

देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई में पिछले एक घंटे से भारी बारिश हो रही है। वहीं भारतीय मौसम विभाग के क्षेत्रीय अनुमान केन्द्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने दिल्ली में भी आज मध्यम बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के दौरान गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ में मध्यम से भारी वर्षा के साथ एक-दो जगहों पर मूसलाधार बारिश संभव है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, तटीय कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, विदर्भ, मध्य महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, बिहार और शेष पूर्वोत्तर भारत में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगिट-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम मध्य प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल के पर्वतीय हिस्से, सिक्किम, असम, मेघालय, सौराष्ट्र, कच्छ, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और तटीय कर्नाटक के अलग अलग हिस्सों में बारिश होने के आसार हैं। उत्तराखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम, त्रिपुरा में कड़कती बिजली आंधी के साथ मध्यम बारिश हो सकती है। दक्षिण पश्चिम और उसे जुड़े पश्चिम मध्य अरब सागर में 50-60 प्रति घंटे की तेज गति के साथ हवा चल सकती है। दक्षिण गुजरात-महाराष्ट्र-गोवा तटों , पश्चिम बंगाल की खाड़ी के साथ ओडिशा-पश्चिम बंगाल-आंध्र प्रदेश के तटों पर 45-55 किमी प्रति घंटे की तेज गति के साथ हवा चलने का अनुमान है इसलिए मछुआरों को अगले 24 घंटों के दौरान इन समुद्री क्षेत्रों में काम नहीं करने की सलाह दी गयी है। बता दें कि गुरुवार को दिल्ली और गुड़गांव समेत देश के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ और उफनायी नदियों की बाढ़ से उत्तर प्रदेश के 16 जिलों के 870 से अधिक गांव प्रभावित हैं। बंगाल की खाड़ी में कम दबाव के क्षेत्र से हुई बारिश के बाद ओडिशा के कई स्थानों पर बिजली गुल हो गई और सड़क संपर्क टूट गया तथा निचले इलाकों में पानी भर गया। जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण कई जगह हुए भूस्खलन से 270 किलोमीटर लंबा जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित हो गया। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में गुरुवार को भी बारिश जारी रहने से कई इलाकों में और प्रमुख मार्गों पर जलभराव हुआ, जिससे सुबह-सुबह यातायात बाधित हुआ।

कई इलाकों में पेड़ों के गिरने और सम्पत्ति को नुकसान पहुंचने की भी खबर है।

## जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, हमारे संदेशों को कमजोरी के रूप में न देखे पाकः बिरला

**नयी दिल्ली ।** जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान से कहा कि नयी दिल्ली के संदेशों को च्कमजोरी के संकेतज् के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। इस्लामाबाद की निंदा करते हुए बिरला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान को अलग-थलन करना चाहिए क्योंकि इस देश के प्रधानमंत्री ने खतरनाक आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को अपनी संसद से च्शहीदज् करार देकर उसका महिमामंडन किया। सूत्रों के अनुसार बिरला की यह टिप्पणी संसद अध्यक्षों के विश्व सम्मेलन में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाने के बाद आया है। यह सम्मेलन ऑनलाइन आयोजित किया गया। भारत के जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए बिरला ने एक लिखित बयान में कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने अपनी जमीन पर 40,000 आतंकवादी की मौजूदगी को स्वीकार किया है। जम्मू-कश्मीर में 1964, 1971, 1999 (कारगिल) में पाकिस्तान की आक्रमकता, मुंबई हमले, संसद भवन पर हमला, उरी और पुलवामा हमला इस बात का सबूत है कि पड़ोसी देश आतंकवाद समर्थन की नीति रखता है। अध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तान की आतंकवाद को समर्थन देने की नीति इस बात से भी स्पष्ट है कि उसने हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। च्च् जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और भविष्य में भी बना रहेगाज् इसे रेखांकित करते हुए बिरला ने कहा कि ÷हम पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने की मांग करते हैं और हमारे संदेश को कमजोरी की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। इस दो दिवसीय सम्मेलन में बिरला भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थे।

**संक्षिप्त समाचार**



## महाराष्ट्र पुलिस पर कोरोना का कहर जारी, 24 घंटे में 303 जवान संक्रमित, अबतक 136 ने गंवाई जान

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस पर कोरोना वायरस का कहर निरंतर जारी है और पिछले 24 घंटों में 303 इससे संक्रमित हुए और पांच की इसने जान ले ली। महाराष्ट्र पुलिस के शुक्रवार को जारी आंकड़ो के अनुसार बल के अब तक कुल 13,180 कर्मी कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। इसमें 1387 अधिकारी और 11,793 सिपाही हैं। बल के कुल संक्रमितों में से 10,655 ने कोरोना को शिकस्त दे दी है। कोरोना को मात देने वालों में 1060 अधिकारी और 9595 कर्मी हैं। कुल सक्रिय 2389 मामलों में 313 अधिकारी और 2076 कर्मी हैं। बल के अब तक 136 कर्मियों की कोरोना से जान जा चुकी है जिसमें 14 अधिकारी और 122 पुरुषकर्मी शामिल हैं। वहीं बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने पृथक-वास संबंधी दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है और मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयास के तहत इस सप्ताह से 50 साल से अधिक उम्र के सभी कोविड-19 रोगियों के लिए संस्थागत पृथक-वास अनिवार्य कर दिया गया है। संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार 50 साल से अधिक उम्र के सभी कोविड-19 रोगियों को कोविड-19 देखरेख केंद्रों में रखा जाना चाहिए, चाहे उन्हें बीमारी के लक्षण हों या नहीं या फिर उन्हें पहले से कोई बीमारी हो या नहीं। बीएमसी ने संशोधित दिशा-निर्देशों में कहा है कि ऐसे रोगियों को गृह-पृथक-वास में नहीं रखा जाना चाहिए। नगर निकाय के अनुसार, यह निर्णय महानगर में कोविड-19 संबंधी मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से लिया गया है। एक विश्लेषण के अनुसार, 50 से 60 साल तक की उम्र के मरीजों में मृत्यु दर काफी अधिक है। दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि गृह-पृथक-वास में 50 साल से कम उम्र के केवल उन्हीं मरीजों को रखा जाना चाहिए जिनमें लक्षण या तो हल्के हों या फिर जिनमें बीमारी के कोई लक्षण न हों।

## शूटिंग स्टोनस और भूस्खलन के कारण जम्मू श्रीनगर नेशनल हाईवे दूसरे दिन भी बंद

**जम्मू।** शूटिंग स्टोनस, भारी बारिश और लैंडस्लाइड के कारण जम्मू श्रीनगर राजमार्ग दूसरे दिन भी बंद है। तीन सौ किलोमीटर लंबा राजमार्ग कश्मीर घााटी को पूरे देश से जोड़ने का एकमात्र साधन है। सड़क मार्ग पर जगह-जगह करीब सैंकड़ों वाहन फंसे हुये हैं। डीएसपी अजय आनंद के अनुसार रामबन और बनिहाल के बीच का जो सड़क मार्ग है वो पूरी तरह से बाधित है। उन्होंने बताया कि शेरबीबी, मूमपस्सी, रामसू, पंतियाल, डिगडोल, बैटरी चश्मा, मोंकी मोड़, मरूग, केला मोड़, त्रिशूल मोड़ और चन्द्रकोट आदि क्षेत्रों में जगह-जगह पस्सियां गिरी हैं। करीब 150 वाहनों को वीरवार को किसी तरह से निकाला गया था पर अभी वाहन इन जगहों पर फंस गये हैं।

## सडक़ हादसे में पुलिस हेडकांस्टेबल की मौत

**साम्बा ।** बड़ी-ब्राहमणा के सरोर अड्डा इलाके में वीरवार को हुए एक सडक़ हादसे में एक पुलिस हेडकांस्टेबल की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पुलिस कर्मी (आईआरपी) की पहचान विनोद कुमार खजूरिया (53) पुत्र जयराम खजूरिया के रूप में की गई है जो मूलत~ जिला राजौरी के छन्नी परात (सुंदरबनी) का रहने वाला था और इस समय जम्मू के शास्त्रीनगर इलाके में किराए के मकान में रह रहा था बताया गया है कि कठुआ में तैनात यह पुलिस कर्मी अपनी स्कूटी (जेके11बी-2306) से दोपहर बाद घर वापस लौट रहा था कि सरोर अड्डा इलाके में एक ट्रक (जेके13एफ-3191) ने इसे टक्कर मार दी जिससे इसकी मौके पर ही मौत होगई। खबर मिलते ही बड़ी-ब्राहमणा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जीएमसी जम्मू पहुंचाया। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मृतक अपने पीछे पत्नी व दो बेटियाँ छोड़ गया है।

## राम मंदिर में पत्थरों को जोड़ने के लिये लगेंगे तांबे के प्लेट

**अयोध्या।** अयोध्या में बनने जा रहे राम मंदिर में लगने वाले पत्थरों को जोड़ने के लिये तांबे के प्लेट का इस्तेमाल किया जायेगा। इसके लिये 18 ईंच लंबे,तीन मिलीमीटर गहरे और तीस मिलीमीटर चौड़े दस हजार प्लेट की आवश्यकता होगी। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम भक्तों का आहवान किया है कि वो प्लेट दान करें। तांबे के प्लेट पर दानकर्ता अपने परिवार, क्षेत्र अथवा मंदिरों के नाम गुदवा सकते हैं। इस प्रकार ये तांबे के प्लेट न केवल देश की एकात्मता का अभूतपूर्व उदाहरण बनेगें बल्कि मंदिर निर्माण में सम्पूर्ण राष्ट्र के योगदान का प्रमाण भी देंगे। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि मंदिर का निर्माण कार्य तीन साल में पूरा हो जाने की उम्मीद है । मंदिर का निर्माण भारत की प्राचीन निर्माण पद्धति से किया जायेगा और इसमें लोहे का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं होगा। मंदिर की आयु हजारों साल की होगी और इस पर भूकंप या अन्य दैवीय आपदा का कोई असर नहीं होगा।

## तेलंगाना के हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर स्टेशन में लगी भयंकर आग, कई लोग लापता

**नेशनल डेस्क।** तेलंगाना के नगरकर्नूल में हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर स्टेशन में आग लगने की घटना सामने आई है। घटनास्थल पर करीब 17 लोग मौजूद थे, जिनमें से 10 को बचा लिया गया है बाकी की तलाश जारी है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट मामना जा रहा है। मौके पर पहुंची हष्ठक्रस्न की टीम आग बुझाने और अंदर फंसे लोगों को निकालने में जुटी हुई है। बचाव दल का कहना है कि सुरंग में धुआं और बिजली कट जाने से लोगों को बाहर निकालने में काफी परेशानी हो रही है। पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मी आग लगने वाली जगह पर जाने के कोशिश कर रहे हैं। ऊर्जा मंत्री एम जगदीश्वर रेड्डी के अनुसार आग करीब साढ़े दस बजे लगी, जिससे वहां अफरा तफरी मच गई। फायर फाइटर्स ने लोगों को बचाने के लिए सुरंग की दीवार तोड़ी। तेलंगाना स्टेट जेनरेटर के इंजीनियर अपना रुटीन काम कर रहे थे जिस दौरान ये हादसा हुआ, मौके पर मौजूद ड्यूटी ऑफिसर ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन लाइट जाने से वह इसमें विफल साबित हुआ। रेड्डी ने बताया कि कर्मचारी खुद को बचाने के लिए बाहर भागे लेकिन कुछ अंदर ही फंस गए। पूरे पावर स्टेशन बता दें कि श्रीशैलम लेफ्ट बैंक हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य के बॉर्डर पर स्थित है।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर, सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

## दलित परिवार पर दबंगों का अत्याचार सहन दरवाजे पर लगा दिया घूरा खंभा गाड़ कर रोका रास्ता

रायबरेली अब आत्मदाह के अलावा कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा ना घर में रहने पा रहा हूं ना चैन से रहने दिया जा रहा है अधिकारी फरियाद नहीं सुन रहे हैं प्रार्थना पत्र देता हूं कोई कार्रवाई व जांच नहीं होती थाना और तहसील सब दबंगों का साथ दे रहे हैं दबंगों की दबंगई व अत्याचार से जिंदगी तंग आ गई है जान देने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है यह दर्द भरी दास्तां है शिव कुमार पुत्र पुल्लू पासी की शिवकुमार तहसील सलोन के रेव हारा गांव का निवासी है शिव कुमार का कहना है कि उसके सहन दरवाजे पर गांव के ही दबंग किस्म के लोग ने घूरा लगाकर गा.



बर डाल रहे हैं गोबर की दुर्गंध परिवार का जीना दुश्वार हो रहा है सीमेंट का खंभा गाड़ कर घर जाने का रास्ता बंद कर दिया है विरोध जताने पर मारपीट दौड़ते हैं जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गंदी गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हैं मुख्यमंत्री से लेकर डीएम एसपी तक शिकायत की लेकिन अभी तक इन दबंगो की जांच करने मौके पर कोई नहीं पहुंचा सी ओ सलोन द्वारा पीड़ित को दफ्तर बुलाया गया बयान लिया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई ना मेरी शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई कहीं से न्याय न मिलने पर आत्म ग्लानि हो रही है हमारा पूरा परिवार डरा सहमा और सशंकित है लेखपाल और स्थ. ानीय पुलिस भी दबंगो की हां में हां मिलाती जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है पीड़ित शिवकुमार ने जिलाधिकारी से एक बार भी न्याय की गुहार लगाई है

## सरकार की छवि धूमिल करने में लगी है सरेनी पुलिस

सरेनी रायबरेली दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले को लेकर थाने पहुंचे युवा मोर्चा के महामंत्री विवेक पांडेय के साथ थाना अध्यक्ष ने किया गाली गलौज जिसके बाद शिवतोष मिश्रा की अगुवाई में युवा मोर्चा के गुस्साए युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया।पुलिस प्रशाशन मुर्दाबाद के नारे लगाए।

मामला रायबरेली जनपद के सरेनी थाने का है जहाँ रामदुलारी नामक पीड़िता जिसका उसके गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हो गया था।और उसी विवाद में पीड़िता के सर में गम्भीर चोंटे भी आई।पीड़िता के पक्ष से विवेक पांडेय जो युवा मोर्चा के महा मंत्री हैं थाने पहुचे और ज्यों ही पीड़िता के पक्ष से बात रखने का प्रयास किया त्यों ही थाना अध्यक्ष ने मां बहन की गाली दी और थाने से भाग जाने को कहा।ततपश्चात इस मामले की जानकारी विवेक पांडेय ने अपने मण्डल अध्यक्ष शिवतोष मिश्रा को फोन पर दी तो देखते ही देखते काफी संख्या में लोग तत्काल थाने पहुँचे और विरोध जताया।



वहीं पीड़िता रामदुलारी का कहना है कि मुझे रात भर थाने में बिठा कर रखा परन्तु मेरा मेडिकल तक नहीं कराया।

पत्रकारों से बात चीत करते हुए मण्डल अध्यक्ष शिवतोष मिश्रा ने कहा कि हम अपने किसी भी कार्यकर्ता का अपमान बर्दास्त नहीं करेंगे।हमारी ही सरकार में हमारे कार्यकर्ताओं को मां बहन की गाली दी जा रही है।

युवा मण्डल अध्यक्ष ने बताया कि सरेनी विधायक श्री धीरेंद्र बह. ादुर सिंह जी ने आश्वाशन दिया है कि शीघ्र ही मैं थाना अध्यक्ष से सम्पर्क करूँगा।

विधायक जी के आश्वाशन पर सभी युवाओं ने विरोध स्थगित कर दिया।इस मौके पर अनुज शुक्ला खण्ड कार्यवाह आर एस एस, गोपाल बाजपेई,पप्पू मिश्रा सेक्टर अध्यक्ष बीजेपी,अमन अवस्थी बज. रंग दल संयोजक,सोनू तिवारी मण्डल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा बीजेपी सहित लगभग दर्जन भर लोग उपस्थित रहे।

## सार–समाचार

### मेरठ में एसटीएफ ने छापा मारकर 35 करोड़ की किताबें बरामद की

मेरठ (एजेसी)। उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने शुक्रवार को छापेमार कार्रवाई करते हुए 35 करोड़ रुपए की किताबें बरामद की हैं। एसटीएफ ने लगभग 35 करोड़ की एनसीईआरटी की किताबें और छह प्रिंटिंग मशीनें बरामद की हैं। ये किताबें दिल्ली सहित देश के अन्य हिस्सों में भेजी जाती थी। एसएसपी अजय साहनी ने बताया कि मेरठ जनपद में एसटीएफ और पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए थाना परतापुर क्षेत्र में एक गोदाम में छापा मारा। सुशांत सिटी के रहने वाले सचिन का गगोल रोड पर किताबों का गोदाम है। यहां अवैध तरीके से एनसीईआरटी की किताबें प्रिंटिंग कर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली और आसपास के राज्यों में सप्लाई की जाती थी।

### पीएम स्वनिधि योजना का शुभारंभ

हाथरस (एजेसी)। पालिका अध्यक्ष पं. आशीश षर्मा द्वारा पालिका परिशद के प्रांगण में पी.एम. स्वनिधि योजना का आरम्भ किया गया। जिसके उपरांत मौके पर आवेदनकर्ताओं को इस योजना के सम्बंध में पूर्ण जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष द्वारा सभी आवेदनकर्ताओं से कहा गया कि इस योजना के लाभ हेतु 50 रूपये आवेदन षुल्क जमा करना होगा। इस आवेदन षुल्क में इसके अतिरिक्त अन्य कोई धनराषि नहीं है, यदि कोई दलाल आपसे 50 रूपये के अतिरिक्त धनराषि की मॉग करता है तो वह झूठा है। पालिका परिशद द्वारा यह योजना चलायी जा रही है और इसके अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति को धनराषि देने की आवष्यकता नहीं हैं। पालिका अध्यक्ष द्वारा यह भी बताया गया कि यह योजना प्रतिदिन चलती रहेगी व षनिवार और रविवार को भी लाभार्थी इस योजना हेतु आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के लाभ हेतु लाभार्थी को अपना आधार कार्ड, पास बुक व एक फोटो लेकर आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर पालिका परिशद के अध्यक्ष के साथ पालिका परिशद के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### बारिश से गिरा पेड़,मेन रोड बाधित

उन्नाव ब्यूरो :प्रकाश शुक्ला लालकुआ भोजपुर रोड़ में दौदापुर के पास बीच रोड़ में बारिश के कारण पेड़ गिर गया,पेड़ गिरने के कारण बिजली के तार भी टूट गए जिससे आवागमन में बाधित हो गया तथा रोड दोनों तरफ से जाम हो गया।



### ट्रैफिक पुलिस की बेशर्मी ने ली दो लोगो की जान।

वसूली में मस्त ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को जाम लगने से नही है कोई मतलब। जल्दी निकलने की होड़ में तेज रफ़्तार ट्रक ने दो को रौंदा। चकेरी थाने के सामने एक बार फिर दिखा रफ्तार का कहर। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर। बाइक सवार दो लोगों की हुई मौक़े पर मौत। चकेरी थाना क्षेत्र के रामादेवी चौराहे की घटना।




### नवाबगंज में हुआ भीसङ सङक हादसा




उन्नाव ब्यूरोःप्रकाश शुक्ला

नवाबगंज थाना क्षेत्र में लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर नवाबगंज चौकी के पास हुआ भीषण हादसा,तेज रफ़्तार बस ट्रक में पीछे से जा घुसी,बस लखीमपुर खीरी से कानपुर जा रही थी।सूचना मिलने तक एक दर्जन से अधिक लोग घायल होने सम्भावना बताई जा रही है।

अजगैन थाना प्रभारी व चौकी इंचार्ज नवाबगंज जितेन्द्र यादव मौके पर मौजूद रहे।दुर्घटना के कारण राजमार्ग पर जाम लग गया।पुलिस ने मौके पर पहुंच कर यातायात को चालू कराया।



कानपुर–बर्रा में हुए संजीत अपहरण कांड में संजीत की हत्या कर देने के बाद जहाँ संजीत के शव को फेका गया था वह मौके पर कई टीमें कर रही जांच पड़ताल व हो रही खुदाई बर्रा पुलिस मौके पर

## प्रधानमंत्री जनकल्याण योजना प्रचार–प्रसार अभियान का किया गया विस्तार

रायबरेली. हरचंदपुर के गुल्ल. ूपुर गांव में प्रधानमंत्री जनकल्याण योजना प्रचार–प्रसार अभियान के प्रमुख जिलाध्यक्ष श्री कर्मवीर सिंह व युवा प्रभाग के जिलाध्यक्ष श्री सत्येंन्द्र सिंह मोनू सिंह भदौरिया की अगुवाई में पार्टी विस्तार प्रकि्या कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया ! इस मौके पर संगठन के जिला महामंत्री व व्यापार संघ के प्रदेश मंत्री श्री सोनू वर्मा जी ने प्रधानमंत्री जी की योजनाओ के बारे मे लोगो को जानकारी दी ! जिला महामंत्री कुंवर जयदीप सिंह जी ने पार्टी की विस्तार प्रक्रिया पर लोगो को जानकारी प्रदान की ! कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक श्री राशिद खान जी, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राजन , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री नीरज बाजपेई जी विध् ाानसभा प्रभारी श्री विष्णुपद सिंह जी , कार्यक्रम के संचालक सौरभ सिंह जी , जिला मंत्री श्री मनोज



## डीएम साहब कब लगेगा बिजली विभाग की अंधेर गर्दी पर अंकुश

रायबरेली ना कोई गाइडला. इन ना कोई मानक जहां जरूरत है वहां लाइन नहीं बनी पैसा लेकर आबादी के बाहर नई विद्युत लाइन बना दी गई एल एन टी विभाग द्वारा मनमानी रवैया अपनाकर किए गए कार्य को लेकर गांव में जबरदस्त आक्रोश बना हुआ है

जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में यह बात जगतपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत उमरी के ग्राम प्रधान प्रवीण कुमार ने कही है उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा मेरी ग्राम पंचायत उमरी में बगैर मेरी जानकारी के रात के अंधेरे विद्युत पोल गाड़ कर विद्युत लाइनें बनाई गई है ग्रामीणों द्वारा यह भी शिकायत की गई थी जिसने पैसा दिया वहां लाइन बना दी गई जहां से पैसा नहीं मिला वह चिल्ला ता रहा लाइन नहीं बनाई गई जिसकी शिकायत पूर्व में अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को दी जा चुकी है शिकायत पत्र में यह




कहा गया कि एल एन टी विभाग के बेलगाम कर्मचारियों ने बस्ती से बाहर एक निजी नलकूप के लिए नई लाइन बना दी है जबकि वहां पहले से विद्युत लाइन बनी है ग्राम प्रधान ने शिकायत दर्ज कराई कि ग्राम पंचायत उमरी के अंतर्गत आने वाले नया पुरवा में रह रहे पाल विरादरी के लोगों के मकान के ऊपर से गुजरने वाली 33 हजार की जर्जर विद्युत लाइन लोगों के लिए मुसीबत बनी है

जिससे कई बार गंभीर हादसे हो चुके हैं अभी तक ना लाइन के तार बदले गए ना लाइन हटाई गई । ग्राम प्रधान ने इन सभी प्रकरण ों की जांच कराने की मांग की है

## सई नदी का जल स्तर बढ़ने से डूबी किसानों की सैकड़ो बीघे धान की फसल

उन्नाव ब्यूरो :प्रकाश शुक्ला

हसनगंज उन्नाव बरसात में जलस्तर सई नदी का बढ जाने से आस पास के एक दर्जन से अध् ाक किसानों की एक सैकड़ा बीघा धान की फसल जलमग्न हो गई

हसनगंज ब्लाक क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गाँव रसूल पुर बकिया , अहमदपुर टकटौली , फकरूकदीन पुर , बिचपरी नींदेमऊ , हसनगंज मोहान भोगला आदमपुर बरेठी सई नदी के किनारे बसे गाँव के किसानों की धान की फसल जलस्तर बढ़ने से जलमग्न हो गई किसानों में नरेश रावत , अभिलाष तिवारी , जगदेई , भगवती प्रसाद ,संगीता , जगन्नाथ , सूरज , राम भजन आदि किसानों ने बताया कि इस बार धान की फसल बहुत ही अच्छी थी लेकिन अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से ध् ाान की लहराती फसल जल मग्न हो गई जल स्तर लगातार बढ़ रहा है लेकिन क्षेत्रीय लेकपाल फसल का नुकसान का आकलन करना मुनासिब नही समझ रहे है



## कोविड बुलेटिन

लखीमपुर खीरी 21 अगस्त 2020।' विगत 24 घंटे में ( सायं 5:00 बजे तक) कुल 155 रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जिसमें 07 (आरटी पीसीआर)लैब से पॉजीटिव रिपोर्ट एवं 148 नेगेटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इसी के साथ 41 ( 04 अन्य लैब एवं 37 एंटीजन) पॉजिटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई है। अतः इस प्रकार कुल आज 48 पॉजिटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई है। वही दो संक्रमितो की केजीएमयू लखनऊ में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

| | | |
|---|---|---|
| **तहसील सदर : 28** | ऑफिसर्स कॉलोनी–02 | जट पुरवा–01 |
| अमर विहार कॉलोनी–01 | महाराज नगर–01 | **तहसील मोहम्मदी :05** |
| बजाज चीनी मिल | मोतीपुर–01 | शाहपुरा जागीर–01 |
| खंभारखेड़ा–01 | एसएसबी कैंप मजरा फार्म–01 | बाजार गंज हजारा सिंह |
| देउवापुर मीरपुर–01 | उदयपुर महेवा–01 | चौराहा–01 |
| बरखेरवा–01 | एसएसबी कैंप गढ़ी रोड–01 | पूर्वी लखपेड़ा–03 |
| शांति नगर–01 | पुलिस लाइन–01 | **तहसील मितौली : 01** |
| अर्जुन पुरवा–03 | अयोध्यापुरी–01 | मितौली कस्बा–01 |
| सकेथू–01 | टीचर्स कॉलोनी ओयल–04 | तहसील पलिया : 02 |
| हाथीपुर उत्तरी–01 | साड़ीनामा–01 | भीरा : 01 ( पुलिस कर्मी) |
| हाथीपुर कोठार–01 | भीखमपुर सुंदरवल–01 | बड़ागांव–01 |
| हाथीपुर–01 | **तहसील धौरहरा : 08** | |
| काशी नगर–01 | पहाड़ियापुर–07 | |

वही चार संक्रमित की ट्रेसिंग चल रही है। अतः इस प्रकार जनपद में अब तक कुल 1530 पॉजिटिव केस मिले, जिनमें उपचार उपरांत 878 पॉजिटिव व्यक्ति पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर डिस्चार्ज कर दिए गए। वर्तमान में जनपद में कुल 631 एक्टिव पॉजिटिव केस है। वहीं अब तक 21 संक्रमित की मृत्यु हो चुकी है।

## दुर्घटना में बेहोस हुये आदमी से पौने दो लाख की लूट'

**घाटमपुर रिपोर्ट :नारायण मिश्रा**

भीतरगांव(घाटमपुर)साढ़ थाना क्षेत के भीतरगांव स्थित स्टेट बैंक से पैसे निकाल कर घर लौट रहे सफाई कर्मी के साथ दिनदहाड़े लूट हो गयी जिसकी तहरीर साढ़ थाने में होश आने पर पीड़ित द्व ारा दी गयी।

उमरा रसूलपुर निवासी अशोक विश्वकर्मा पुत्र मुन्नालाल ने तहरीर देते हुए बताया कि वह भीतरगांव कस्बे की स्टेट बैंक शाखा से 175000 रुपये निकालकर वापस घर लौट रहा था तभी गंभीरपुर गांव के पास पीछे से आ रही बाइक ने यकायक तेज टक्कर मार दी जिससे वह गिर गया और बेहोश हो गया तभी किसी ने मेरी जेब मे पड़े 175000 रुपये निकाल लिए ।

जब पीड़ित को भीतरगांव सीएचसी में होश आया तो उसकी जेब से रुपये गायब थे।पीड़ित ने थाना साढ़ में लिखित सूचना दी।

वही थानाध्यक्ष साढ़ प्रयागनारायन बाजपेयी ने बताया कि पीड़ित की बातों से मामला संदिग्ध लग रहा है फिर भी लगाए गए आरोपो की जांच की जा रही है।

सत्यता पाए जाने पर दोषी लोगो के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## डीएम–एसपी ने जाना तहसील पलिया के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का सूरत ए हाल

लखीमपुर खीरी 21 अगस्त 2020। शुक्रवार को जिला अध् ाकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने पु. लिस अधीक्षक सत्येंद्र कुमार के साथ तहसील पलिया के बाढ़

### समीपवर्ती दोनों परियोजनाओं को जोड़ने की परियोजना बनाने पर विचार करें बाढ़ खंड : डीएम

प्रभावित इलाकों का जायजा लेने हेतु जंगल नंबर सात पहुंचे। जहां उन्होंने स्थितियों का जायजा लिया और संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान डीएम ने तात्का. लिकता को देखते हुए बाढ़ खंड द्वारा कराये जा रहे कटान निरोध ाक कार्यों को बारीकी से देखा और निर्देश दिए कि युद्ध स्तर काम करते हुए समीपवर्ती गांव को बाढ़ एवं कटान की समस्या से बचाया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि यहां पर भविष्य में एक ऐसी परियोजना बनाने पर विचार करें कि समीपवर्ती परियोजना से इस परियोजना को जोड़ा जा सके। जिससे इस क्षेत्र में बाढ़ एवं कटान से निजात मिल सकेगी।

निरीक्षण के दौरान फ्लड

### बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध : डीएम

डिवीजन द्वारा युद्ध स्तर पर कटाव निरोधक कार्य किया जा रहा था। वही डीएम के सम्मुख मौजूद ग्र. ामीणों ने बताया कि कटाव निरोध ाक कार्य से ही निकटवर्ती गांव सुरक्षित हो पाए है।



### जंगल नंबर सात पहुंचे डीएम–एसपी, ग्रामीणों से बातकर जानी समस्याएं,

इस दौरान डीएम–एसपी ने मौजूद ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण हेतु मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी पलिया पूजा यादव को निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि बाढ़ एवं कटान पीड़ितों की हर संभव मदद के लिए शासन पूरी तरह से प्रतिबंध है।

इस दौरान उपजिलाधिकारी पलिया श्रीमती पूजा यादव, अध् ाशासी अभियंता बाढ़ खंड राजीव कुमार, एसओ भीरा अजय राय सहित राजस्व एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।